

अब हर रोज दर्पण ⏩ 3

जबलपुर शुक्रवार 14 अगस्त 2026 > शक संवत 1948, श्रावण शुक्ल पक्ष द्वितीया

वर्ष 32 अंक 48 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com


# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

मौसम
अधिकतम तापमान 31.0°C
न्यूनतम तापमान 24.8°C
सूर्योदय - 5.47 | सूर्यास्त - 6.43




कांग्रेस का दावा- 19 बच्चों की मौत, स्वास्थ्य ... ⏩ 4


संदीपा धर ने श्रीनगर के शंकराचार्य मंदिर ... ⏩ 7


जेपीवी डीएवी विद्यालय में विद्यार्थी परिषद ... ⏩ 9


# लोकसभा 1 मिनट-राज्यसभा 1 घंटे चली, संसद सत्र खत्म

## मोदी-शाह और राहुल सदन में मौजूद रहे

नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 1 मिनट चली, जबकि राज्यसभा करीब 1 घंटे चली। लोकसभा में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पूरी कैबिनेट और विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद रहे। स्पीकर ओम बिड़ला ने वंदे मातरम गान के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। वहीं, राज्यसभा में आखिरी दिन एमएमडीआर संशोधन बिल पास हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हल्द्वानी में उनके कार्यक्रम के बाद हुए शुद्धिकरण का मुद्दा उठाया। इधर, विपक्षी सांसद संसद के बाहर बंदर का खिलोना लेकर पहुंचे और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। लोकसभा की मानसून सत्र की आखिरी बैठक गुरुवार को पहली बार वंदे मातरम





से शुरू हुई। इस दौरान पीएम मोदी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत पूरा सदन मौजूद था। राष्ट्रगीत के छह अंतरे बजाए गए। लोकसभा की कार्यवाही के बाद स्पीकर ओम बिरला ने चाय पार्टी दी। इसका विपक्ष ने बहिष्कार किया। प्रियंका गांधी ने कहा, 'गृह मंत्री आज आए, लेकिन सिर्फ वंदे मातरम गाने। पूरा सत्र बीत गया, लेकिन न तो प्रधानमंत्री और न ही गृह मंत्री सदन में उपस्थित रहे। ऐसे में ये लोकतंत्र और संसद कैसे चल सकती है?

### लोकसभा में 114 घंटे में से 96 घंटे काम नहीं हुआ

मानसून सत्र में लोकसभा की 19 बैठकें हुईं। सदन की सामान्य बैठक सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक होती है। दोपहर 1 से 2 बजे तक लंच ब्रेक रहता है। यानी एक दिन में करीब 6 घंटे कार्यवाही का समय होता है। इस हिसाब से 19 बैठकों में करीब 114 घंटे कार्यवाही होनी थी, लेकिन यह करीब 17 घंटे 30 मिनट ही चली। यानी करीब 96 घंटे 30 मिनट कम कार्यवाही हुई। वहीं, 2025 का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त 2025 तक चला था। इसमें लोकसभा और राज्यसभा की 21-21 बैठकें हुईं। लोकसभा में सिर्फ 37 घंटे काम हुआ था।

### राज्यसभा में 76 घंटे 34 मिनट काम नहीं हुआ

मानसून सत्र में राज्यसभा की बैठकें भी लोकसभा के बराबर रहीं और 114 घंटे कार्यवाही होनी थी, लेकिन राज्यसभा में लगभग 37 घंटे 24 मिनट काम हुआ। यानी करीब 76 घंटे 36 मिनट कम कार्यवाही हुई। 2026 के मानसून सत्र में कुल 12 नए बिल पेश किए गए। इनमें 10 लोकसभा और 2 राज्यसभा में पेश हुए। लोकसभा में आए बिल टैक्स, बैंकिंग, खनन, ट्रिब्यूनल, जन्म-मृत्यु पंजीकरण, परीक्षा में नकल रोकने, केरल का नाम बदलने और सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या जैसे मुद्दों से जुड़े हैं। माइंस एंड मिनरल्स संशोधन बिल के राज्यसभा से पास होने के बाद अब 12 में से 11 बिल दोनों सदनों से पास हो चुके हैं।

## एअर इंडिया पायलट्स का अब रोज ड्रग टेस्ट होगा

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के सभी पायलटों की अब रोज जांच होगी कि उन्होंने प्रतिबंधित दवाओं या नशीले पदार्थों का नशा तो नहीं किया है। सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। यह टेस्ट आज से अनिवार्य कर दिया गया है। दोनों एयरलाइंस में 5 हजार से ज्यादा पायलट हैं। पिछले हफ्ते फुकेट-दिल्ली फ्लाइट के एक पायलट का ड्रग टेस्ट पॉजिटिव आने के बाद यह फैसला लिया गया। दरअसल, इस फ्लाइट के भुवनेश्वर से गुजरते समय अचानक टर्बुलेंस जैसे हालात बने और यह करीब 300 फीट नीचे आ गई थी।

## डायन बताकर हत्या जैसी कुप्रथाएं रहीं तो लोकतंत्र नहीं टिकेगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डायन बताकर हिंसा जैसी कुप्रथाएं कानून के राज और संवैधानिक नैतिकता से बचती रहेंगी तो संवैधानिक लोकतंत्र नहीं टिक सकता। कोर्ट ने ओडिशा में 1998 में एक महिला को डायन बताकर घर से बाहर खींचने और पीटने वाले व्यक्ति की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी। इस हमले में महिला की मौत हो गई थी। आरोपी ने एक अन्य आरोपी के साथ मिलकर महिला पर हमला किया था।

## नांदेड़ में सुखबीर बादल पर हमला

**मुंबई।** शिरोमणि अकाली दल प्रमुख और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर गुरुवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ स्थित गुरुद्वारे में हमला किया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक निहंग ने धारदार हथियार से उन पर हमला किया, जिसमें उनके हाथ में चोट आई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हमले की जानकारी मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुखबीर बादल के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने उनकी पत्नी एवं सांसद हरसिमरत कौर बादल से फोन पर बातचीत कर सुखबीर बादल का हाल जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस प्रशासन को घटना की गहन जांच करने और सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक की पड़ताल करने के निर्देश दिए गए हैं।

# लोकतंत्र को सशक्त बनाएं युवा : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने संसद यूथ पार्लियामेंट 2026 को किया संबोधित

भोपाल(स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश के युवाओं को राजनीति में आकर अपनी सक्रिय भागीदारी करनी होगी। युवा, डॉक्टर-इंजीनियर बनने के साथ ही राजनीति में आकर लोकतंत्र को सशक्त बनाएं। देश की आजादी के लिए अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आईसीएस की परीक्षा पास करने के बाद नौकरी ठुकराकर अंग्रेजों को करारा जवाब दिया था। वे देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए स्वाधीनता के आंदोलन में कूद पड़े। देश के युवाओं को लोकतंत्र, संसदीय परम्परा और नीति निर्माण से जोड़ने की यह पहल अनुकरणीय है। देश का युवा भारत के भविष्य के लिए मंथन करने बैठा है। यह एक सुखद अनुभूति है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को विधानसभा भवन स्थित विधान परिषद में आयोजित संसद यूथ पार्लियामेंट 2026 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर तथा दिलीप बिल्डकॉन के सीएमडी दिलीप सूर्यवंशी ने संसद यूथ पार्लियामेंट 2026 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में देशभर से युवा प्रतिभागी संसदीय कार्यप्रणाली, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर संसदीय शैली में विचार-विमर्श करेंगे। यह कार्यक्रम साकार दृष्टि सोशल फाउंडेशन और कैलिडोहोप नागपुर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथिगण का अंगवस्त्रम और प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिवादन किया गया।




### समान नागरिक संहिता के लिए सुझाव लिए गए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अनेकता में एकता, सबका साथ सबका विकास सबके विश्वास और सबके प्रयास एवं जियो और जीने दो के भाव से आगे बढ़ रहा है। यह केवल शब्दों से नहीं हो सकता है। इसे धरातल पर उतारने के लिए संकल्प शक्ति की आवश्यकता है। हमारे लिए रामचंद्र और रहीम के लिए अधिकार समान है। मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लिए व्यापक स्तर पर सुझाव लिए।

### औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से रोजगार के अवसर

दिलीप बिल्डकॉन के सीएमडी श्री दिलीप सूर्यवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में भारी उद्योगों के साथ-साथ छोटी औद्योगिक ईकाइयों को भी अच्छा निवेश मिल रहा है। इन प्रयासों से रोजगार के अवसर भी बड़े पैमाने पर सृजित होंगे। श्री सूर्यवंशी ने संसद यूथ पार्लियामेंट 2.0 के माध्यम से युवाओं द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को सेवा और समर्पण के भाव से देश और समाज के लिए कार्य करना होगा।

### मुख्यमंत्री की नीतियों की युवाओं ने की सराहना

युवा सांसद की भूमिका में आरब सिंह शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव चाहते हैं कि हमारे युवा नौकरी पाने वाले नहीं, रोजगार प्रदाता बनें। मध्यप्रदेश सरकार ने खेल एवं युवाओं के कल्याण के लिए विशेष रूप से प्रयास कर रही है। प्रदेश में 274 सांदीपनि विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, अभी 200 सांदीपनि विद्यालय और बनाए जाने हैं। विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश के लिए शिक्षित युवाओं का होना जरूरी है।

### सनातन संस्कृति में मातृसत्ता को सर्वोपरि रखा गया है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का दिल है और भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। संसद यूथ पार्लियामेंट 2026 के आयोजन में 12 राज्य और 58 नगरों के युवाओं ने हिस्सा लिया है। सदन कल्याणकारी नीतियों का निर्माण करने वाला पवित्र स्थान है। इस युवा संसद में बेटियों की सक्रिय भागीदारी महिला सशक्तिकरण का प्रभावी उदाहरण है। सनातन संस्कृति में मातृसत्ता को सर्वोपरि रखा गया है। हमारी संस्कृति में वसुधैब कुटुम्बकम का भाव समाहित है।

### युवा संसद का आयोजन लघु भारत की तरह है

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश भारत का हृदय प्रदेश होने के साथ सभी विधाओं और संपन्नताओं से समृद्ध है। मध्यप्रदेश देश को नेतृत्व देने के लिए संस्कारधानी के रूप में भी जाना जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश को आगे बढ़ाने में प्राण-प्रण से जुटे हैं। आज विधान परिषद में युवा संसद का आयोजन लघु भारत की तरह है। युवा अवस्था में व्यक्ति स्वयं के विकास और भारत के भविष्य का निर्धारण करने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकता है। आदिगुरु शंकराचार्य ने युवा अवस्था में देश को एकसूत्र में पिरोने के लिए यात्रा की और सनातन मठों की स्थापना की। आजादी के लिए पहली क्रांति 1857 में हुई, जिसका नेतृत्व भी युवाओं ने किया था। चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, अशफाक उल्लाह खां, पं. रामप्रसाद बिस्मिल जैसे अनेक क्रांतिकारियों ने युवा अवस्था में ही भारत को आजादी दिलवाने के लिए संघर्ष किया।




# देश में लोगों को बोलने से रोका जा रहा : राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार लोगों को अपनी बात रखने से रोक रही है। सरकार व्यवस्था लागू करना चाहती है, जबकि कांग्रेस का काम भारत को अपनी बात कहने का मौका देना है। दिल्ली में हो रहे कांग्रेस का 'रचनात्मक कांग्रेस प्रकोष्ठ' के अधिवेशन में राहुल ने कहा कि जंतर-मंतर पर छात्र अपनी बात रखना चाहते थे। छात्र परेशान थे और अपनी पीड़ा व्यक्त करना चाहते थे, लेकिन सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। सरकार को समझ आ गया है कि लोग अब चुप नहीं रहेंगे। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी कोशिशें सरकार को परेशान कर सकती हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी रात में सो नहीं पाते। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को कभी चाणक्य और सरदार पटेल जैसे नामों से जोड़ा जाता था, लेकिन अब वह संसद में प्रवेश तक नहीं कर पाए। ऐसा इसलिए है क्योंकि पहली बार उन्हें भारत की आवाज और उसकी अभिव्यक्ति का सामना करना पड़ रहा है। भारत में बहुत से लोग कायरों जैसा व्यवहार कर रहे हैं। अगर आप ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ रहे हों और डर लगने की बात कहें तो समझ में आती है, लेकिन आज आप उन मसखरों और जोकरों से लड़ रहे हैं, जिन्हें हमारे दर्शन या इतिहास का कोई ज्ञान नहीं है। यदि किसी दिन आरएसएस की अभिव्यक्ति को खत्म करने की बात होगी तो वह उसकी भी रक्षा करेंगे। रचनात्मक कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन 12 अगस्त को नई दिल्ली के इंदिरा भवन में शुरू हुआ था। इसमें सामाजिक संगठनों, कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, अकादमिक जगत, कलाकारों, समुदाय प्रतिनिधियों और नागरिक समाज से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। पहले दिन अर्थव्यवस्था, रोजगार, गरीबी और असमानता, पर्यावरण, विकास, विस्थापन, प्रदूषण, शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय, अधिकार, संस्कृति और शोध जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद थे।

**हमारा काम आवाज बुलंद करना, सरकार को समझ आ गया कि लोग अब चुप नहीं रहेंगे**

# काशी में घाट डूबे, देहरादून-टिहरी में लैंडस्लाइड

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने से 20 राज्यों में अच्छी बारिश हुई। अगले 4 दिनों तक मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत 15 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। उत्तर प्रदेश के बनारस में घाटों की सीढ़ियों तक पानी पहुंच गया है। हरिश्चंद्र घाट पर शवदाह स्थल डूब गया है। घाट की ऊपरी सीढ़ियों पर चिताएं जलाई जा रही हैं। लोगों को 2 से 3 घंटे तक शव का अंतिम संस्कार कराने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। उन्नाव मे सड़क पर नाव चलानी पड़ी। राजस्थान के 5 से ज्यादा जिलों में बुधवार को तेज बारिश हुई। जयपुर में 4 घंटे से ज्यादा पानी बरसा। पानी से भरे गड्ढे के कारण बस पलट गई।



### चमोली में टनल में पानी भरा,18 मजदूर फंसे

उत्तराखंड में भारी बारिश के बीच चमोली में एक टनल में अचानक पानी भर गया। टनल में काम कर रहे 18 मजदूर अंदर फंस गए। सात मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

# बड़े तालाब में तिरंगा नौका यात्रा निकालकर प्रदेश ने रचा नया कीर्तिमान : मुख्यमंत्री

## डॉ. यादव ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग की इस अनूठी पहल को सराहा

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनिया का सबसे युवा देश भारत अपने सामर्थ्य से विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है। बोट क्लब भोपाल पर आयोजित विशाल नौका तिरंगा यात्रा राष्ट्रभक्ति और एकता को और अधिक सुदृढ़ करते हुए युवाओं को नई ऊर्जा दे रही है। जल की लहरों पर तिरंगा यात्रा का यह दृश्य अद्भुत और रोमांचकारी अहसास करा रहा है। प्रदेश ने जल में तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति की भावना को नया आयाम दिया है। यह गौरवपूर्ण दृश्य पूरी दुनिया देख रही है कि जल में तिरंगा यात्रा निकालकर मध्यप्रदेश एक नया कीर्तिमान रच रहा है। तिरंगा यात्रा में जनमानस का उत्साह अभिनंदनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज भोपाल के बोट क्लब में आयोजित विशाल नौका तिरंगा



यात्रा में सहभागिता की तथा केनो सलालम शो देखा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन में राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए खिलाड़ियों और उपस्थित नागरिकों का उत्साहवर्धन किया।

### जल सतह पर विशाल तिरंगा बनाया गया

हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत भोपाल की बड़ी झील के प्राकृतिक सौंदर्य के बीच निकली तिरंगा नौका यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें कई नावें तिरंगे के साथ शामिल हुईं और बड़ी संख्या में देशभक्त नागरिक तिरंगा यात्रा का हिस्सा बने। भोपाल का बड़ा तालाब देश भक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावनाओं के प्रकटीकरण का साक्षी बना।

### वॉटर स्पोर्ट्स खिलाड़ियों ने तिरंगे के साथ किया कौशल का प्रदर्शन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तिरंगा थाम कर तिरंगा नौका यात्रा का नेतृत्व किया। देशभक्ति गीतों के बीच उन्होंने तिरंगे के रंगों के गुब्बारे आसमान में छोड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बोट क्लब पर उपस्थित खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि खेल विभाग द्वारा परिकल्पित यह अनूठी पहल अद्वितीय है।

### जल, थल, नभ हर जगह तिरंगा लहराए

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश तिरंगामय हो रहा है। उन्होंने आजादी की लड़ाई के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए देश के वीर सैनिकों ने अपने प्राणों की आहूति दी। हमारा लक्ष्य है कि जल, थल और नभ में हर जगह तिरंगा शान से लहराए।

# मानसून सत्र में सरकार बैकफुट पर रही

### विपक्ष की एकजुटता बड़ी उपलब्धि: कांग्रेस

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने संसद के मानसून सत्र के समापन पर कहा है कि विपक्ष की एकजुटता इस सत्र की बड़ी उपलब्धि रही और उसके सामूहिक दबाव के कारण सरकार को कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर पीछे हटना पड़ा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी तथा राज्यसभा सांसद जयराम रमेश और लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष ने नीट परीक्षा में अनियमितता, राम मंदिर ट्रस्ट में चढ़ावा चोरी, एथेनॉल में मिलावट, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों में भ्रष्टाचार, चीन से जुड़े मुद्दों तथा सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में



भ्रष्टाचार जैसे विषयों पर चर्चा की मांग की थी, लेकिन सरकार ने इन मुद्दों पर चर्चा नहीं कराई। श्री गोगोई ने कहा कि छात्रों के आंदोलन के दबाव में सरकार को शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेना पड़ा लेकिन गृहमंत्री अमित शाह से पुलिस कार्रवाई और छात्रों पर अत्याचार के संबंध में बयान देने की मांग को सरकार ने स्वीकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि सत्र के अंतिम दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री शाह सदन में आए लेकिन इसके तुरंत बाद कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। श्री रमेश ने कहा कि 11 वर्ष पहले 2015 में व्यापम घोटाले के कारण मानसून सत्र बाधित हुआ था और 11 साल बाद इस बार नीट मामले के कारण सत्र में गतिरोध रहा। उन्होंने कहा कि 18 दिन तक विपक्षी दलों के नेताओं की लगातार बैठकें हुईं और विपक्षी एकता स्पष्ट रूप

# तिरंगामय हुई संस्कारधानी, जगह जगह निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा

## स्वतंत्रता दिवस के पूर्व हुए विविध आयोजन, नागरिकों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर भाजपा द्वारा जबलपुर महानगर की चारों विधानसभा क्षेत्रों में देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ मंत्री राकेश सिंह ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर किया इसके पश्चात कटंगा चौक से आध शंकराचार्य चौक छोटी लाइन फाटक तक यात्रा निकाली गई। यात्रा के समापन पर सामूहिक वन्दे मातरम गायन हुआ।



पश्चिम विधानसभा की तिरंगा यात्रा में कटंगा चौक से छोटी लाइन फाटक तक पूरे यात्रा मार्ग को सजाया गया था, क्षेत्र के व्यापारी एवं स्थानीय जनों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल हमारे देश का ध्वज नहीं, बल्कि भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है। यह हमें उन वीर शहीदों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। केंट विधानसभा की यात्रा विधायक अशोक रोहाणी के नेतृत्व में भारत माता चौक पेंटिनाका से प्रारंभ होकर सदर का भ्रमण करते हुए भारत माता चौक पर संपन्न हुई।

## जिनसार के विद्यार्थियों ने निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी सभा द्वारा संचालित जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज एंड रिसर्च (जिनसार )द्वारा हर घर तिरंगा एवं वंदे मातरम थीम के अंतर्गत एक देशभक्ति रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों एवं समुदाय के बीच देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता तथा भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना था। यह रैली राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई। रैली में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय ध्वज, पोस्टर एवं देशभक्ति संदेशों वाले प्लेकार्ड लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने जोश और उमंग के साथ रैली में मार्च करते हुए वंदे मातरम, भारत माता की जय तथा हर घर तिरंगा जैसे देशभक्ति नारों का उद्घोष किया। रैली ने स्थानीय समुदाय का ध्यान आकर्षित किया और राष्ट्रीय एकता तथा तिरंगे के प्रति सम्मान का संदेश प्रभावी रूप



से प्रसारित किया। इस रैली के माध्यम से हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूकता उत्पन्न हुई तथा विद्यार्थियों को भारत की स्वतंत्रता को गर्व, सम्मान एवं जिम्मेदारी की भावना के साथ मनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम प्रो. डॉ. प्रिंसी शाजी (प्राचार्य प्रभारी) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। ऋ षिका कोठारी एवं पूर्वी विजय कुमार ने समन्वयक शिक्षकों के रूप में कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय किया। उनके मार्गदर्शन एवं समन्वय से रैली का आयोजन सुचारु, अनुशासित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

देशभक्ति रैली में सभी विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता एवं उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम ने राष्ट्र के प्रति प्रेम एवं सम्मान व्यक्त करने तथा एकता, स्वतंत्रता और देशभक्ति के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः दृढ़ करने के लिए एक सार्थक मंच प्रदान किया।

## एपीएन महाविद्यालय में निकाली गई बाइक तिरंगा यात्रा



एपीएन महाविद्यालय के एनसीसी सब यूनिट ने 1 एमपी बटालियन के कमाण्डिंग ऑफिसर कर्नल नितिन शर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल समीर बोडस के मार्ग दर्शन मे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बाईक तिरंगा रैली निकाली गई। इस रैली में एनसीसी अधिकारी लेफ्टि डॉ दिव्या पाराशर के साथ महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटस् शामिल हुये। रैली समापन के तुरंत बाद महाविद्यालय की एनसीसी टीम ने निकटवर्ती बस्तियों में जाकर तिरंगे बांटे। इस कार्यक्रम के आयोजन पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, डायरेक्टर मयंक श्रीवास्तव ने एनसीसी टीम के इस कार्यक्रम पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि देश प्रेम सर्वोपरि है। महाविद्यालय के रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, एंव प्राचार्या डॉ सोनल खरे ने इस आयोजन पर बधाई दी।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीओडी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीओडी में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से तिरंगा रैली का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। रैली में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़.चढ़कर सहभागिता की और पूरे उत्साह के साथ तिरंगा धारण कर राष्ट्रप्रेम की भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य योगेश कुमार सोलंकी के प्रेरणादायी संबोधन से हुआ।




इसके पश्चात रैली के समन्वयक संतोष कुमार नायक के निर्देशन में तिरंगा रैली का शुभारंभ हुआ। रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सीओडी कॉलोनी तक गई तथा वहां से वापस विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन मनीष कुमार गौतम एवं नम्रता सिन्हा द्वारा किया गया।



## जबलपुर में आध्यात्मिक पर्यटन को मिले बढ़ावा : फेडरेशन

**मप्र टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध निदेशक से फेडरेशन ऑफ मप्र चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के सदस्यों ने की भेंट**

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** फेडरेशन ऑफ मप्र चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल ने विगत दिवस भोपाल में म्रप टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध निदेशक इलैया राजा से भेंट कर उन्हें प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने तथा पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण विभिन्न क्षेत्रों के टूरिस्ट सर्किट बनाने मांगपत्र दिया तथा पर्यटन को प्रोत्साहन देने अनेक विषयों पर चर्चा की। फेडरेशन के अध्यक्ष हिमांशु खरे ने इस अवसर पर बताया कि प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों के विस्तार, आध्यात्मिक एवं इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने तथा पर्यटन क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। हिमांशु खरे ने प्रदेश में बहु-उद्देश्य थीमेटिक पर्यटन सर्किट विकसित करने का सुझाव देते हुए कहा कि मप्र धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक पर्यटन की दृष्टि से देश के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक है। उन्होंने सुझाव दिया कि उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, चित्रकूट, जबलपुर, मैहर जैसे आध्यात्मिक स्थलों को आध्यात्मिक सर्किट के तौर पर विकसित किया जाना चाहिए। वहीं खजुराहो, ओरछा, ग्वालियर, मांडू, सांची, भीमबेटका जैसी विश्व प्रसिद्ध विरासतों को हेरिटेज पर्यटन सर्किट के तौर पर विकसित करने की आवश्यकता है।

रातापानी, कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, सतपुड़ा, पन्ना आदि राष्ट्रीय उद्यानों को जोड़कर वन्य जीव विशेष पर्यटन सर्किट विकसित किए जा सकते हैं।

### स्थानीय लोगों को मिलेगा लाभ

बैठक में मप्र पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक इलैया राजा ने बताया कि पर्यटन बोर्ड प्रदेश के प्रमुख आध्यात्मिक, प्राकृतिक एवं विरासत स्थलों पर पर्यटकों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को स्थानीय रोजगार एवं आर्थिक विकास से जोड़ते हुए विभिन्न स्थलों पर ईको-फ्रेंडली आकर्षण विकसित किए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी और स्थानीय समुदायों को भी लाभ मिलेगा। बैठक में चैंबर की ओर से अशोक आनंद, प्रवीण आचार्य, डॉ. सुरेंद्र सिंह, राजेश हिरवे उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपति पदक से सम्मानित होंगे एसटीएफ एसपी एवी सिंह

**जबलपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को लाल परेड ग्राउंड भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मप्र पुलिस में सराहनीय सेवा के लिए एवी सिंह एसपी एसटीएफ जबलपुर को राष्ट्रपति पदक (प्रेसिडेंट मेडल) से सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष मप्र पुलिस के 43 अधिकारी एवं कर्मचारियों को उत्कर्ष सेवा एवं सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति मेडल से सम्मानित किया जा रहा है।



## सखी मेला का आयोजन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** महिलाओं के बीच आपसी स्नेह, सौहार्द, मनोरंजन एवं सांस्कृतिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेरी पहचान समूह द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला सखी मेला इस वर्ष अपने नौवें सखी मेला के रूप में आयोजित किया जा रहा है। समूह द्वारा पिछले आठ वर्षों से सखी मेले का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में इस वर्ष 14 अगस्त, शुक्रवार को दोपहर 3 बजे पंचमठा लक्ष्मी मंदिर, आधारताल में सखी मेले का आयोजन किया जाएगा।

## घर-घर पहुंची नगर निगम की टीम

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आम नागरिकों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम पूरी तरह मैदान में उतर आया है। नागरिकों की समस्याओं को उनके घर-आंगन तक जाकर सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी खुद द्वार-द्वार दस्तक दे रहे हैं। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के साथ अन्य अधिकारी पैदल भ्रमण कर



नागरिकों से संवाद किया और मौके पर ही उनकी समस्याओं का निराकरण किया। अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन में दर्ज लंबित शिकायतों का मौके पर ही संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 105 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। बस्तियों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया, नए नल कनेक्शन दिए गए, तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सघन छिड़काव किया गया।

## आरपी खन्ना का निधन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रगति नगर तिलहरी निवासी बैंक से रिटायर्ड आरपी खन्ना का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वे निखिल खन्ना के पिता है। अंतिम यात्रा आज 14 अगस्त को सुबह 11 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



## मां बाला दुर्गा मंदिर में हुआ भव्य संकीर्तन का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

भगवत नाम संकीर्तन में भगवान का जो भक्तजन कीर्तन के साथ-साथ नृत्य करते है, उन्हें चौरासी लाख योनियों में भटकना नहीं पड़ता हैं, नर्तकी का विलोम हैं कीर्तन अतः भगवत प्रेमीजनों को संकीर्तन अवश्य करना चाहिए। श्रावण अनुष्ठान श्रृंखला के चौदहवें दिवस मां बाला दुर्गा मंदिर त्रिमूर्ति नगर में पं.शैलेंद्र तिवारी, देवेंद्र त्रिपाठी, संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन



दुबे के सानिध्य में मां बाला दुर्गा मंदिर त्रिमूर्ति नगर में भव्य हरि नाम संकीर्तन संपन्न हुआ। चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालीपुरम द्वारा विगत 10वर्षों से यह आध्यात्मिक यात्रा पूरे श्रावणमास संस्कारधानी में निरंतर चल रही है।

इसका उद्देश्य युवाओं बच्चों को सनातन संस्कृति धार्मिक परंपरा से जोड़ना है। सावनमास के इस क्रम में 14 अगस्त को प्रकाश वासवानी के जानकी रमण प्लाजा बलदेवबाग स्थित शॉप पर प्रातः संकीर्तन आयोजित है। इस अवसर पर संयोजक देवेंद्र नेमा, पं.बालमुकुंद पौराणिक, पं.सत्येंद्र, सतीश,शिवम, पं.राधव, प्रदीप दुबे, मनीषा राजपूत, वर्षा तिवारी, सविता गुप्ता कांता भारद्वाज, विनीता शर्मा, पुष्पा आदि उपस्थित रहे।

## आदर्श चौरसिया महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज उत्सव



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

आदर्श चौरसिया महिला मंडल की ओर से विगत दिवस हरियाली तीज के पावन अवसर पर होटल सुकून आईस ऑन फायर में भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन रीता चौरसिया, स्नेहलता चौरसिया, ऋ तु चौरसिया एवं श्वेता चौरसिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में ग्रीन ड्रेस कोड रखी गई थी, जिसमें महिलाएं हरे रंग के परिधानों में बेहद आकर्षक नजर आईं और हरियाली तीज की खूबसूरती को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। खेलों के दौरान महिलाओं में उत्साह और उमंग देखने को मिली। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## युवक पर चाकू और तलवार से जानलेवा हमला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल थाना क्षेत्र में चार बदमाशों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू और तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे युवक को गंभीर चोटे आई है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल से मेडिकल रेफर किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है। पुलिस ने बताया कि गोरखपुर रामपुर नूरानी मस्जिद के समीप रहने वाला 21 वर्षीय सोहराब खान वर्तमान में हनुमान 16 क्वॉटर के पास रहकर पीओपी का काम करता है। बीती रात वह क्षेत्र की एक सैलून दुकान में अपने साथी रेहान के साथ गया था। जहां आसिफ, अशफाक और उनका दोस्त लुच्चा व अमन भी आ गये। जिन्होंने पूर्व में हुए विवाद को लेकर उसके साथ गालीगलौज शुरु कर दी। विरोध करने पर अशफाक ने तलवार से हमला कर उसे सिर में चोट पहुंचा दी, वहीं अमन ने चाकू से आसिफ और लुच्चा ने हाथ, मुक्कों से मारपीट की। जिससे सोहराब को गंभीर चोटे आ गई, जिसे मेडिकल अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है।

## अवैध रूप से संचालित अहातों पर पुलिस ने की आधी रात कार्यवाही

### शहर के कई इलाकों में पुलिस ने मारा छापा, 120 से ज्यादा मामले दर्ज



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

अवैध शराब की बिक्री और खुलेआम चल रहे अहातों के खिलाफ पुलिस ने बुधवार देर रात अभियान चलाया। इस दौरान रांझी क्षेत्र में सीएसपी सतीष साहू और थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बापू नगर, बड़ा पत्थर, मोहनिया, रक्षा नगर समेत एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर दबिश दी। कार्यवाही देर रात लगभग 2 बजे तक चली। पुलिस को कई दुकानों से अवैध रूप से शराब बेचने की जानकारी मिली। कुछ जगह लोग शराब पीते हुए भी मिले। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए कई लोगों को पकड़ा। कुछ युवकों को कान पकड़कर उठक-बैठक भी लगवाई गई। पुलिस को देखकर कई लोग मौके से भाग निकले। पुलिस के मुताबिक स्थानीय लोगों से अवैध शराब की बिक्री और पिलाए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। एसपी संपत उपाध्याय के निर्देश पर ऐसे स्थानों की पहचान कर देर रात सर्चिंग की गई। सीएसपी सतीष साहू ने बताया कि रांझी क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर कार्यवाही कर अवैध शराब बेचने वालों को पकड़ा गया है। आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की गई।

### कई इलाकों में पुलिस की दबिश

रांझी क्षेत्र के अलावा ओमती क्षेत्र में भी पुलिस ने शराब दुकानों के आसपास चल रहे अवैध अहातों के खिलाफ कार्यवाही की। एएसपी आयुष जाखड़ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ओमती, मदनमहल और रसल चौक क्षेत्र में दबिश दी। पुलिस की कार्रवाई शुरू होते ही शराब पी रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक अवैध शराब की बिक्री और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा

## पिकअप वाहन में ले जाया जा रहा था अवैध शराब का जखीरा

**तिलवारा थाने का मामला, 20 लाख रुपये की शराब बरामद**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

क्राईम ब्रांच की टीम ने तिलवारा पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए जोधपुर पड़ाव पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर अवैध शराब का परिवहन कर रहे पिकअप वाहन को पकड़ा। पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। साथ ही पिकअप वाहन से 192 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की। पुलिस ने दो मोबाईल और परिवहन प्रयुक्त पिकअप वाहन को भी जब्त किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने जोधपुर पड़ाव पेट्रोल पम्प के पास नेशनल हाईवे में दबिश दी। जहां अंधमुख तरफ से पिकअप वाहन ग्राम घाना की ओर से आते हुये दिखा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर रोक लिया। पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 जेडक्यू 1873 के चालक ने अपना नाम घनश्याम झारिया पिता सुखलाल



झारिया उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम खैरी थाना जबेरा जिला दमोह तथा चालक के बाजू में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम राहुल यादव पिता महेश यादव उम्र 28 वर्ष लालमाटी चांदमारी तलैया थाना घमापुर बताया। पुलिस ने पिकअप वाहन के पीछे रखी 192 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की। साथ में ओप्पो कम्पनी का मोबाइल तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त पिकअप कीमती लगभग 2 लाख रूपये तथा आरोपी राहुल यादव के कब्जे से एक कीपेड मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए शराब के संबंध में पूछताछ शुरु कर दी है।

# कमोडिटी मार्केट में कीमतें कैसे तय होती हैं?




कमोडिटी मार्केट यानी वस्तु बाजार में सोना, चांदी, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, तांबा, गेहूं, मक्का और सोयाबीन जैसी वस्तुओं का कारोबार होता है। यहां वस्तुओं की कीमतें केवल खरीदार और विक्रेता की इच्छा से तय नहीं होतीं, बल्कि मांग-आपूर्ति, वैश्विक घटनाओं, मौसम, उत्पादन और निवेशकों की उम्मीदों का भी बड़ा प्रभाव रहता है।

### कमोडिटी मार्केट की भूमिका

कमोडिटी बाजार का प्रमुख उद्देश्य वस्तुओं की कीमतों में पारदर्शिता लाना, भविष्य की कीमतों का अनुमान लगाने में मदद करना और कीमतों से जुड़े जोखिम को कम करना है। आधुनिक बाजार में फ्यूचर्स, ऑप्शंस और अन्य डेरिवेटिव साधनों के माध्यम से कारोबारी भविष्य की कीमतों में होने वाले बदलाव से बचाव कर सकते हैं।

### भारत में कौन होते हैं प्रमुख भागीदार ?

कमोडिटी बाजार में मुख्य रूप से हेजर और ट्रेडर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हेजर वे कारोबारी या उद्योग होते हैं जिन्हें कच्चे माल की आवश्यकता होती है। वे भविष्य की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव से बचने के लिए वायदा अनुबंधों का उपयोग करते हैं। दूसरी ओर, ट्रेडर या सट्टेबाज वस्तु की भौतिक डिलीवरी लेने के बजाय कीमतों में होने वाले बदलाव से लाभ कमाने का प्रयास करते हैं।

### 1 मांग और आपूर्ति का सीधा असर

किसी वस्तु की मांग बढ़ने और आपूर्ति सीमित रहने पर उसकी कीमत बढ़ सकती है। इसके विपरीत, उत्पादन अधिक होने और मांग घटने पर कीमतों में गिरावट आ सकती है। उदाहरण के लिए, अत्यधिक ठंड में प्राकृतिक गैस और हीटिंग ईंधन की मांग बढ़ सकती है। इसी तरह किसी फसल की रिकॉर्ड पैदावार से बाजार में आपूर्ति बढ़ने पर उसकी कीमत दबाव में आ सकती है।

### 2 वैश्विक घटनाएं बदल देती हैं बाजार

कच्चे तेल और धातुओं जैसी कमोडिटी की कीमतों पर अंतरराष्ट्रीय राजनीति का गहरा प्रभाव पड़ता है। प्रमुख उत्पादक देशों में राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध, प्रतिबंध या आपूर्ति बाधित होने की आशंका से कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। इसी तरह वैश्विक आर्थिक मंदी मांग घटाकर कीमतों को नीचे ला सकती है।

### 3 मौसम और उत्पादन भी महत्वपूर्ण

कृषि जिंसों की कीमतों में मौसम की बड़ी भूमिका होती है। सूखा, अत्यधिक बारिश, बाढ़ या कीट प्रकोप उत्पादन को प्रभावित कर सकते हैं। उत्पादन घटने पर आपूर्ति कम होती है और कीमत बढ़ सकती है। इसके विपरीत अच्छी फसल से आपूर्ति बढ़ने पर कीमतों में नरमी आ सकती है।

### 4 निवेशकों की उम्मीदों का प्रभाव

कमोडिटी बाजार में निवेशकों की भविष्य की उम्मीदें भी कीमतों को प्रभावित करती हैं। यदि बाजार को लगता है कि किसी वस्तु की भविष्य में कमी हो सकती है, तो खरीदारी बढ़ सकती है और वर्तमान कीमतों में तेजी आ सकती है। इसलिए कमोडिटी बाजार में वास्तविक आपूर्ति के साथ-साथ भविष्य की संभावनाएं भी कीमतों की दिशा तय करती हैं।

# बजट केवल अर्थशास्त्र नहीं, जीवन प्रबंधन है

हर वर्ष जब केंद्र या राज्य का बजट प्रस्तुत होता है, तो लोगों की नजरें इस बात पर टिक जाती हैं कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार और विकास के लिए कितना प्रावधान हुआ। लेकिन बजट केवल सरकार के लिए बनाई जाने वाली आर्थिक योजना नहीं है। वास्तव में, बजट हमारे दैनिक जीवन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। हम अपनी आय, समय और संसाधनों का जिस तरह नियोजन करते हैं, वह भी बजट का ही एक रूप है।

### 1 दस रुपये से शुरू होती है बजट की समझ

एक बच्चा यदि दस रुपये मिलने पर चॉकलेट, खिलौने और बचत के बीच सोच-समझकर राशि बांटता है, तो वह अनजाने में बजट बनाना सीख रहा होता है। छोटी उम्र में संसाधनों का सही उपयोग सीखना आगे चलकर आर्थिक अनुशासन की नींव बनता है।

### 2 परिवार का बजट, भविष्य की पहली योजना

परिवार अपनी आय के अनुसार भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, यात्रा और अन्य जरूरतों पर खर्च तय करता है। साथ ही बचत और आकस्मिक जरूरतों के लिए धन सुरक्षित रखना भी जरूरी होता है। इस तरह घर का बजट आर्थिक स्थिरता का आधार बनता है।

### 3 विद्यालय का बजट, शिक्षा की गुणवत्ता का आधार

विद्यालय में पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल, तकनीक, सांस्कृतिक गतिविधियों और शिक्षक प्रशिक्षण जैसी व्यवस्थाओं के लिए योजनाबद्ध खर्च आवश्यक है। सुव्यवस्थित बजट



विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में मदद करता है।

### 4 व्यापार का बजट, लाभ और विकास का संतुलन

व्यापार और उद्योग में उत्पादन, वेतन, कच्चा माल, विपणन, निवेश और लाभ का संतुलन बजट के माध्यम से तय किया जाता है। सही वित्तीय योजना व्यवसाय को जोखिमों से बचाने और विकास के नए अवसर तलाशने में मदद करती है।

### 5 राष्ट्रीय बजट, विकास की दिशा तय करने वाला दस्तावेज

सरकार का बजट देश की आर्थिक प्राथमिकताओं को सामने रखता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आधारभूत ढांचे, रोजगार, सामाजिक कल्याण और अन्य क्षेत्रों में संसाधनों का आवंटन इसी व्यापक आर्थिक योजना का हिस्सा होता है। इसलिए राष्ट्रीय बजट को देश के विकास का रोडमैप कहा जा सकता है।

### 6 समय का बजट भी उतना ही जरूरी

बजट केवल पैसों का नहीं होता। विद्यार्थी यदि पढ़ाई, खेल, आराम और अन्य गतिविधियों के लिए समय निर्धारित करे, तो उसका प्रदर्शन बेहतर हो सकता है। सीमित समय का सही प्रबंधन भी सफलता की महत्वपूर्ण कुंजी है।

### 7. बचत, हर बजट की मजबूत नींव

संतुलित बजट में वर्तमान की जरूरतों के साथ भविष्य की तैयारी भी शामिल होती है। नियमित और छोटी बचत आगे चलकर शिक्षा, स्वास्थ्य, आपातकाल या बड़े लक्ष्यों में उपयोगी साबित हो सकती है।



आफरीन खान
**शिक्षक**
**हितकारिणी चिल्ड्रेन एकेडमी**
**देवताल, गढ़ा, जबलपुर।**

# अनुशासन का महत्व

अनुशासन जीवन की सफलता का आधार है। यह मनुष्य को समय का सदुपयोग करना, अपने कर्तव्यों का पालन करना और सही मार्ग पर चलना सिखाता है। अनुशासित व्यक्ति अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से पहचानता है और उसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करता है।

अनुशासन का पहला पाठ हमें परिवार से मिलता है। इसके बाद विद्यालय में शिक्षक हमें समय की पाबंदी, नियमों का पालन और दूसरों के प्रति सम्मान का महत्व सिखाते हैं। यही आदतें आगे चलकर हमारे व्यक्तित्व का निर्माण करती हैं।

अनुशासन केवल विद्यार्थियों के लिए ही नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। चाहे घर हो, विद्यालय, कार्यालय या समाज, हर जगह नियमों का पालन करने से व्यवस्था बनी रहती है। अनुशासनहीनता से अव्यवस्था, विवाद और असफलता जन्म लेती है।

आज के समय में आत्म-अनुशासन का महत्व और भी बढ़ गया है। मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और अन्य आकर्षणों के बीच अपने समय का सही उपयोग करना तथा अपने लक्ष्य पर ध्यान बनाए रखना आत्म-अनुशासन का ही उदाहरण है।

अंततः, अनुशासन वह शक्ति है जो व्यक्ति को सफल, सम्मानित और जिम्मेदार नागरिक बनाती है। इसलिए हमें अपने जीवन में अनुशासन को अपनाकर एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना चाहिए।



मनीषा परोहा
**शिक्षक**
**हितकारिणी प्राथमिक शाला बी टी तिराहा जबलपुर।**

# अर्थशास्त्र में मांग और आपूर्ति का नियम

अर्थशास्त्र में किसी वस्तु की कीमत तय करने में मांग और आपूर्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। खरीदार कितनी मात्रा में वस्तु खरीदना चाहते हैं और विक्रेता कितनी मात्रा में उसे बेचने के लिए तैयार हैं, इनके संतुलन से बाजार मूल्य निर्धारित होता है।




### मांग का नियम-कीमत बढ़े तो मांग घटे

अन्य परिस्थितियां समान रहने पर किसी वस्तु की कीमत बढ़ने से उसकी मांग घटती है और कीमत कम होने पर मांग बढ़ती है। उदाहरण के लिए, किसी फल की कीमत बढ़ने पर उपभोक्ता सामान्यतः उसकी कम मात्रा खरीदेंगे।

### आपूर्ति का नियम-कीमत बढ़े तो आपूर्ति बढ़े

कीमत बढ़ने पर उत्पादकों को अधिक लाभ की संभावना दिखाई देती है, इसलिए वे बाजार में अधिक वस्तु उपलब्ध कराने का प्रयास करते हैं। कीमत घटने पर उत्पादन और आपूर्ति कम हो सकती है।

### संतुलन मूल्य-जहां दोनों मिलते हैं


जब किसी वस्तु की मांग और आपूर्ति बराबर हो जाती है, तब संतुलन मूल्य निर्धारित होता है। इस स्थिति में बाजार में न वस्तु की अत्यधिक कमी रहती है और न अतिरिक्त माल का बड़ा भंडार।

### मूल्य लोच और अपवाद

कीमत बदलने पर हर वस्तु की मांग समान रूप से प्रभावित नहीं होती। आवश्यक वस्तुओं की मांग अपेक्षाकृत कम बदलती है, जबकि विलासिता की वस्तुओं में अधिक उतार-चढ़ाव हो सकता है। गिफेन और वेबलन वस्तुएं मांग के सामान्य नियम के उल्लेखनीय अपवाद हैं।

# आर्थिक विकास में मानव पूंजी की भूमिका

आर्थिक विकास का अर्थ केवल देश की आय या सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि नहीं है। वास्तविक विकास तब माना जाता है, जब उत्पादन के साथ रोजगार, प्रति व्यक्ति आय, जीवन स्तर और लोगों की आर्थिक क्षमता में भी सुधार हो। इस पूरी प्रक्रिया में मानव पूंजी यानी लोगों का ज्ञान, शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




### आर्थिक विकास की बदलती समझ

अर्थशास्त्र में आर्थिक विकास के अध्ययन की शुरुआत मुख्य रूप से भौतिक पूंजी और बचत के महत्व से हुई। अर्थशास्त्री रॉबर्ट सोलो ने आर्थिक विकास में पूंजी संचय और तकनीकी प्रगति की भूमिका पर जोर दिया। उनके अनुसार मशीनों, संसाधनों और तकनीक में निवेश उत्पादन बढ़ाने में सहायक होता है।

बाद में अर्थशास्त्रियों ने महसूस किया कि केवल मशीनों और भौतिक पूंजी में निवेश से लंबे समय तक तेज आर्थिक विकास संभव नहीं है। इसके लिए शिक्षित, कुशल और स्वस्थ मानव संसाधन भी जरूरी हैं। यहीं से मानव पूंजी की अवधारणा आर्थिक विकास के केंद्र में आई।

### मानव पूंजी क्यों है महत्वपूर्ण?

शिक्षित और प्रशिक्षित व्यक्ति नई तकनीक को जल्दी अपनाते हैं, बेहतर निर्णय लेते हैं और उत्पादन क्षमता बढ़ाते हैं। किसी देश में शिक्षा और कौशल का स्तर जितना बेहतर होगा, वहां श्रमिकों की उत्पादकता बढ़ने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। स्वास्थ्य भी मानव पूंजी का महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति अधिक प्रभावी ढंग से काम कर सकता है।


### तकनीक और नवाचार का आधार

आधुनिक अर्थव्यवस्था में तकनीकी विकास और नवाचार आर्थिक प्रगति के प्रमुख आधार हैं। पॉल रोमर और रॉबर्ट लुकास जैसे अर्थशास्त्रियों ने ज्ञान, विचारों और मानव पूंजी को दीर्घकालीन विकास से जोड़ा। नई तकनीक, अनुसंधान और नवाचार के पीछे प्रशिक्षित मानव संसाधन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

### निवेश का सबसे मजबूत आधार

मानव पूंजी में किया गया निवेश तत्काल दिखाई नहीं देता, लेकिन इसका प्रभाव लंबे समय तक रहता है। बेहतर शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य सुविधाएं और कौशल विकास रोजगार की गुणवत्ता बढ़ाते हैं और अर्थव्यवस्था को अधिक उत्पादक बनाते हैं।

## शब्द पहेली - 8949




**बाएँ से दाएँ**

1.[illegible]-2
2.ओर, किनारा-3
4.जरा, थोड़ा-2
6.कपड़े की दीवार-3
7.निर्माण-3
8.झगड़ा, अनबन-3
9.गहना-3
10.लाज, लज्जा-3
11.रनिवास-3
13.500 कागजों की गड्डी-2
14.विश्राम, राहत-3
15.मोड़-2
16.एक कीमती लकड़ी-3
17.कैनाल, [illegible]-3
18.कूट-3
19.मृत्युंजय-3
20.मेघ, बादल-3
21.सम्राट, राजा-3
23.संपत्ति-2
24.मित्र, सखा-3
25.औषधि-2

**ऊपर से नीचे**

1.अग्नि, अनल-2
2.आश्रय, शरण-2
3.लीन, मगन-2
4.[illegible]-3
5.इंकार-2
6.लेखनी, पेन-3
7.करुणा, दया-3
8.कर्म, भाग्य-3
9.[illegible]-3
10.भद्र, कुलीन-3
11.अवैध, नाजायज-3
12.युद्ध, रण-3
14.आश्रय-3
15.[illegible]-3
16.ठंडा-3
17.नमस्कार, प्रणाम-3
18.कद, माप-3
19.जो कभी बूढ़ा न हो-3
20.नील, [illegible]-2
21.पक्ष, मर्म-2
22.[illegible]-2

**शब्द पहेली -8948 का हल**





# कांग्रेस का दावा: 19 बच्चों की मौत, स्वास्थ्य विभाग बता रहा 8

## आदिवासी बच्चों की मौत के आंकड़ों पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, 19 को जन आंदोलन की दी चेतावनी





बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले में बिरसा विकासखंड के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में बच्चों की लगातार हो रही मौतों को लेकर कांग्रेस ने स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से 13 अगस्त को बालाघाट स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय उइके एवं बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे मौजूद रहीं। उन्होने दावा किया हैं कि जिले में अब तक 19 बच्चों से अधिक की मौत हो चुंकि हैं जबकि विभाग आंकडे छिपा रहीं हैं याने स्वास्थ्य विभाग के द्वारा गंभीर लापरवाही हुई हैं। जिलाध्यक्ष संजय उइके ने दावा किया कि बिरसा विकासखंड के कुंडेकसा, अडोरी, कोरका, बोंदारी सहित दर्जनों गांवों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अब तक बोदारी में 7, कुड़ेकसा में 2, मछुरदा में 7, घुमुरू में 2 व एक अन्य सहित कुल 19 बच्चों की मौत हो चुकी है। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 8 से 9 बच्चों की मौत होने की बात कही जा रही है। कांग्रेस ने दोनों आंकड़ों के बीच अंतर को लेकर विस्तृत जांच की मांग की है।

### मलेरिया सहित कई बीमारियों से प्रभावित क्षेत्र

जिलाध्यक्ष संजय उइके ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में बच्चों के उपचार और स्वास्थ्य निगरानी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से मौसमी बीमारी, सर्दी-खांसी, बुखार, चर्मरोग, मीजल्स, स्कैबीज, टायफाइड एवं मलेरिया सहित विभिन्न बीमारियों की जानकारी दी जा रही है। उनके अनुसार इनमें मलेरिया से प्रभावित मरीजों की संख्या अधिक है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से आदिवासी परिवारों को मेडिकेटेड मच्छरदानी उपलब्ध नहीं कराई गई। अब बच्चों की लगातार मौतों के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांच और उपचार किया जा रहा है।

### मलेरिया की दवाओं को लेकर भी सवाल

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने मलेरिया के उपचार को लेकर विधानसभा में सवाल उठाए जाने की बात कही। उन्होंने यह भी सवाल किया कि कथित तौर पर चार दिनों में आदिवासी मरीजों को मलेरिया की दवाओं की अधिक मात्रा क्यों दी गई। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदारी तय करने की मांग की। संजय उइके ने कहा कि बच्चों की मौत का मामला बेहद गंभीर है। मृत बच्चों के परिजनों को आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन के खिलाफ 19 अगस्त को आंदोलन करने की घोषणा की। कांग्रेस ने प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत करने, नियमित स्वास्थ्य निगरानी करने तथा बच्चों की मौत के वास्तविक कारणों की जांच कराने की मांग की।

### कांग्रेस के अनुसार मृत 19 बच्चों के नाम

रूपलाल पिता बिसरू धुर्वे, उम्र 16 वर्ष बोंदारी, पूजा पिता चमरू धुर्वे, उम्र 2 वर्ष बोंदारी, सचिन, पिता चैनसिंह मरकाम, उम्र 5 वर्ष बोंदारी, रूपाल पिता बिसरू धुर्वे, उम्र 14 वर्ष बोंदारी, प्रियंका पिता सुखचंद धुर्वे, उम्र 3 वर्ष बोंदारी, शाहिल पिता सम्हारू धुर्वे, उम्र 1 वर्ष कोहनीमोड़टोला, लमनिन पिता सम्हारू धुर्वे, उम्र 14 वर्ष कोहनीमोड़टोला, प्रीति पिता नेहरू मरकाम, उम्र करीब ढाई वर्ष पटेलटोला, अरविंद पिता चैतु धुर्वे, उम्र 4 वर्ष कोंडेकसा, सदेसिंह पिता संजद मरकाम, उम्र 11 वर्ष मातला, रूही पिता महासिंह परते मातला, राम पिता महासिंह परते मातला, सूरज पिता सगनू मरकाम मछुरदा, रोवन पिता टेकसिंह धुर्वे मछुरदा, सुंदरी पिता लखमी मेरावी कोरका, मंगला पिता सहरसिंह मरकाम गठिया, सुरमीला पिता भगलसिंह, उम्र 4 वर्ष चिखली खैरटोला, राजू पिता पहाड़सिंह तिलगाम, उम्र करीब डेढ़ वर्ष कोडबीरकोना, रौवनू पिता बरन मनकाम, उम्र 7 वर्ष तेंदूडेंही जो करीब 19 लोगों की मौत हो गई हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग केवल चार-पांच गांवों को लेकर ही मानती हैं कि 8 से 9 बच्चों की मौत का आंकड़ा बता रहीं है लेकिन सच्चाई यह हैं कि दर्जनों गांव के ढेड़ से 14 वर्ष के बच्चों की संख्या 19 से अधिक पहुंच गई हैं याने की स्वास्थ्य विभाग मृत बच्चों का आंकड़ा झिपा रहीं हैं। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि उपरोक्त 19 बच्चों की मौत हुई है, जबकि स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े इससे अलग हैं। ऐसे में मौतों की वास्तविक संख्या और कारणों को लेकर आधिकारिक जांच तथा तथ्यात्मक रिपोर्ट सामने आना महत्वपूर्ण है।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित




कटंगी(स्वतंत्र मत)

राजा भोज शासकीय महाविद्यालय, कटंगी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में हृस्स् स्वयंसेवकों ने कटंगी बस स्टैंड एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और तिरंगे के महत्व को प्रभावशाली संवाद एवं अभिनय के जरिए प्रस्तुत किया। उन्होंने नागरिकों और विद्यार्थियों से हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय सहभागिता करने तथा राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों एवं छात्राओं ने प्रस्तुति में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसी अवसर पर महाविद्यालय परिसर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने तिरंगा, राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना पर आधारित आकर्षक एवं रचनात्मक रंगोलियां बनाईं। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा के साथ देशभक्ति की भावना को भी प्रदर्शित किया। नुक्कड़ नाटक का लेखन एवं निर्देशन रजत किरण शर्मा ने किया। कार्यक्रम का आयोजन एनएनएस कार्यक्रम अधिकारी विकास ठाकरे एवं हर घर तिरंगा प्रभारी नवीन कुमार नागटोडे के मार्गदर्शन में हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार शेंडे ने स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने की अपील की गई।

# आदर्श कॉलेज उमरिया में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रश्न मंच रंगोली एवं झंडा रैली का आयोजन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** । छात्र-छात्राओं में देशभक्ति की अलख जगाने, राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना भरने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान 2026 का आयोजन शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नियाज अहमद अंसारी की अध्यक्षता में किया जा रहा है। 10 दिवशीय कार्यक्रम आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी रेम सिंह हटीला,विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री अपूर्वा अपूर्व दाहयत, भारतीय ज्ञान परंपरा संयोजक डॉ राजीव तिवारी एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम संयोजक श्रीमती निशी करण के संयोजक तत्व में में किया जा रहा है। शासन द्वारा निर्देशित 7 अगस्त से 17 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान का प्रारंभ राष्ट्रध्वज के महत्व पर आयोजित परिचर्चा के द्वारा किया गया जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न वक्ताओं ने राष्ट्रध्वज का महत्व एवं उसके इतिहास अंगीकृत करने के विभिन्न पक्षों को छात्र-छात्राओं को समझाया । इसी क्रम में द्वितीय दिवस राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित प्रश्नोत्तरी जैसे राष्ट्रीय ध्वज कब अंगीकृत किया गया। पहली बार राष्ट्रध्वज का फहराया गया। राष्ट्रध्वज के निर्माण करता कौन थे। राष्ट्रध्वज का लंबाई चौड़ाई अनुपात क्या है । इत्यादि प्रश्नों के माध्यम से प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। राष्ट्र भक्ति और तिरंगे झंडे की रंगोली का आयोजन तृतीय दिवस किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने रंगों के माध्यम से अपनी कला एवं राष्ट्र भावना को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के तृतीय दिवस झंडा रैली का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने झंडा हमारा अमर रहे ,विजई विश्व तिरंगा प्यारा ,वंदे मातरम इत्यादि नारों के साथ महाविद्यालय परिसर के आसपास के क्षेत्र का भ्रमण किया। महाविद्यालय में विभाजन की विभीषिका पर संगोष्ठी का आयोजन 14 अगस्त को एवं स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन 15 अगस्त को ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया जाएगा।



# खुशबू हत्या कांड का खुलासा : प्रेमिका की ब्लेड से गला काटकर हत्या, नहर में फेंका शव

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

थाना वारासिवनी क्षेत्र के ग्राम डोंगरगांव पुलिया के पास नहर में मिले अज्ञात महिला के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी संतोष ठाकरे, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम सरंडी, थाना वारासिवनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त मारुति डिजायर कार, हत्या में प्रयुक्त ब्लेड, रक्तरंजित कपड़े तथा मृतिका के कपड़े और अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, 5 अगस्त 2026 को ग्राम डोंगरगांव पुलिया के पास नहर में एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना पर वारासिवनी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाया। प्रारंभ में महिला की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने स्थानीय स्तर पर पूछताछ के साथ सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से पहचान के प्रयास शुरू किए। बाद में मृतिका की पहचान विनती उर्फ खुशबू डहरवाल, पिता शंकर डहरवाल, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम खमरिया, थाना लालबर्रा, जिला बालाघाट, हाल निवासी नागपुर (महाराष्ट्र) के रूप में हुई।

### गले पर धारदार हथियार के निशान मिले

शव के निरीक्षण के दौरान महिला के गले पर धारदार वस्तु से काटे जाने का घाव पाया गया। पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच शुरू की। मृतिका के चचेरे भाई द्वारा संतोष ठाकरे पर संदेह व्यक्त किया गया। इसके बाद थाना वारासिवनी में अपराध क्रमांक 292/2026, धारा 103(1), 351(3) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान सामने आया कि आरोपी 4-5 अगस्त की दरमियानी रात से फरार था और उसका मोबाइल बंद था। पुलिस के अनुसार आरोपी 31 जुलाई को कार लेकर निकला था और इसके बाद वापस नहीं आया। लगातार तलाश के दौरान 12 अगस्त को आरोपी के सांवगी गांव में देखे जाने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस टीम ने तत्काल दबिश दी। पुलिस के अनुसार आरोपी टीम को देखकर जंगल की ओर भागने लगा, जिसका पीछा करते समय गिरने से उसके बाएं पैर और दाहिने हाथ में चोट आई। इसके बाद पुलिस ने उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की।



**पुराने प्रेम संबंध का खुलासा**-पुलिस पूछताछ के अनुसार आरोपी और मृतिका के बीच करीब 5-6 वर्षों से प्रेम संबंध था। बताया गया कि दोनों की पहचान आरोपी के रिश्तेदारी संबंधी संपर्क के माध्यम से हुई थी। बाद में आरोपी ने मई 2026 में दूसरी महिला से विवाह कर लिया। मृतिका ने आरोपी के खिलाफ महिला थाना, जिला सिवनी में दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया था। आरोपी कथित तौर पर मृतिका पर राजीनामा करने का दबाव बना रहा था, लेकिन वह इसके लिए तैयार नहीं थी। आरोपी ने बताया कि उसने मृतिका को नागपुर से अपने साथ लिया था। 31 जुलाई से उसने उसे नागपुर, इटारसी और छिंदवाड़ा में अपने साथ रखा। इसके बाद 4 अगस्त को कार में ही ब्लेड से गला काटकर उसकी हत्या करने और शव को कायदी के पास नहर में फेंकने की बात पुलिस पूछताछ में सामने आई है। पुलिस के अनुसार हत्या के बाद आरोपी ने कार को गोंदिया रेलवे स्टेशन की पार्किंग में खड़ा किया और नागपुर तथा दुर्ग की ओर फरार हो गया था।

**हत्या में प्रयुक्त ब्लेड बरामद**-आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम ने गोंदिया रेलवे स्टेशन की पार्किंग से घटना में प्रयुक्त मारुति डिजायर कार, रक्तरंजित कपड़े, मृतिका के कपड़े, बैग, पहचान पत्र एवं अन्य सामान तथा हत्या में प्रयुक्त ब्लेड भी पुलिस ने जब्त किया है। वारासिवनी पुलिस ने आरोपी संतोष ठाकरे को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया हैं।

### इनका कहना हैं

मृतिका खुशबू डहरवाल और संतोष के बीच लम्बे समय से प्रेस प्रसंग था, संतोष की दूसरी शादी हो गई थीं और मृतिका ने सिवनी थाना में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद संतोष ने योजनाबद्ध तरिके से उससे बाते करने लगा और 31 जुलाई को नागपुर से उसे कार में लेकर निकला और कार में ही उसकी 4 अगस्त को ब्लेट से हत्या कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया।

**अनुप कुमार उइके, थाना प्रभारी**
**वारासिवनी**

# तिरंगा राष्ट्र की एकता, अखंडता, गौरव और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक : भाजपा




उमरिया (स्वतंत्रमत)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ उमरिया जिला मुख्यालय में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। रानी दुर्गावती चौक से प्रारंभ हुई यह यात्रा गांधी चौक पहुंची। यात्रा में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ व्यापारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल एवं बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा में हजारों हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लहराता नजर आया। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष तथा देशभक्ति गीतों के बीच शहर का वातावरण राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत रहा। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंची, जहां राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विधायक शिवनारायण सिंह ने कहा कि देश की एकता और अखंडता सर्वोपरि है तथा राष्ट्रहित में हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। तिरंगा यात्रा नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम, वीर बलिदानों और राष्ट्रधर्म से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर प्रारंभ हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान आज राष्ट्रव्यापी जनभागीदारी का प्रतीक बन चुका है और इससे राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को नई ऊर्जा मिली है। भाजपा के वरिष्ठ नेता मिथलेश पयासी ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान है। यह भारत की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान से जोड़ने का संकल्प है।

# उमरिया में एनालॉग पनीर पर खाद्य विभाग की सख्ती गुप्ता डेयरी से 10 किलो प्रतिबंधित पनीर जब्त

## असली दूध के पनीर के नाम पर कृत्रिम पनीर बेचने पर रोक, जांच के लिए लैब भेजा गया सैंपल

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मध्य प्रदेश सरकार ने उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए एनालॉग यानी कृत्रिम पनीर के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर सख्ती शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्पष्ट किया है कि राज्य में प्राकृतिक दूध से तैयार पनीर की ही बिक्री की अनुमति होगी और नियमों का उल्लंघन करने वाले कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एनालॉग पनीर पारंपरिक डेयरी आधारित पनीर का विकल्प है, जिसमें दूध से मिलने वाले घटकों की जगह आंशिक या पूरी तरह गैर-डेयरी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें वनस्पति वसा, स्टार्च, वनस्पति प्रोटीन सहित अन्य सामग्री का उपयोग किए जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। असली दूध से बने पनीर के नाम पर ऐसे उत्पादों की बिक्री को उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला माना जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार 12 अगस्त को खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने उमरिया शहर की विभिन्न डेयरियों में पहुंचकर पनीर की जांच की। टीम ने डेयरी संचालकों को प्रतिबंधित एनालॉग पनीर के संबंध में जानकारी दी और उपलब्ध स्टॉक की जांच की। जांच के दौरान गुप्ता डेयरी से करीब 10 किलो प्रतिबंधित एनालॉग पनीर जब्त कर सीज किया गया। जब्त पनीर का सैंपल नियमानुसार जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद शहर की अन्य डेयरियों और खाद्य कारोबारियों में भी हड़कंप की स्थिति देखने को मिली। बताया गया कि कई दुकानदारों और होटल-रेस्टोरेंट संचालकों ने कार्रवाई की आशंका और लाइसेंस संबंधी कार्रवाई के डर से अपने यहां रखे संदिग्ध अथवा प्रतिबंधित पनीर के स्टॉक को हटाना शुरू कर दिया। खाद्य विभाग की कार्रवाई में जिस तरह के एनालॉग पनीर पर रोक लगाई जा रही है, उसमें दूध के स्थान पर वनस्पति आधारित सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें पाम ऑयल, स्टार्च और अन्य सामग्री का उपयोग किए जाने की बात सामने आती है। ऐसे उत्पादों को यदि बिना स्पष्ट जानकारी दिए उपभोक्ताओं को दूध से बना वास्तविक पनीर बताकर बेचा जाता है तो यह उपभोक्ता को गुमराह करने वाला कृत्य माना जा सकता है। प्रशासन का जोर इस बात पर है कि ग्राहक को पनीर की वास्तविक प्रकृति की स्पष्ट जानकारी दी जाए, ताकि वह यह तय कर सके कि वह दूध से बना प्राकृतिक पनीर खरीद रहा है या किसी अन्य सामग्री से तैयार विकल्प। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजू वर्मा और टीम द्वारा शहर की डेयरियों में संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि ग्राहकों को पनीर की वास्तविक जानकारी बताकर ही बिक्री की जाए। यदि पनीर दूध से बना है तो इसकी स्पष्ट जानकारी दी जाए और किसी भी गैर-डेयरी या एनालॉग उत्पाद को असली दूध से बने पनीर के रूप में बेचने से बचा जाए। होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को भी खाद्य सामग्री की जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। विशेष रूप से यह स्पष्ट करने पर जोर दिया जा रहा है कि खाद्य पदार्थों में वास्तविक डेयरी उत्पाद का उपयोग किया जा रहा है अथवा कोई एनालॉग विकल्प इस्तेमाल किया जा रहा है।





### कार्रवाई आगे भी जारी रहने के संकेत

उमरिया शहर में हुई इस कार्रवाई के बाद खाद्य कारोबारियों में सतर्कता बढ़ गई है। खाद्य विभाग द्वारा डेयरियों, होटल और रेस्टोरेंट सहित अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में भी जांच जारी रहने की संभावना है। विभाग का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और सही जानकारी के साथ खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। गौरतलब है कि पनीर का इस्तेमाल बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन करते हैं। ऐसे में असली दूध के पनीर और एनालॉग पनीर की पहचान तथा उसकी सही जानकारी उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण हो जाती है। खाद्य विभाग की कार्रवाई से जहां मिलावट अथवा गलत लेबलिंग करने वाले कारोबारियों पर दबाव बढ़ा है, वहीं उपभोक्ताओं को भी खाद्य उत्पाद खरीदते समय उसकी गुणवत्ता और लेबल की जानकारी जांचने के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। फिलहाल गुप्ता डेयरी से जब्त 10 किलो पनीर का सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

# सूपा की धूम के बाद चलनी का आतंक, बड़े साहब लाए स्थगन तो छोटे साहब को मिला टारगेट और फंस गया लिपिक

मण्डला(स्वतंत्रमत)।





सहायक आयुक्त कार्यालय में धांधली बाजी थमने का नाम नही ले रही है। अभी टेंडर बांउड्री बॉल घोटाले की जांच भी नही हो पाई थी कि स्थानांतरण होकर मूल विभाग में वापस हुए सहायक आयुक्त अरूण शुक्ला अचानक कार्यालय में प्रगट हुए और स्थगन आदेश पर फिर से कुर्सी पर जम गए और आनन फानन में बैठक लेकर टारगेट दिए जाने की चर्चा भी चल पड़ी सहायक आयुक्त कार्यालय के अधीन जिले के 9 विकासखंडो के विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के साथ छात्रावास आश्रम और स्कूल भी हैं। वही जिसकी वानिगी विकासखंड शिक्षा कार्यालय नारायणगंज में देखने को मिली यहां का बाबू 5 हजार का रिश्वत लेते धराया है।

शिक्षा से जुड़े किसी भी कार्यालय में बिना लिए दिए कोई काम नही हो रहे हैं। निर्माण हो या खरीदी या फिर सेवानिवृत्त होने पर मिलने वाली राशि हर तरफ खुलेआम पैसे की मांग की जा रही है। क्यों की जा रही है। इसको लेकर तमाम नाम सामने आ रहे हैं वर्षो से पदस्थ अमला जिला प्रशासन की लुटिया डूबोने में लगा हुआ है। सहायक आयुक्त कार्यालय सर्वशिक्षा अभियान या जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय हर तरफ खुलेआम रिश्वतखोरी दिखाई देती है। खरीदी घोटाला निर्माण घोटाला तो परीक्षा घोटाला में समय-समय पर सामने आ चुकें हैं। ऐसा ही एक मामला विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नारायणगंज में पदस्थ लिपिक नोखेलाल बेलिया का सामने आया है। गुरुवार को जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने 5 हजार रुपये की रिश्वत लिपिक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार कन्या आश्रम सिवनी माल नारायणगंज में भृत्य के पद पर पदस्थ शिकायतकर्ता दशरथ लाल बरमैया ने लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत में आरोप लगाया गया कि उनके जीपीएफ खाते से एक लाख रुपये की राशि निकालने के एवज में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ लिपिक नोखेलाल बेलिया द्वारा 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत प्राप्त होने के बाद लोकायुक्त पुलिस जबलपुर ने मामले का सत्यापन कराया। शिकायत सही पाए जाने पर लोकायुक्त टीम ने रिश्वत लेते आरोपी को पकड़ने की योजना बनाई योजना के अनुसार शिकायतकर्ता ने रिश्वत की पहली किस्त के रूप में 5 हजार रुपये लिपिक को दिए इसी दौरान मौके पर मौजूद लोकायुक्त टीम ने लिपिक नोखेलाल बेलिया को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया कार्यवाही लोकायुक्त जबलपुर की उप निरीक्षक रेखा प्रजापति के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई आरोपी लिपिक के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है लोकायुक्त की कार्यवाही के बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सहित शिक्षा विभाग में मामले को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। सहायक आयुक्त कार्यालय में भले ही कुर्सी में बैठे अधिकारी बदले गए हों लेकिन व्यवस्था नही बदल पाई है। यहां आने वाले अधिकारी पद स्थापना से ही सरकारी धन की होली खेलना चालू कर देते हैं। जिसके लिए नए-नए पैतरे अपनाए जाते हैं। वहीं इन दिनों सहायक आयुक्त कार्यालय जमकर चर्चाओं में बना हुआ है। यहां चल रहे निर्माण कार्यों में किये जा रहे घपलेबाजी की जमकर चर्चा है तो वहीं नवीन टेंडरों में भी घोटाले की बू दिखाई दे रही है तो दूसरी तरफ हाल ही में हुए शिक्षकों के स्थानांतरण में भी जमकर लेन-देन किये जाने की चर्चा है।

जिले के भ्रष्ट कार्यालयों में सुमार सहायक आयुक्त आदिवासी कार्यालय में चल रहे निर्माण कार्यो की आखिर जांच क्यों नही की जा रही है। छोटे-छोटे निर्माण कार्यो में जांच टीम बैठाकर निर्माण एजेंसी को परेशान किया जाता है तो दूसरी तरफ जिस विभाग में करोड़ो अरबों के काम चल रहे हों उस विभाग को आखिर क्यों संरक्षण दिया जा रहा है क्या मामला कलेक्टर और जिले के सांसद विधायक और मंत्री के संज्ञान में नही है या फिर इसी तरह की लापरवाही और मिलीभगत चलती रहेगी मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 में जिले के नारायणगंज, घुघरी, बीजाडांडी, निवास, मोहगांव, बिछिया, नैनपुर और मंडला में करोड़ो रूपए के काम स्वीकृत कर दिए गए हैं इन निर्माण कार्यो के ठेकेदारों ने विभागीय सांठगांठ से अनेक कामों को हथिया लिया है।

## सखियों ने निकाली हरियाली यात्रा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित नवांकुर संस्था आदिवासी बैगा विकास समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के संयुक्त तत्वावधान में हरियाली उत्सव मनाया गया। खेरमाई माता मंदिर अमगवां में हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य पर नवांकुर सखियों की संगोष्ठी का आयोजन किया गया एवं नवांकुर सखियों द्वारा हरियाली यात्रा निकाली गई । परामर्शदात्री श्रीमती रागिनी हरदहा ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर अपने विचार व्यक्त किए आदिवासी बैगा विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री बडगैंया ने नवांकुर सखियों को लगभग 70 पौधे वितरण किए एवं हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा अभियान राष्ट्रीय जन उत्सव के बारे में बताया। इस दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सचिव श्री गंगाराम कौशिक, तारा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संध्या सिंगरौरे सहित ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

## भोपाल लैब भेजे गए नमूने

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में जिले में मिलावटी एवं दूषित खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा 12 अगस्त को तहसील बिछिया क्षेत्र में विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण एवं सैंपलिंग की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा गुणवत्ता जांच हेतु पटेल डेयरी बिछिया से क्रीम गाय का दूध एवं खोवा के सैंपल। गायत्री ट्रेडर्स सिझोरा से खसखस काली मिर्च एवं राई के नमूने तथा मां नर्मदा डेयरी एवं बेकरी से पनीर एवं घी के सैंपल संग्रहित किए गए।

## 17 अगस्त तक करें आवेदन

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों हेतु नई दिल्ली के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों से संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के तहत निर्धारित 100 विद्यार्थियों का चयन स्क्रीनिंग परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी एमपी ऑनलाईन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की आवेदन की अंतिम तिथि 17 अगस्त तथा स्क्रीनिंग परीक्षा तिथि 23 अगस्त, परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक तथा परीक्षा केंद्र भोपाल, इंदौर जबलपुर एवं शहडोल निर्धारित की जाएगी। प्रवेश पत्र 20 अगस्त के बाद एमपी ऑनलाईन एवं  से डाऊनलोड कर सकेंगे।

## आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** ग्राम पुरवा निवासी सुरेन्द्र चौधरी की 13 मई को नर्मदा नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला द्वारा मृतक की निकटतम वारसान पत्नी श्रीमती ग्यारसी बाई को प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। यह राशि शासन के प्रावधानों के अनुसार प्रदान की जाएगी।

## विद्यालय छात्रावासों का निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** समग्र शिक्षा अभियान के सहायक परियोजना समंवयक  मुकेश पांडे लोक शिक्षण संचालनालय के अशासकीय सदस्य अरविंद शर्मा एवं प्रोजेक्ट संकल्प के तकनीकी विशेषज्ञ राकेश चौरसिया ने बुधवार को निवास विकासखंड के शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील दुबे एवं संबंधित प्राचार्य उपस्थित थे। दल ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। यहां अधिकारियों ने छात्राओं को तय मीनू अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन देने तथा आईसीटी लैब के नियमित उपयोग के निर्देश दिए। सितंबर से निशुल्क कोचिंग रिमेडियल कक्षाएं और आत्मरक्षा प्रशिक्षण शुरू करने को कहा गया। सांदीपनि विद्यालय के निरीक्षण के दौरान नए भवन का 20 प्रतिशत कार्य अधूरा मिलने पर नाराजगी जताई। पीआईयू को समय-सीमा में कार्य पूर्ण कराने एवं वरिष्ठ स्तर पर पत्राचार का आश्वासन दिया। स्टाफ को निष्ठा से कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## मांगों को लेकर निकाली तिरंगा रैली



**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के आह्वान पर प्रदेश के शिक्षकों की तीन प्रमुख मांगों को लेकर तिरंगा रैली निकाली गई रैली कलेक्ट्रेट पहुंची जहां मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम का नेतृत्व जिला संयोजक दिलीप मरावी एवं प्रांतीय संयोजक डी.के. सिंगौर ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में अध्यापक एवं शिक्षक तिरंगा लेकर शामिल हुए और अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की मोर्चा ने सरकार के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखीं मोर्चा ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता में शामिल करना न्यायसंगत नहीं है। सेवारत शिक्षकों को टीईटी से स्थायी छूट प्रदान करते हुए उनकी वर्षों की सेवा एवं पूर्व में प्राप्त नियुक्ति अधिकारों का संरक्षण किया जाए शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए तथा इसका लाभ ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण, पेंशन सहित सभी संबंधित सेवा लाभों में दिया जाए मोर्चा ने वर्तमान व्यवस्था को शिक्षकों के लिए स्वैच्छिक करने की मांग की। शिक्षकों ने कहा कि विद्यालयों में नेटवर्क की समस्या, दूरस्थ क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों तथा अन्य व्यावहारिक कठिनाइयों को देखते हुए को अनिवार्य रखना उचित नहीं है।

## जनहितकारी मांगों को लेकर भोपाल पहुंची अध्यक्ष

मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।



नगर परिषद बम्हनी बंजर की अध्यक्ष श्रीमती मीना हरदहा ने नगर विकास एवं जनहित से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर भोपाल प्रवास के दौरान प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्रियों एवं अधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नगर के विकास से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों एवं लंबित समस्याओं को शासन स्तर पर उठाते हुए उनके शीघ्र निराकरण की मांग रखी भोपाल प्रवास के दौरान श्रीमती मीना हरदहा ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा संबंधित मंत्री श्रीमती संपतिया उइके से मुलाकात कर बम्हनी बंजर नगर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नगर की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों के लिए शासन से सहयोग एवं स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया नगर विकास योजना के अंतर्गत बम्हनी बंजर स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव प्रमुखता से रखा गया तालाब के सौंदर्यी करण से नगर की सुंदरता बढ़ने के साथ ही नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होने की उम्मीद है। इंडोर स्टेडियम निर्माण का प्रस्ताव भी शासन के समक्ष रखा गया। नगर परिषद से संबंधित अन्य समस्याओं के साथ-साथ कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा भी उठाया गया कर्मचारियों से जुड़े विषयों पर शासन स्तर से आवश्यक कार्यवाही किए जाने का अनुरोध किया गया इसके अलावा नगर में स्वच्छता कर से संबंधित विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। श्रीमती मीना हरदहा ने नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे से भी मुलाकात की। इस दौरान बम्हनी बंजर नगर परिषद के विभिन्न विकास कार्यों, स्वच्छता कर तथा अन्य स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की गई। उन्होंने नगर की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को गति देने और लंबित मामलों में शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया अधिकारियों द्वारा नगर विकास से जुड़े विषयों पर शासन स्तर पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया गया।

## पुलिस बैंड ने राष्ट्रीय धुनों से बांधा समा

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा पुलिस लाइन ग्राउंड से प्रारंभ हुई। निर्धारित मार्ग नेहरू स्मारक, बंजर चौक, रेडक्रॉस, चिलमन चौक एवं बड़ा चौक होते हुए उदय चौक तक तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधि जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी पुलिस जिलाबल, 35वीं वाहिनी, सीआर पीएफ 148वी, होमगार्ड, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी युवा विद्यार्थी सामाजिक संगठन एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए तिरंगा यात्रा के उदय चौक पहुंचने पर मंडला पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रीय धुनों पर आधारित भव्य प्रदर्शन किया गया। संगीतमय प्रस्तुति ने उपस्थित नागरिकों में उत्साह और राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रबल किया। कार्यक्रम के दौरान देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमापूर्ण समापन हुआ राष्ट्रगान के दौरान उपस्थित नागरिकों ने सम्मानपूर्वक खड़े होकर राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी श्रृद्धा व्यक्त की कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सम्पतियां उईके, भाजपा प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे, पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा, सहायक कलेक्टर शैलेंद्र चौधरी, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीओपी पीयूष मिश्रा, डीएसपी सतीश चतुर्वेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दुकान से नगदी और तार बंडल चोरी

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

जिले के बीजाडांडी थाना अंतर्गत बीजाडांडी बाजार स्थित एक हार्डवेयर दुकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लगभग 30 हजार रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि इस पूरी चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी में स्पष्ट दिख रहा है कि चोर कैसे दुकान के अंदर प्रवेश किया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अज्ञात चोर की तालाश शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ऋषभ साहू जो पेशे से जबलपुर कोर्ट में वकील हैं उन्होंने पुलिस को बताया कि यह दुकान उनके पिता झुन्नी लाल साहू के नाम पर है और इसका संचालन उनका छोटा भाई ऋषि साहू करता है। 12 अगस्त की रात करीब 8 बजे ऋषि साहू दुकान बंद कर अपने घर बरेला चला गया था। इसके बाद दूसरे 13 अगस्त गुरूवार की सुबह करीब 10 बजे जब वह वापस लौटा और शटर खोला तो देखा कि दुकान के बाजू में लगी टीन की चादर कटी हुई है। अज्ञात चोरों ने टीन की चादर काटकर दुकान के अंदर रखी सीढ़ी के सहारे भीतर प्रवेश किया और चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया गया कि अज्ञात चोरों ने दुकान से करीब 30 हजार रूपए का सामान पार कर दिया है। जिसमें दुकान के दराज में रखे 25 हजार रुपये नगद, 4 नग तार के बंडल और दुकान के कुछ बिल और जरूरी दस्तावेज नहीं है। चोरी गए कुल सामान की कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई है।



## राष्ट्रप्रेम शहीदों के सम्मान में तिरंगा यात्रा

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत मंडला में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में राष्ट्रप्रेम का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। तिरंगे के सम्मान में पूरा मंडला उमड़ पड़ा। जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में नागरिक तिरंगा यात्रा में शामिल होने पहुंचे। तिरंगा यात्रा के दौरान जनजातीय संस्कृति की मनोहारी झलक भी देखने को मिली जिसने आयोजन की गरिमा और उत्साह को और बढ़ाया इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके ने कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन बान और शान का प्रतीक है। तिरंगा यात्रा के दौरान पूरा मार्ग तिरंगों से सजा नजर आया बड़ी संख्या में नागरिक हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए भारत माता की जय, वंदे मातरम् सहित देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंजता रहा यात्रा में शामिल लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया युवाओं और विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की तिरंगा यात्रा अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए उदय चौक पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ उदय चौक पहुंचने पर वीर शहीद उदयचंद जैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

उपस्थित नागरिकों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रृद्धांजलि अर्पित की इसके पश्चात राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमापूर्ण समापन हुआ। राष्ट्रगान के दौरान सभी उपस्थित नागरिकों ने सम्मानपूर्वक खड़े होकर राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्र के प्रति अपनी श्रृद्धा व्यक्त की।

## आईटीआई में प्रवेश 16 अगस्त तक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में ओपन राउंड के तहत प्रवेश के लिए मध्यप्रदेश सहित राज्य के बाहर के आवेदकों हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन त्रुटि सुधार एवं वाइस फिलिंग की प्रक्रिया 16 अगस्त तक विभागीय डीएसडी पोर्टल पर की जा सकती है आईटीआई में उपलब्ध व्यवसायों में रिक्त सीटों की जानकारी शासकीय आईटीआई मंडला एवं विभागीय पोर्टल पर देखी जा सकती है। प्रवेश के लिए चयन सूची 20 अगस्त को जारी की जाएगी। महिलाओं के लिए सभी व्यवसायों में 35 प्रतिशत स्थान आरक्षित किए गए हैं। आवेदकों की सुविधा के लिए आईटीआई में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है जहां पंजीयन संबंधी सहायता उपलब्ध रहेगी आवेदक प्रवेश से संबंधित जानकारी विभाग के डीएसडी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं अथवा निकटतम शासकीय आईटीआई में स्थापित हेल्प डेस्क पर स्वयं उपस्थित होकर जानकारी एवं पंजीयन फॉर्म भर सकते हैं।

## कैबिनेट मंत्री करेंगी ध्वजारोहण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर आज पुलिस ग्राउंड में समारोह की रिहर्सल आयोजित की गई रिहर्सल के दौरान मुख्य समारोह में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार अभ्यास किया गया इस दौरान ध्वजारोहण राष्ट्रगान परेड एवं मार्चपास्ट सहित समारोह की अन्य व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास किया गया।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री ने ली बैठक

मण्डला(स्वतंत्रमत)।



भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार में 9 से 15 अगस्त तक आयोजित किये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी राहुल कोठारी, प्रदेश की कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके शामिल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। तत्पश्चात भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारियों बैठक आयोजित की गई। बैठक में हर घर तिरंगा अभियान, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस, संत रविदास जयंती वर्ष सहित आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने जिले में संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक के बाद सभी जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता पुलिस लाइन में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा का समापन उदय चौक पर हुआ। यहां शहीद उदय चंद जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

## 15 को शुष्क दिवस घोषित

***मण्डला ( स्वतंत्र मत )।*** *मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026-27 की अवधि के लिए देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री की दुकानों के निष्पादन संबंधी प्रावधानों के तहत 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 15 अगस्त को जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, रिसोर्ट बार, मिलिट्री कैंटीन तथा देशी मदिरा भाण्डागार बंद रखे जाएंगे। शुष्क दिवस के दौरान जिले में मदिरा का आयात, निर्यात, परिवहन, विनिर्माण, संग्रहण, कब्जा एवं विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।*

## 705.7 मिमी वर्षा दर्ज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में इस वर्ष मानसून सत्र के दौरान अब तक औसत से कम बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख विभाग मण्डला द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 1 जून 2026 से 13 अगस्त तक जिले में औसतन 705.7 मिलीमीटर वर्षा हुई है। गत वर्ष 2025 में इसी अवधि तक जिले में औसत वर्षा 1188.78 मिलीमीटर दर्ज की गई थी। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अब तक वर्षा में 40.6 प्रतिशत की गिरावट आई है।


**न्यायालय तहसीलदार नैनपुर जिला-मण्डला (म.प्र.)**

पत्र क्र./तह./प्रवा/2026/ नैनपुर-दिनांक 31.07.2026
प्र.क्र. 25 (अ-20(3) 25-26

**इश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम तुईयापानी, तहसील नैनुपर, जिला मण्डला को सूचित किया जाता है कि ग्राम तुईयापानी, प.ह.नं. 19, रा.नि.म. पिण्डरई, में स्थित भूमि ख.नं. 245/1 रकबा 0.8900 में से रकबा हे. भूमि गोदाम एवं बीज भण्डारण हेतु भूमि आवंटन के लिये आवेदक/विभाग संस्था बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिण्डरई के द्वारा भूमि आवंटन की मांग हेतु आवेदन पत्र श्रीमान् कलेक्टर महो. मण्डला के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है अत: एतद द्वारा इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि के सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 14.08.2026 को दिन के 11.00 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार नैनपुर**

संपादकीय

## जेन-जी की प्रासंगिकता

इन दिनों चारों तरफ जेन-जी की ऐसी धूम मची है मानो यही एकमात्र राष्ट्रीय मुद्दा और मसला हो! जेन-जी आंदोलित हो रही है, लिहाजा देश के विभिन्न हिस्सों में परिदृश्य बदल रहे हैं। देहरादून में दिव्यांग छात्रों ने, जयपुर के एक स्कूल में 'मूक-बधिर' छात्राओं ने, बिहार के मुजफ्फरपुर समेत दिल्ली, केरलम, कर्नाटक, पंजाब आदि राज्यों में छात्रों, युवाओं के विरोध-प्रदर्शनों ने एक नया उबाल पैदा कर दिया है। यह देश की जेन-जी है, जिसकी संख्या 37-40 करोड़ बताई जा रही है। इनमें करीब 27 करोड़, 25 फीसदी से अधिक, मतदाता हैं, जिनकी संख्या 2029 के लोकसभा चुनाव तक बढ़ सकती है। 2027 में उप्र, गुजरात समेत सात राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। वहां करीब 22 फीसदी जेन जी हैं। यदि 5 फीसदी वोट ही इधर-उधर हो गए, तो सत्ता के तमाम समीकरण असंतुलित हो जाएंगे। जेन-जी के इन तमाम विरोध-प्रदर्शनों में 'कॉकरोच' अनुपस्थित रहे हैं, लेकिन सी-वोटर के एक सर्वेक्षण में 'प्रमुख कॉकरोच' अभिजीत दिपके को 'नेता' के तौर पर 12 फीसदी से अधिक लोगों ने पसंद किया। बेशक सर्वे का सैंपल साइज सीमित हो, लेकिन यह जनमत भी महत्वपूर्ण है, जबकि दिपके का जेन-जी में योगदान 'राजनीतिक-सा' रहा है। अभी उन्हें खुद को जेन-जी का प्रतिनिधि चेहरा साबित करना है। सर्वे की इस पसंद की थाह और वजह तो नहीं पता, बहरहाल जेन-जी की प्रासंगिकता के कारण ही प्रधानमंत्री मोदी ने आईआईटी दिल्ली के 3036 'नव स्नातकों' को संबोधित किया, उन्हें 'गुरु मंत्र' की तरह उपदेश दिया और जेन-जी को ताकत मानते हुए उनमें 'भरोसा' जताया। जेन-जी देश की ताकत और भविष्य हैं। वे सवाल भी करें, लेकिन समाधान भी खोजें। बहरहाल जेन जी उबल रही है। उसमें आक्रोश, नाराजगी, गुस्सा, उपेक्षा और वंचित होने के भाव हैं, तो उनके भी भयावह और बुनियादी कारण हैं। मसलन-बीते एक दशक के दौरान करीब 1.02 लाख सरकारी स्कूल बंद हुए हैं। करीब 1.04 लाख स्कूलों में एक ही अध्यापक है, जो छात्रों को सभी विषय पढ़ाता है। दुनिया का एक और आश्चर्य! सरकारी स्कूलों में औसतन 5.1 शिक्षक हैं, जबकि निजी स्कूलों में यह औसत 11.1 है। सरकारी स्कूलों में इतने पद खाली हैं, यदि उन्हें भर लिया जाए, तो बेरोजगारी एकदम नीचे आ जाएगी। करीब 33 लाख छात्र इन एक-अध्यापकीय स्कूलों में पंजीकृत हैं। ऐसे पंजीकरण को ही साक्षरता दर माना जाता रहा है, लिहाजा राष्ट्रीय दर शानदार लगती है। यथार्थ तो बेहद काला और कुरूप है। इन स्कूलों में छात्र पढ़ने जाते हैं अथवा नहीं, इसका कोई डाटा उपलब्ध नहीं है, लेकिन एक भयावह तथ्य जरूर है कि देश में करीब 48 फीसदी छात्र 12वीं कक्षा तक अपनी पढ़ाई जारी नहीं रख पाते। देश में 69,673 सरकारी स्कूलों में लड़कों के लिए शौचालय नहीं हैं और 46,345 स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालय की सुविधाएं नहीं हैं। लाइब्रेरी से वंचित 55083 स्कूल हैं, जबकि 4.08 लाख सरकारी स्कूलों में कम्प्यूटर की पूरी सुविधाएं नहीं हैं। विडंबना है कि करीब 48 फीसदी छात्र सरकारी स्कूलों में ही पढ़ाई कर पाते हैं, क्योंकि उनके परिवार गरीब, निम्न दर्जे के हैं, निजी स्कूल के खर्चे वहन करने में असमर्थ हैं। ये जेन-जी बनेंगे, तो उन्हें पर्याप्त रोजगार कैसे मिलेगा अथवा वे प्रतियोगी परीक्षाएं कैसे पास करेंगे? ऐसे असंख्य आंकड़े और डाटा हैं। हम ऐसे नकारात्मक पक्ष को पेश करने के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन यही यथार्थ है, जो जेन जी को पैदा कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी कई बार गिनवाते रहे हैं कि सरकार ने कितने स्कूल, कॉलेज खोले, लेकिन हम विश्व के शीर्ष 100 संस्थानों में भी शामिल नहीं हैं! यही हमारी शिक्षा-नीति है। कहने का तात्पर्य यह भी है कि हमारी शिक्षा गुणवत्ता की दृष्टि से ऊंचाई को नहीं छू पाई है। नई शिक्षा नीति जरूर बनाई गई है, कार्यान्वयन के स्तर पर अभी हम उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल नहीं कर पाए हैं।

## संसद का तीसरा सप्ताह भी हंगामे की भेंट

# जनता पूछ रही–आखिर कब होगी मुद्दों पर चर्चा?

कांतिलाल मांडोत

संसद का मानसून सत्र अपने अंतिम दौर में पहुंच चुका है, लेकिन जिस उम्मीद के साथ देश की जनता ने जनप्रतिनिधियों को संसद भेजा था, वह उम्मीद लगातार कमजोर होती जा रही है। मंगलवार को एक बार फिर संसद परिसर से लेकर लोकसभा और राज्यसभा तक सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिला। संसद के बाहर एनडीए सांसदों ने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया तो विपक्षी सांसदों ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारे लगाए। दोनों पक्षों के सांसद आमने-सामने आए और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया। परिणाम यह हुआ कि सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही समय बाद दोपहर दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हुआ था और अब इसके समाप्त होने में केवल कुछ दिन शेष हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या बचे हुए समय में संसद अपने वास्तविक कामकाज की ओर लौट पाएगी? संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहां देश के करोड़ों लोगों से जुड़े मुद्दों पर बहस, सवाल और समाधान की उम्मीद की जाती है। लेकिन लगातार हंगामे और नारेबाजी के कारण सांसदों को अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाने और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करने का पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहा है।

मंगलवार को संसद परिसर में एनडीए सांसदों ने मकर द्वार तक विरोध मार्च निकाला। उनके हाथों में राहुल गांधी के खिलाफ पोस्टर थे और वे झारखंड में छात्र प्रदर्शनकारियों पर हुए लाठीचार्ज के मुद्दे को लेकर राहुल गांधी से जवाब मांग रहे थे। भाजपा सांसद मुकेश दलाल ने सवाल उठाया कि राहुल गांधी झारखंड क्यों नहीं गए। इसी दौरान कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वहां पहुंचीं। भाजपा सांसदों की ओर से राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगाए जा रहे थे। प्रियंका गांधी ने इसका जवाब देते हुए कहा कि राहुल गांधी झारखंड गए हैं और छात्रों से मिल भी चुके हैं।

यह घटनाक्रम संसद के भीतर चल रहे राजनीतिक टकराव का विस्तार ही नजर आया। विपक्ष झारखंड में छात्रों के खिलाफ हुई पुलिस कार्रवाई और 20 जुलाई को दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शनकारियों पर हुए लाठीचार्ज के मामले में गृह मंत्री अमित शाह से जवाब मांग रहा है। सरकार की ओर से कहा गया है कि गृह मंत्री इस मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं। वहीं राहुल गांधी का कहना है कि विपक्ष केवल गृह मंत्री की राय सुनना नहीं चाहता, बल्कि यह जानना चाहता है कि छात्रों पर पुलिस कार्रवाई और गोलीबारी का आदेश किसने दिया।



कांग्रेस की ओर से भी सरकार पर लगातार निशाना साधा जा रहा है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि राहुल गांधी ने झारखंड में छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना के तुरंत बाद उसकी निंदा की थी। दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस पर छात्रों के मुद्दे पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के पास तथ्य नहीं हैं और विपक्ष सरकार का जवाब सुनने के बजाय केवल आरोप लगाना चाहता है। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने भी राहुल गांधी पर सदन चलने देने से बचने का आरोप लगाया और कहा कि जब गृह मंत्री चर्चा के लिए तैयार हैं तो विपक्ष को सदन चलने देना चाहिए।

राजनीतिक दलों के बीच इस आरोप-प्रत्यारोप का सबसे बड़ा नुकसान संसद के कामकाज को हो रहा है। सत्ता पक्ष का कहना है कि विपक्ष चर्चा से भाग रहा है, जबकि विपक्ष का आरोप है कि सरकार महत्वपूर्ण सवालों के जवाब देने से बच रही है। लोकतंत्र में दोनों पक्षों के अपने-अपने तर्क हो सकते हैं, लेकिन संसद का उद्देश्य केवल एक-दूसरे पर राजनीतिक आरोप लगाना नहीं है। सत्ता पक्ष के पास सरकार चलाने की जिम्मेदारी है तो विपक्ष के पास सरकार से सवाल पूछने और उसकी नीतियों की जांच करने की जिम्मेदारी है। दोनों भूमिकाएं लोकतंत्र के लिए समान रूप से जरूरी हैं।

विपक्ष को सरकार से सवाल पूछने, विरोध दर्ज कराने और जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने का पूरा अधिकार है। इसी तरह सरकार को भी विपक्ष के सवालों का जवाब देने और अपनी नीतियों का पक्ष रखने का अधिकार है। लेकिन जब विरोध प्रदर्शन सदन की कार्यवाही को लगातार बाधित करने का माध्यम बन जाता है, तब लोकतांत्रिक बहस कमजोर पड़ती है। सवाल यह नहीं होना चाहिए कि किस दल ने ज्यादा नारे लगाए या किसने किसके खिलाफ पोस्टर दिखाए। असली सवाल यह होना चाहिए कि देश की जनता के लिए संसद ने क्या काम किया। संसद में एक दिन की कार्यवाही पर सार्वजनिक धन का बड़ा हिस्सा खर्च होता है। सांसदों के वेतन और भत्तों से लेकर संसद की सुरक्षा, प्रशासन, कर्मचारियों और अन्य व्यवस्थाओं तक जनता के कर से प्राप्त धन खर्च होता है। इसलिए संसद का प्रत्येक मिनट महत्वपूर्ण है। जब सदन लगातार स्थगित होता है तो नुकसान केवल सरकार या विपक्ष का नहीं होता, बल्कि सीधे जनता का होता है। देश के अलग-अलग हिस्सों से चुनकर आए सांसद अपने क्षेत्रों की समस्याएं संसद में उठाने का अवसर खो देते हैं। देश में इस समय रोजगार, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों की समस्याएं, युवाओं के भविष्य, बुनियादी ढांचे और कानून-व्यवस्था जैसे अनेक मुद्दे हैं। अलग-अलग राज्यों के सांसद अपने क्षेत्र की सड़क, पानी, बिजली, रेल, उद्योग, सिंचाई और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को संसद के सामने रखना चाहते हैं। लेकिन राजनीतिक टकराव के कारण उनका समय हंगामे में निकल जाता है। यह स्थिति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए चिंताजनक है।

यह भी सही है कि केवल विपक्ष को संसद ठप होने के लिए जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं होगा। सत्ता पक्ष की भी जिम्मेदारी है कि वह विपक्ष द्वारा उठाए गए गंभीर मुद्दों को पर्याप्त महत्व दे और संवाद का रास्ता खुला रखे। विपक्ष के सवालों का जवाब देना सरकार की लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है। वहीं विपक्ष की जिम्मेदारी है कि वह सरकार के जवाब को सुने और असहमति होने पर संसदीय तरीकों से अपना विरोध दर्ज कराए। संसद में बहस हो, तीखी बहस हो, सरकार की आलोचना हो, लेकिन चर्चा का मंच बंद नहीं होना चाहिए।

संसद में हंगामा कोई नई बात नहीं है। लोकतांत्रिक राजनीति में विरोध प्रदर्शन और असहमति स्वाभाविक हैं। कई बार विपक्ष को अपनी आवाज बुलंद करने के लिए सदन में विरोध का सहारा लेना पड़ता है। लेकिन जब लगातार कई दिन तक कामकाज बाधित हो और महत्वपूर्ण विधेयक तथा जनहित के विषय चर्चा से बाहर हो जाएं, तब पूरे संसदीय तंत्र पर सवाल खड़े होते हैं।

मानसून सत्र का तीसरा सप्ताह भी इसी राजनीतिक खींचतान में निकलता दिखाई दे रहा है। इससे पहले राम मंदिर चढ़ावे से जुड़े कथित मामले को लेकर विपक्ष ने प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ सरकार और एनडीए सांसद विपक्ष के रवैये पर सवाल उठाते रहे हैं। कुछ विधेयक सदन में पारित जरूर हुए हैं, लेकिन व्यापक स्तर पर बहस और चर्चा का वातावरण नहीं बन पाया है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि यदि संसद में जनप्रतिनिधियों को जनता से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा का अवसर नहीं मिलेगा तो फिर लोकतंत्र की सबसे बड़ी संस्था की उपयोगिता कैसे सुनिश्चित होगी?

देश की जनता पक्ष और विपक्ष दोनों से जवाब चाहती है। जनता यह नहीं देखना चाहती कि संसद के बाहर किसने किसके खिलाफ नारे लगाए। वह यह देखना चाहती है कि उसके सांसद उसके जीवन से जुड़े सवाल कब उठाएंगे। किसान अपनी समस्याओं का समाधान चाहता है, युवा रोजगार और शिक्षा के अवसर चाहता है, व्यापारी बेहतर आर्थिक माहौल चाहता है और आम नागरिक महंगाई तथा सुविधाओं से जुड़े सवालों का जवाब चाहता है। इन सभी सवालों का सबसे बड़ा मंच संसद ही है। इसलिए अब समय आ गया है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों राजनीतिक टकराव से ऊपर उठकर संसद को चलाने की जिम्मेदारी निभाएं। सरकार को विपक्ष के गंभीर सवालों का जवाब देना चाहिए और विपक्ष को भी चर्चा के दौरान अपनी बात रखने के बाद सरकार का पक्ष सुनना चाहिए। यदि किसी मुद्दे पर मतभेद है तो मतदान हो सकता है, संसदीय समितियों में चर्चा हो सकती है और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराया जा सकता है। लेकिन सदन को लगातार बाधित करना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है।

संसद केवल सांसदों की संस्था नहीं है। यह देश के नागरिकों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। संसद में जब एक सांसद अपने क्षेत्र की सड़क, अस्पताल, स्कूल या रोजगार की समस्या उठाता है तो उसके पीछे हजारों लोगों की आवाज होती है। जब संसद हंगामे के कारण नहीं चलती, तब उन आवाजों को भी मंच नहीं मिल पाता।

मानसून सत्र के अब कुछ ही दिन शेष हैं। ऐसे में देश की जनता की अपेक्षा साफ है कि बचे हुए समय का अधिकतम उपयोग जनहित के मुद्दों पर चर्चा के लिए किया जाए। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप चुनावी मैदान में होते रहेंगे, लेकिन संसद का समय वापस नहीं आता। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को यह समझना होगा कि सदन चलाना किसी एक दल की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक संवैधानिक दायित्व है।

लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष एक-दूसरे के विरोधी जरूर हो सकते हैं, लेकिन संसद के प्रति दोनों की जिम्मेदारी समान है। जनता ने उन्हें बहस करने, सवाल पूछने और जवाब देने के लिए चुना है, सदन रोकने के लिए नहीं। इसलिए अब जरूरत नारेबाजी की नहीं, संवाद की है; टकराव की नहीं, बहस की है और राजनीतिक आरोपों की नहीं, जनता के सवालों के समाधान की है। संसद चलेगी तभी लोकतंत्र की आवाज मजबूत होगी और देश आगे बढ़ेगा।

# चीन की जमीन हड़पने की भूख कभी खत्म नहीं होगी

सनत जैन

अरूणाचल पर चीन का कब्जा बढ़ता जा रहा है। 3 जिलों में चीन के सैनिक घुस गए हैं। भारतीय क्षेत्र में चीन ने स्थायी निर्माण कर लिये हैं। वहां की जनता शिकायतें कर रही हैं। इसके बाद भारत का विदेश मंत्रालय सक्रिय हुआ। भारत सरकार ने कहा अरूणाचल भारत का हिस्सा था, आगे भी बना रहेगा। चीन और भारत के बीच सीमा विवाद स्वतंत्रता के बाद से ही चल रहा है, लेकिन पिछले एक दशक में चीन ने जिस सुनयोजित तरीके से भारत की सीमा से लगे हिस्सों पर कब्जा किया है। भारत सरकार की चुप्पी से यह मामला अब गंभीर हो गया है। चीन और भारत के बीच में सीमा विवाद 8 दशकों से चल रहा है। चीन ने पहले भारत के साथ हिंदी चीनी भाई-भाई का नारा देकर विश्वासघात किया और भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया। 1962 के युद्ध में जब भारत आर्थिक एवं सामरिक रूप से बहुत कमजोर था। तत्कालीन भारत सरकार ने युद्ध लड़ा, और चीन को मुंहतोड़ जवाब दिया। 1950 में तिब्बत पर चीनी नियंत्रण होने के बाद भारत ने अपनी सीमा सुरक्षा को मजबूत करने का हर संभव प्रयास किया। 1959 में दलाई लामा को भारत में शरण दी, जिसके कारण 1962 का युद्ध भी हुआ। चीन और भारत के बीच युद्ध के बाद चीन ने भारत के साथ सीमा का विवाद जारी रखा। 1962 के युद्ध के बाद चीन की कभी हिम्मत नहीं हुई, वह भारतीय भूमि पर कब्जा कर सके। 1971 में इंदिरा गांधी ने जब पाकिस्तान से बांग्लादेश को अलग किया और अमेरिका को मुंह तोड़ जवाब दिया। उसके बाद से चीन ने कभी भी भारत की भूमि पर कब्जा करने की कोशिश नहीं की। सीमा विवाद को लेकर जरूर विवाद बना रहा। भारत सरकार ने भी चीन के साथ संबंधों को बनाए रखा, सीमा पर भारत हमेशा सतर्क रहा।

पिछले कुछ वर्षों से चीन ने अरुणाचल और सीमावर्ती राज्यों में सुनियोजित तरीके से टुकड़े-टुकड़े में कब्जा करने की कोशिश की। भारत सरकार ने चीन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध नहीं किया। पिछले एक दशक में चीन के साथ भारत के व्यापारिक संबंध लगातार बढ़ते चले गए। वर्तमान सरकार के चीन के साथ व्यापारिक और राजनीतिक रिश्ते बढ़ते रहे। इसके बाद भी सीमा पर तनाव बढ़ता चला गया। भारतीय सीमावर्ती राज्यों में चीन का कब्जा बढ़ने तथा सेना के साथ भिड़ंत होने, भारतीय सैनिकों की शहादत होने के बाद, भारत सरकार का संसद में यह कहना, चीन ना घुसा है, ना भारत की किसी भूमि पर कब्जा हुआ है। इसके बाद चीन को शह मिली, भारत के विदेश मंत्री का सार्वजनिक रूप से यह कहना, चीन की अर्थव्यवस्था भारत से बहुत बड़ी है। हम चीन के साथ लड़ाई नहीं कर सकते हैं। उसके बाद भारत के सीमावर्ती इलाकों पर चीन ने अपनी घुसपैठ बढ़ा दी। अरुणाचल के तीन जिलों में चीनी सैनिक लगातार अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं। कब्जा कर रहे हैं। भाजपा सांसद और अरुणाचल के लोग कई बार इसकी शिकायत भारत सरकार और जिला प्रशासन से कर चुके हैं। इसके बाद भी भारत सरकार की चुप्पी सभी को आश्चर्यचकित कर रही है। चीन के साथ पिछले वर्षों में जिस तरह से संघ और भाजपा नेताओं का मेल-जोल बढ़ रहा है। चीन के साथ भारत का व्यापार लगातार बढ़ रहा है। चीन से आयात ज्यादा हो रहा है, निर्यात कम हो रहा है। व्यापार घाटा बहुत बढ़ गया है, इसके बाद भी भारत सरकार चुप है। इसके पीछे कोई ना कोई बड़ा कारण जरूर होगा। वर्तमान सरकार भारतीय हितों की उपेक्षा कर रही है। अब तो अति हो गई है, अरुणाचल के तीन जिलों के नागरिक खुलकर विरोध दर्ज करा रहे हैं। इतने संवेदनशील मामले में भारत सरकार की चुप्पी से भारत की सुरक्षा और सीमाएं दोनों ही खतरे में है।

भारत के रिश्ते अपने पड़ोसी देशों के साथ केवल इसलिए कमजोर हो गए हैं, भारत अब चीन से मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है। ऐसी स्थिति में पड़ोसी देशों ने चीन के साथ अपने रिश्ते बना लिए, भारत के साथ पड़ोसी देशों के रिश्ते काफी कमजोर हो गए हैं। भारत के राष्ट्रीय हित और संप्रभुता खतरे में आ गई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है, पहली बार केंद्र में कमजोर सरकार है, जो चीन के कब्जे को रोक नहीं पा रही है।

वर्तमान सरकार के राजनीतिक नेतृत्व को चीन यह मानकर चल रहा है, सरकार चीन के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करेगी। इसलिए वह मनमानी कर रहा है। बड़े सुनियोजित तरीके से धीरे-धीरे वह अपना कब्जा बढाता जा रहा है। चीन के साथ भारत का व्यापार भी बढ़ रहा है। चीन की जमीन हड़पने की भूख खत्म नहीं हो रही है। इन परिस्थितियों में कहा जा रहा, सही मायने में भारत का सबसे बड़ा दुश्मन आज की तारीख में चीन है। भारत की अर्थव्यवस्था और विश्व गुरु बनने के भारत के नारे ने सबसे ज्यादा चीन को प्रभावित किया है। चीन का मानना है, भारत यदि मजबूत होगा, तो एशियाई देशों में उसे चुनौती मिल सकती है। भारत ही चीन का सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी है। इसलिए चीन सुनियोजित रूप से भारत को कमजोर करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहा है। वर्तमान राजनीतिक नेतृत्व अपरोक्ष रूप से चीन की एक तरह से मदद कर रहा है, यही कहा जा सकता है।

चिंतन-मनन

## जो नहीं है उसे पाना हो ध्येय

असंतुष्ट होने का अर्थ दुखी होना नहीं है। असल में कोई आदमी पूरी तरह सुखी होकर भी असंतुष्ट हो सकता है। सुखी होने का मतलब है, जो है, उसे आनंद से भोगना। और असंतुष्ट होने का अर्थ है- जो नहीं है उसे आनंद से पैदा करने का श्रम करना। जब अधिकतम लोग समाज में इस भांति श्रम करते हैं तो समाज संपन्न और समृद्ध होता है। और जब अधिक लोग ऐसा सोचते हैं कि जो है बस ठीक है, वही रुक जाना है, तो फिर पूरा समाज धीरे-धीरे दरिद्र हो जाता है। जिंदगी का सारा विकास, जो नहीं है, उसे पाने से ही होता है। इसलिए मैं तो कहूंगा कि ऐसा किसी जगह मानने की जरूरत नहीं है कि अब सब पूरा हो गया, अब भला मुझे क्या करना है! यह मरने के ढंग हैं। यह अपने भीतर जिंदा रहते हुए मर जाना है।



जब तक श्वास है, तब तक एक भी श्वास व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। फिर भी अगर किसी व्यक्ति को ऐसा लगता हो कि मेरी तो सच में ही सारी आवश्यकताएं पूरी हो गईं, तो फिर ऐसे व्यक्ति को दूसरों की आवश्यकताएं पूरा करने में लग जाना चाहिए। अगर किसी व्यक्ति को पक्का ऐसा लगता है कि मेरी तो सभी आवश्यकताएं पूरी हो गईं, मैं क्यों श्रम करूं? तो उसे चारों तरफ देखना चाहिए कि अब मेरा काम तो जमीन पर खत्म हो गया, लेकिन दूसरों की आवश्यकताएं पूरी नहीं हुई हैं, उनके लिए मैं श्रम करने में लग जाऊं।

लेकिन श्रम से नहीं बचा जा सकता। आपकी अपनी आवश्यकताएं पूरी हो गई हैं, तो अपने चारों तरफ देखिए। बहुत लोगों की पूरी नहीं हुई हैं, अत: उनके लिए श्रम करने में लग जाइए। लेकिन खाली बैठने का हक किसी को नहीं है। संन्यासी को भी खाली बैठने का हक नहीं है। देश को संपन्न करना है तो सभी को श्रम में लगना ही चाहिए। और श्रम में हम तभी लगेंगे जब कोई आवश्यकता पूरी करनी हो। चाहे अपनी, चाहे किसी दूसरे की, लेकिन आवश्यकता पूरी करने की दौड़ जारी रहनी चाहिए। यह दौड़ शांत हो, यह दौड़ आनंदपूर्ण हो, इतना मैं कहूंगा। यह दौड़ पागल की नहीं होनी चाहिए, विक्षिप्त की नहीं होनी चाहिए। यह दौड़ नींद को हराम कर देने वाली नहीं होनी चाहिए। यह दौड़ ऐसी नहीं होनी चाहिए कि आदमी बिल्कुल होश खो दे और दौड़ता रहे, और उसे पता भी न हो कि कहां दौड़ रहा है। यह दौड़ बहुत आनंदपूर्ण होनी चाहिए, यह दौड़ बहुत शांत होनी चाहिए, यह दौड़ बहुत स्वस्थ होनी चाहिए। यह हो सकती है। लेकिन हमने इस तरफ सोचा नहीं

# संसदीय समिति की रिपोर्ट से उठते सवाल- प्राइवेट अस्पतालों और स्कूलों की लूट पर कब लगेगी लगाम?

संतोष कुमार पाठक

**ऐसे में प्राइवेट अस्पतालों को लेकर आई संसदीय समिति की एक रिपोर्ट ने फिर से इस घाव को ताजा कर दिया है। एक बार फिर से वही पुराना सवाल उठ कर खड़ा हो गया है कि खुली लूट का अड्डा बन चुके प्राइवेट अस्पतालों, स्कूलों और कॉलेजों की मनमानी पर आखिर कब लगाम लगेगी?**

पिछले कुछ वर्षों के दौरान देश में प्राइवेट यानी निजी अस्पतालों, स्कूलों और कॉलेजों की बाढ़ सी आ गई है। देश के राज्य और जिले तो छोड़िए , अब तो छोटे-छोटे शहरों में भी खुलते जा रहे नर्सिंग होम और स्कूल लोगों की जेब काटने का कोई मौका नहीं चूक रहे हैं। देश का गरीब तबका तो छोड़िए, मध्यम आय और उच्च मध्यम आय की कैटेगरी में आने वाले लोग भी इनकी लूट से परेशान होते जा रहे हैं।

ऐसे में प्राइवेट अस्पतालों को लेकर आई संसदीय समिति की एक रिपोर्ट ने फिर से इस घाव को ताजा कर दिया है। एक बार फिर से वही पुराना सवाल उठ कर खड़ा हो गया है कि खुली लूट का अड्डा बन चुके प्राइवेट अस्पतालों, स्कूलों और कॉलेजों की मनमानी पर आखिर कब लगाम लगेगी?

देश के प्राइवेट अस्पताल, भर्ती होने वाले मरीजों/ उनके परिजनों से कमरे का जो किराया वसूलते है, यह उसी इलाके के महंगे होटलों से भी कई गुना ज्यादा होता है। ध्यान दीजिएगा, इलाज के नाम पर जो बाकी चार्ज लिए जाते हैं वो कमरे के चार्ज में अलग से जोड़ा जाता है। यह सारे खुलासे केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से जुड़ी संसद की स्थायी समिति की रिपोर्ट से हुए हैं। समिति की रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी अस्पतालों में इलाज का खर्च औसतन 6,631 रुपए है जबकि प्राइवेट अस्पतालों में यही खर्च साढ़े सात गुने से भी ज्यादा (50,508 रुपए ) है। इलाज के नाम पर भी अनाप-शनाप वसूली की जाती है। बिल में पारदर्शिता नहीं होती है, गंभीर इलाज या सर्जरी से पहले मरीज को फाइनल खर्च का एस्टिमेट नहीं बताया जाता है। नतीजा प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी बेलगाम होती जा रही है और जिसकी जो मर्जी वो वसूल रहा है। मुंबई के नानावटी अस्पताल में कमरे का चार्ज 6 से 12 हजार रुपए प्रतिदिन है जबकि उसी इलाके के 3 स्टार होटल में कमरे कमरे का चार्ज 2500 से लेकर 4500 रुपए के बीच ही है। दिल्ली के साकेत में स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती मरीज से



अस्पताल वाले 7-11 हजार रुपए प्रतिदिन कमरे का चार्ज वसूलते है जबकि अस्पताल के पास ही स्थित होटल में आपको 2100 से 3500 रुपए प्रतिदिन के आधार पर बढ़िया कमरा मिल सकता है। यही हाल देश के ज्यादातर शहरों में प्राइवेट अस्पतालों का है।

समिति ने सरकार को कुछ सुझाव देते हुए यह सिफारिश की है कि, प्राइवेट अस्पताल के कमरे का किराया 3 स्टार होटल के किराए से अधिक नहीं होनी चाहिए। भर्ती से पहले अस्पताल को इलाज का पूरा खर्च स्पष्ट रूप से बताना चाहिए। सर्जरी और गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए फिक्स रेट तय होना चाहिए और उसमें सभी खर्चे शामिल होने चाहिए।

इसके अलावा भी संसदीय समिति ने कई महत्वपूर्ण सिफारिश करते हुए सरकार की भूमिका पर भी सवाल उठाए है। समिति ने स्पष्ट तौर पर सरकार को सरकारी अस्पतालों में बेड और विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने को कहा है। हालांकि यह सब जानते हैं कि सरकार ऐसा करेगी नहीं। लेकिन इस बात का भी ध्यान रखना जरूरी है कि स्वास्थ्य मंत्रालय समिति की रिपोर्ट की आड़ लेकर कहीं वैसा ही खेल न कर दें जैसा कि ष्टत्न।।स् चार्ज के मामले में किया गया है। सरकार को यह याद दिलाना बेहद जरूरी है कि दिल्ली या मुंबई के महंगे अस्पतालों में इलाज का खर्च इन शहरों के हिसाब से है वहीं देश के दूर-दराज इलाकों में इलाज का खर्च उस इलाके के आधार पर है। डर इस बात का है कि कहीं ष्टत्न।।स् में जो गलतियां की गई है,उसी तरह की गलती को इस मामले में दोहराते हुए दिल्ली या मुंबई के आधार पर इलाज़ और सर्जरी का फिक्स रेट पूरे देश के लिए न तय कर दिया जाए। ऐसे हालात में दूर-दराज के इलाकों में चलने वाले प्राइवेट अस्पताल सरकारी आदेश का हवाला देते हुए कई गुना पैसा वसूलना शुरू कर देंगे। सरकार , सरकार के मंत्री और अधिकारियों को इस बात का विशेष ध्यान रखना होगा।

जब भी प्राइवेट अस्पतालों की खुली लूट का जिक्र आता है तो आप इससे स्कूलों और कॉलेजों को अलग नहीं कर सकते हैं। क्योंकि जिस तरह से एक छोटे नर्सिंग होम को बड़ा और भव्य अस्पताल बनने में देर नहीं लगती, उसी तरह से स्कूल और कॉलेजों की बिल्डिंग भी साल दर साल भव्य से भव्यतम होती चली जाती है। फीस, किताबें, ड्रेस और बाकी खर्चों की मनमानी के बारे में तो सबको मालूम है। इसलिए यहां पर हम सिर्फ कुछ उदाहरण आपके सामने रखना चाहेंगे। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में स्थित एक मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने की कुल लागत सवा से डेढ़ करोड़ रुपए के बीच आती है। मिडिल क्लास तो छोड़िए , हाई इनकम ग्रुप में आने वाले लोगों के लिए भी अब अपने बच्चों को एमबीबीएस करवा पाना आसान नहीं रहा है। आजकल प्राइवेट स्कूलों में लूट का एक जरिया स्मार्ट बोर्ड यानी स्मार्ट क्लासेस भी बन चुका है। एक बार स्मार्ट बोर्ड लगा दिया और फिर उसके बाद सालों तक इसके नाम पर स्कूल वाले वसूली करते हैं। अलग-अलग इलाकों के आधार पर स्मार्ट क्लास के नाम पर प्राइवेट स्कूल वाले 200 रुपए से लेकर 800 रुपए महीने तक वसूलते हैं। पहली कक्षा से बारहवी तक, हर महीने.. हर साल..। हालत इतनी खराब है कि अगर इन स्कूलों में जाकर आप अध्यापकों से स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ाने को कहेंगे तो ज्यादातर शिक्षकों को शायद यह चलाना भी नहीं आएगा लेकिन हर महीने वसूली जारी है।

संसदीय समिति भले ही कितने भी गंभीर सवाल उठाए या कितने ही अच्छे सुझाव दें लेकिन कड़वी सच्चाई तो यही है कि प्राइवेट अस्पतालों, स्कूलों और कॉलेजों की मनमानी एवं खुली लूट पर लगाम कसने का कोई स्थायी फॉर्मूला सरकारों के पास नहीं है और इसके लिए सभी राजनीतिक दलों के नेता जिम्मेदार हैं क्योंकि पिछले तीन दशकों में देश के तमाम राजनीतिक दल कहीं न कहीं किसी न किसी सरकार में भागीदार/साझीदार रहे हैं इसलिए कोई भी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकता है।

# आसमान में सूर्य-चंद्रमा का अद्भुत मिलन, यूरोप में दिखा सूर्य ग्रहण का दुर्लभ नजारा, ब्रिटेन में 90% ढका सूरज

लंदन

यूके और यूरोप के आसमान में हाल ही में एक ऐतिहासिक खगोलीय नजारा देखा गया, जिसने लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पिछले लगभग तीन दशकों में क्षेत्र का सबसे शानदार माना जाने वाला यह दुर्लभ सूर्य ग्रहण जब अपने चरम पर पहुंचा, तो दिन के उजाले में भी शाम की धुंधलका छा गया।

विशेष रूप से यूके में स्थानीय समयानुसार, शाम 7:00 बजे के ठीक बाद इस आंशिक सूर्य ग्रहण का सबसे अद्भुत रूप देखने को मिला, जहां चंद्रमा ने सूर्य के 90 प्रतिशत से अधिक हिस्से को पूरी तरह ढक लिया था।

ग्रहण की पूर्णता का पथ साइबेरिया (रूस) के उत्तरी सिरे से शुरू हुआ, आर्कटिक महासागर से होते हुए प्रारंभिक शाम में आइसलैंड पहुंचा। फिर यह दक्षिण की ओर यूके की तरफ मुड़ा। उत्तरी स्कॉटलैंड में स्थानीय समय के अनुसार करीब 6 बजे और इंग्लैंड के दक्षिणी तट पर करीब 6:20 बजे आंशिक ग्रहण शुरू हुआ।

सुरक्षात्मक चश्मों की भारी मांग

मध्य और दक्षिणी इंग्लैंड तथा वेल्स के बड़े हिस्से में साफ आसमान ने दर्शकों को लगभग एक घंटे तक चंद्रमा के सूर्य पर गुजरने का अबाधित नजारा दिया। उत्तरी इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और उत्तरी आयरलैंड में बादल छाए रहे, फिर भी देशभर के ऐतिहासिक स्थलों पर भीड़ जुटी। सूर्य ग्रहण देखने वाले विशेष चश्मों की मांग बहुत बढ़ गई। ऑप्टिशियन, हार्डवेयर दुकानों और यहां तक कि बेकरियों में भी ये चश्मे बिक गए। जिन्हें चश्मे नहीं मिले, उन्होंने कोलेंडर, अनाज के डिब्बे और कागज की शीटों से सुरक्षित तरीके से आंशिक ग्रहण देखने का इंतजाम किया।

ग्रीनलैंड, आइसलैंड और स्पेन के कुछ हिस्सों में चंद्रमा ने सूर्य को पूरी तरह ढक लिया। इन क्षेत्रों में कुछ क्षणों के लिए अंधेरा छा गया और दर्शकों ने दुर्लभ पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा। स्पेन के उत्तर में बुधवार शाम को पूर्ण सूर्य ग्रहण ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



देश में बड़े पैमाने पर पुलिस बल तैनात किया गया और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष दर्शक स्थल बनाए गए, जहां नजारा सबसे अच्छा था। अधिकारियों को उम्मीद थी कि उत्तरी स्पेन और बेलिएरिक द्वीपों के रास्ते पर ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में छह मिलियन तक पर्यटक पहुंचेंगे। सूर्य ग्रहण तब होता है जब चंद्रमा सूर्य और पृथ्वी के बीच से गुजरता है और सूर्य की रोशनी का कुछ या पूरा हिस्सा रोक देता है, जिससे पृथ्वी पर छाया पड़ती है।

पूर्ण सूर्य ग्रहण पृथ्वी पर कहीं न कहीं करीब हर 18 महीने में होता है, लेकिन किसी खास स्थान पर यह बहुत कम, आमतौर पर हर 400 साल में एक बार ही देखने को मिलता है।

पूर्ण ग्रहण एक दुर्लभ संयोग के कारण संभव है। सूर्य पृथ्वी से करीब 15 करोड़ किलोमीटर दूर है, जो चंद्रमा से लगभग 400 गुना ज्यादा दूर है।

लेकिन चंद्रमा का व्यास भी सूर्य के व्यास का करीब 400वां हिस्सा है, इसलिए आकाश में दोनों लगभग एक जैसे आकार के दिखते हैं। अगर चंद्रमा थोड़ा छोटा होता या उसकी कक्षा पृथ्वी से थोड़ी दूर होती, तो पूर्ण सूर्य ग्रहण कभी नहीं होता।

# खतरे में जेलेंस्की की कुर्सी? पुतिन के करीबी सर्बिया को साधने में जुटे यूक्रेनी राष्ट्रपति

कीव

रूस के साथ जारी भीषण युद्ध के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की राजनीतिक जमीन खिसकती नजर आ रही है। हाल ही में जारी हुए सोसिस सर्वे के अनुसार, यदि देश में राष्ट्रपति चुनाव का दूसरा दौर होता है, तो जेलेंस्की को अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वियों से करारी हार का सामना करना पड़ सकता है। सर्वे में जेलेंस्की को केवल 33.8% वोट मिलने का अनुमान जताया गया है, जबकि पूर्व सेना प्रमुख वालेरी जालुझनी 66.2% समर्थन के साथ काफी आगे चल रहे हैं। इस बढ़ते घरेलू राजनीतिक दबाव के बीच जेलेंस्की को एक तरफ युद्ध के मोर्चे पर रूस का सामना करना पड़ रहा है, तो दूसरी तरफ देश के भीतर अपनी सत्ता बचाए रखने की चुनौती से भी जूझना पड़ रहा है।

आंतरिक राजनीतिक संकट के बीच जेलेंस्की ने सर्बिया की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा की है। यूरोप में सर्बिया को रूस का सबसे बड़ा हिमायती माना जाता है। इसके राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच के समर्थकों का एक बड़ा वर्ग पुतिन का समर्थक है। सर्बिया ने रूस पर लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंधों का भी साथ नहीं दिया है। इसके बावजूद जेलेंस्की का दौरा बेहद रणनीतिक है, क्योंकि यूक्रेन को युद्ध जारी रखने के लिए भारी मात्रा में गोला-बारूद और हथियारों की आवश्यकता है, जिसे सर्बिया का रक्षा उद्योग पूरा कर सकता है।



रिपोर्ट्स के अनुसार, यूएई के निवेश से यूक्रेन और सर्बिया मिलकर एक संयुक्त ड्रोन फैक्ट्री बनाने पर भी विचार कर रहे हैं।

सैन्य मोर्चे पर यूक्रेन की स्थिति लगातार चिंताजनक बनी हुई है, जहां रूस के ताबड़तोड़ हमलों के कारण यूक्रेन का एयर डिफेंस सिस्टम कमजोर पड़ता दिख रहा है। रूस ने अकेले जुलाई के महीने में रिकॉर्ड 126 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जो युद्ध के दौरान किसी एक महीने का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

5 अगस्त को कीव पर हुए हमले में रूस ने 24 बैलिस्टिक और 4 हाइपरसोनिक मिसाइलें दागीं, जिससे भारी तबाही हुई। इसके अलावा, कीव और आसपास के इलाकों में हुए हालिया हमलों में एक बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई। हालांकि, यूक्रेनी वायु सेना ने 151 में से 135 रूसी ड्रोनों को मार गिराया, लेकिन पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों की भारी कमी के कारण यूक्रेन के महत्वपूर्ण ठिकाने अब भी रूसी हमलों के सामने असुरक्षित बने हुए हैं।

रूस के लगातार होते हमलों के जवाब में यूक्रेन ने अपनी रणनीति बदलते हुए लंबी दूरी के ड्रोन से हमला करना शुरू कर दिया है, जिससे रूस के विशाल भौगोलिक फैलाव की कमजोरी उजागर हो रही है। यूक्रेन ने अपने सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और युद्ध रणनीति में बदलाव करके रूसी एयर डिफेंस के सुरक्षा घेरे में सेंध लगा दी है। सैन्य विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध से पहले रूसी एयर डिफेंस केवल 40% रणनीतिक सैन्य ठिकानों को ही कवर कर पाता था। यूक्रेन के इन हमलों ने रूस के सामने यह बड़ी दुविधा खड़ी कर दी है कि वह अपनी हवाई सुरक्षा प्रणाली को युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर तैनात करे या अपने औद्योगिक शहरों को बचाए। कीव पर हुए हमलों का बदला लेते हुए यूक्रेन ने रूस के क्रास्नोडार और समारा क्षेत्रों में स्थित दो प्रमुख तेल रिफाइनरियों को ड्रोन से सफलतापूर्वक निशाना बनाया है। रूस और यूक्रेन के बीच यह युद्ध अब केवल पारंपरिक तोपखाने या साधारण मिसाइलों की लड़ाई नहीं रह गया है, बल्कि यह एक आधुनिक तकनीकी होड़ में बदल चुका है। रूस अब सस्ते ईरानी शाहेद मॉडल के ड्रोनों में जेट इंजन जोड़ रहा है, अपने सैटेलाइट नेटवर्क का विस्तार कर रहा है और कम लागत वाली क्रूज मिसाइलों को युद्ध के मैदान में उतार रहा है।

## विद्यार्थियों के मुद्दे पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की नैतिकता संवैधानिक कसौटी पर पूरी तरह दम तोड़ चुकी है: भाजपा

नयी दिल्ली (वार्ता)। भाजपा ने विद्यार्थियों के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि विद्यार्थियों के मुद्दे पर दोनों दलों की तथाकथित नैतिकता संवैधानिक कसौटी पर पूरी तरह दम तोड़ चुकी है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के कल के फ़ैसले के बाद एक बहुत गंभीर सवाल खड़ा हो गया है। पंजाब की सबसे बड़ी संस्था यानी पंजाब विधानसभा के नज़रिये से देखें तो पंजाब सरकार ने झूठ बोला है और अदालत ने इस बात की पुष्टि की है। अब हम श्री केजरीवाल से पूछना चाहते हैं कि जो झारखंडे से लेकर पंजाब तक के मुद्दों पर बिल्कुल चुप बैठे थे, अपनी सरकार का झूठ न्यायालय में साबित होने पर क्या मान सरकार से इस्तीफा देने के लिए कहेंगे। यानी पंजाब विधानसभा में झूठ, भारत की संसद में हंगामा और न्यायालय द्वारा उठाए गये सवाल ये तीनों बातें साफ़ तौर पर दिखाती हैं कि केजरीवाल और श्री राहुल गांधी, जो खुद को छात्रों के हितों का हितैषी बताते हैं, उनकी नैतिकता संविधान कसौटी पर पूरी तरह दम तोड़ चुकी है।

# यूरोप का सबसे ऊंचा सक्रिय ज्वालामुखी माउंट एटना फटा, लावा देखने पहुंची लोगों की भीड़



रोम

यूरोप के सबसे ऊंचा सक्रिय ज्वालामुखी माउंट एटना फट गया है। इस ज्वालामुखी से कई दिनों से राख और लावा निकल रहा है। इससे सिसिली के कैटेनिया एयरपोर्ट पर बार-बार उड़ानें बाधित हो रही हैं। माउंट एटना पर इस ज्वालामुखी विस्फोट को देखने के लिए पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। खासकर स्थानीय टूर ऑपरेटरों के साथ रात में आयोजित यात्राओं के दौरान हजारों लोग ज्वालामुखी से लावा निकलता देखने के लिए पहुंच रहे हैं। गाइड एटना के स्थानीय गाइड डेनियल पेरीसेली ने बताया कि उनके ग्रुप को, जो आम तौर पर हर शाम दर्जनों पर्यटकों को ज्वालामुखी पर ले जाता है। इन्हें हाल ही में रोजाना लगभग 300 पूछताछ भी मिल रही हैं। ज्वालामुखी पर पहुंचने वाले लोगों की संख्या गर्मियों के दिनों की औसत संख्या से लगभग तीन गुना ज्यादा हो गई है। पेरीसेली ने कहा, हर कोई लावा देखना चाहता है, क्योंकि पर्यटक इस अनोखे नजारे की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

एक और स्थानीय गाइड अर्नेस्टो मारिया मैग्री ने बताया कि यह ज्वालामुखी विस्फोट पर्यटकों के लिए एक बड़ा आकर्षण बन गया है और इसे सुरक्षित इलाकों से देखा जा सकता है। पर्यटकों की संख्या में भारी बढ़ोतरी से सुरक्षा संबंधी चिंताएं पैदा हो गई हैं। पेरीसेली ने बताया कि हर शाम 2,000 तक लोग एटना पर चढ़ रहे हैं, जिससे कुछ रास्ते बहुत ज्यादा भीड़भाड़ वाले हो गए हैं। पेरीसेली ने यह भी बताया कि कुछ पर्यटकों के पास जरूरी सामान नहीं था, यहां तक कि कुछ लोग ज्वालामुखी के पास चप्पल पहन हुए भी देखे गए।

स्थानीय गाइडों ने पर्यटकों से अकेले ज्वालामुखी पर न चढ़ने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि वहां का इलाका अस्थिर है और यहां के हालात तेजी से बदल सकते हैं। हालांकि कम ऊंचाई पर ठंडे हो चुके लावा के पास अपेक्षाकृत आसानी से जाया जा सकता है, लेकिन ऊंचाई वाले इलाकों में जाने के लिए ज्यादा सावधानी और पेशेवर गाइड की जरूरत होती है।

# ताइवान की सरकारी एजेंसियों पर बड़ा विदेशी साइबर अटैक, हैकर्स ने एआई एजेंटों के जरिए बनाया निशाना

**ताइपे।** ताइवान की सरकारी एजेंसियों को पिछले महीने एक बड़े विदेशी साइबर हमले का निशाना बनाया गया है। ताइवान के डिजिटल मामलों के मंत्रालय के अनुसार, हैकरों ने संवेदनशील डेटा और सिस्टम में सेंध लगाने के लिए मैन्युअल तरीकों के साथ-साथ ओपन क्लॉ जैसे एआई एजेंटों का इस्तेमाल किया दरअसल, ताइवान की साइबर सुरक्षा निगरानी इकाइयों ने जुलाई महीने में सरकारी एजेंसियों के खिलाफ एक असामान्य साइबर हमले का पता लगाया। इसके बाद ताइपे के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा संस्थान ने 20 जुलाई से ही लगातार कई अलर्ट जारी किए और इस साइबर अटैक की विस्तृत जांच शुरू की। डिजिटल मामलों के मंत्रालय के अनुसार, जांच में इस हमले के पीछे विदेशी स्रोतों के स्पष्ट संकेत मिले हैं। हमलावरों ने सेंधमारी के लिए एक हाइब्रिड रणनीति का इस्तेमाल किया, जिसमें मैन्युअल तकनीकों के साथ-साथ ओपन क्लॉ जैसे एआई एजेंट-सहायता प्राप्त आधुनिक हैकिंग टूल्स को जोड़ा गया था। मंत्रालय ने कहा, हमले के संबंधित स्रोतों, तरीकों और प्रभाव के दायरे की पूरी तरह से जांच की गई है, और प्रभावित इकाइयों ने सफलतापूर्वक अपना काम पूरा कर लिया है। गौरतलब है कि ताइवान में यह घटना ऐसे समय में सामने आई है, जब ताइपे लगातार चीन द्वारा अपनाई जा रही हाइब्रिड वॉर की रणनीति को लेकर दुनिया को आगाह कर रहा है।

# महिलाओं को 20 हजार देने का भाजपा का वादा नया जुमला

लखनऊ, (वार्ता)

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक और जुमला उत्तर प्रदेश की महिलाओं को 20 हजार रुपये देने का है। उन्होंने एक बयान जारी कर कहा कि भाजपा के पास चुनाव जीतने के लिए रिश्ते के सिवा कुछ नहीं बचा है। यह भी भाजपा की पाप की कमाई है, जिसे उत्तर प्रदेश की धर्मभीरू महिलाएं कभी नहीं लेंगी।

श्री यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जागरूक महिलाएं पूछ रही हैं कि जिन दूसरे राज्यों में महिलाओं को पैसे देने की घोषणा कर भाजपा ने चुनाव जीता था, वहां एक तरफ पैसा देने में आनाकानी की जा रही है और दूसरी तरफ महिलाओं से पैसा वापस मांगा जा रहा है। जो महिलाएं पैसा वापस नहीं कर पा रही हैं, उनके खिलाफ थाने-कचहरी, पुलिस और मुकदमों की निंदनीय कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार जिस 50 हजार रुपये सालाना देने की बात कर रही है, वह पैसा पिछले 10 वर्षों में भी दिया जा सकता था, लेकिन नहीं दिया गया। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की महिलाओं के हक और अधिकार के हजारों करोड़ रुपये अपने प्रचार पर खर्च कर दिए और महिलाओं को ठेंगा दिखा दिया।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि 50 हजार रुपये सालाना के हिसाब से भाजपा की भ्रष्ट सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के हिस्से के पांच लाख रुपये खा लिए और अब केवल 20 हजार रुपये देने का जुमला परोसा जा रहा है।



उन्होंने कहा कि अगर भाजपा के जुमले वाले 15 लाख रुपये को छोड़ भी दें और चुनाव में लड़ता दिखने के लिए 20 हजार रुपये दे भी दे, तब भी जनता का भाजपा सरकार पर 4.80 लाख रुपये बकाया निकलता है।

श्री यादव ने कहा कि जनाक्रोश के डर से आज भाजपा के नेता, संगी-साथी, कार्यकर्ता, समर्थक और झंडे-बैनर तक डर के मारे भूमिगत हो गए हैं। यहां तक कि भाजपा से अब कोई टिकट भी नहीं लेना चाहता। मंदिर में चोरी और बच्चों पर हमले के बाद भाजपा के पास न तो नैतिकता बची है और न ही साहस। इसीलिए वह अब पैसे का सहारा ले रही है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी महिलाओं के हित में इससे आगे बढ़कर काम करेगी। उन्होंने कहा, "हम 40 हजार रुपये से शुरुआत करेंगे, जिसमें हर साल बढ़ोत्तरी होगी।"

# यूरोप में भीषण गर्मी ने मचाया कोहराम, नदियां सूखीं तो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान डूबे जहाज आए बाहर

**बर्लिन।** यूरोप में इस साल पड़ रही सदी की सबसे भीषण गर्मी और सूखे से स्थिति भयावह हो गई है। यूरोप की दूसरी सबसे लंबी डन्यूब नदी का जलस्तर ऐतिहासिक रूप से गिर गया है। 80 साल में पहली बार 1944 में विश्व युद्ध 2 के दौरान डुबोए गए दर्जनों जर्मन युद्धपोत पानी से बाहर आ गए हैं। अनुमान है कि नदी की तलहटी में ऐसे करीब 200 जहाज दबे हैं, जिनमें से 20 से अधिक जहाजों के अवशेष साफ नजर आने लगे हैं। इन जहाजों में भारी मात्रा में अनटोल्ड विस्फोटक और गोला-बारूद लदे हुए हैं, जो स्थानीय लोगों और नेविगेशन के लिए बड़ा खतरा बन गए हैं।इसके साथ ही, यूरोप के अन्य हिस्सों में भी युद्ध या अन्य कारणों से डूबे पुराने जहाज पहली बार सतह पर आ गए हैं। जहाजों के आने-जाने का रास्ता सिमटकर सिर्फ 100 मीटर रह गया है, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार और परिवहन को भारी नुकसान हो रहा है। यूरोप में किसानों की दिनचर्या पूरी तरह बदल गई है। अब किसान दिन के बजाय रात में खेतों में काम कर रहे हैं। दिन का तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बना हुआ है और लू के थपेड़े चल रहे हैं, जिसके चलते दिन में खेतों में काम बहुत मुश्किल हो गया है। ब्रिटेन में हीटवेव से करीब दो महीने में अर्थव्यवस्था को लगभग 5.7 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# सूरज प्रताप सिंह और दिव्य प्रेम के नन्हें सितारों के बीच खास रिश्ता



सन नियो के शो 'दिव्य प्रेम: प्यार और रहस्य की कहानी' में प्रेम का किरदार निभा रहे सूरज प्रताप सिंह का शो के बच्चों के साथ ऐसा ही खास रिश्ता बन गया है।फिलहाल सूरज अपने ट्रैक के लिए बच्चों के साथ ज्यादा शूटिंग कर रहे हैं। ऐसे में सेट पर उनके साथ काफी समय बिताने के दौरान उनकी बच्चों से अच्छी दोस्ती हो गई है। साथ में स्क्रीन शेयर करने से शुरू हुआ यह रिश्ता अब हंसी-मजाक, मस्ती, एक-दूसरे को मजेदार नाम देने और ढेर सारी प्यार भरी दोस्ती में बदल गया है। बच्चों के साथ अपने रिश्ते और सेट की कुछ खास यादों के बारे में बात करते हुए सूरज प्रताप सिंह ने कहा, अब तो बच्चे मेरे दोस्त बन गए हैं। उनके साथ मेरी बहुत सारी प्यारी यादें हैं। शुद्धि के साथ मेरी एक खास याद है। उसे पता है कि मैं घर से दूर रहता हूं और मेरी मां यहां मेरे साथ नहीं हैं। इसलिए वह अपनी मां से रोज मेरे लिए कुछ न कुछ खाने के लिए लाने को कहती है। कभी वह मेरे लिए पराठे लेकर आती है तो कभी कुछ और। वह हमेशा मेरे लिए कुछ लेकर आने की कोशिश करती है, जो मुझे बहुत प्यारा लगता है। कभी-कभी निर्माण की मां भी मेरे लिए कुछ खाने को लेकर आती हैं।

उन्होंने कहा, सप्पू के साथ तो ऐसा लगता ही नहीं कि हमारे बीच उम्र का कोई अंतर है। हम दोस्तों की तरह बात करते हैं और साथ में समय बिताते हैं। तारा तो मेरी तारा है ही और उसके साथ भी मेरा बहुत अच्छा रिश्ता है। जीनू भी मुझसे बहुत जुड़ा हुआ है। जब वह सुबह मुझे देखता है तो ऐसा लगता है, जैसे वह मुझे छोड़कर जाएगा ही नहीं। वह आकर मेरी गोद में बैठ जाता है और फिर कभी-कभी सप्पू भी आ जाता है। बच्चों के साथ ये मेरी कुछ मजेदार और प्यारी यादें हैं। सूरज ने बताया कि बच्चों के साथ सेट के पीछे भी खूब मस्ती होती है। वे कहते हैं, हम एक-दूसरे को मजेदार और अजीब-अजीब नामों से बुलाते हैं और जब हम उन नामों से एक-दूसरे को बुलाते हैं, तो बहुत हंसी-मजाक होता है। जब हम सब साथ होते हैं, तो सेट पर कभी बोरियत नहीं होती।



# दुलकर सलमान और ऋषभ शेट्टी ने 17वें इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न की शुरुआत की

17वें इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न की शुरुआत सितारों से सजी प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ हुई।इस अवसर पर भारतीय सिनेमा के कई प्रमुख कलाकार और फिल्मकार एक मंच पर नजर आए और भारतीय कहानियों की विविधता तथा वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी और दुलकर सलमान के साथ अभिनेता विजय वर्मा, मानुषी छिल्लर, गायिका निखिता गांधी और डॉली सिंह मौजूद रहे। फिल्मकार निखिल आडवाणी, विक्रम फडनीस, आर. गौतम, कैजाद गुस्ताद और आर.एस. प्रसन्ना ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। 'लाला एंड पॉपी' की पूरी कास्ट भी इस मौके पर मौजूद रही।

कलाकारों और फिल्मकारों ने अपने काम, आईएफएफएम के साथ जुड़ाव, भारतीय सिनेमा में हो रहे बदलाव और दुनियाभर के दर्शकों के बीच भारतीय कहानियों की बढ़ती लोकप्रियता पर अपने विचार साझा किए। ऋषभ शेट्टी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर कन्नड़ सिनेमा को मिल रही पहचान पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, मुझे यहां आकर बहुत गर्व महसूस हो रहा है। मुझे यहां कन्नड़ सिनेमा को रिप्रेजेंट करने के लिए बुलाया गया है और मुझे इस बात पर बहुत गर्व है।

# संदीपा धर ने श्रीनगर के शंकराचार्य मंदिर की 250 सीढ़ियां चढ़कर लिया आशीर्वाद



संदीपा धर ने हाल ही में अपनी कश्मीर यात्रा की शुरुआत आध्यात्मिक अंदाज में की। श्रीनगर पहुंचने के बाद वह सबसे पहले प्रसिद्ध शंकराचार्य मंदिर पहुंचीं और भगवान शिव के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। संदीपा ने सोशल मीडिया पर अपनी यात्रा की कुछ झलकियां भी साझा कीं हैं।शंकराचार्य पहाड़ी की चोटी पर स्थित इस प्राचीन मंदिर तक पहुंचने के लिए करीब 250 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। अपनी चढ़ाई के अनुभव के बारे में संदीपा ने बताया कि पहाड़ की पतली हवा और खड़ी चढ़ाई के कारण रास्ता काफी चुनौतीपूर्ण था। बीच-बीच में उनके पैर भी कांप रहे थे, लेकिन मंदिर पहुंचने के बाद उन्हें लगा कि हर कदम पूरी तरह सार्थक था।

मंदिर पहुंचकर संदीपा ने पवित्र शिवलिंग के दर्शन किए और कुछ समय वहां के आध्यात्मिक वातावरण में बिताया। उन्होंने महसूस किया कि जिस स्थान पर आदि शंकराचार्य के ध्यान करने की मान्यता है, वहां खड़े होकर एक ऐसी अनोखी ऊर्जा का अनुभव होता है, जिसे शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। संदीपा ने मंदिर से जुड़े कई ऐतिहासिक तथ्यों को भी साझा किया। उन्होंने लिखा कि शंकराचार्य मंदिर कश्मीर घाटी से करीब 1,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, जहां से श्रीनगर शहर और प्रसिद्ध डल झील का शानदार नजारा दिखाई देता है। माना जाता है कि यह मंदिर करीब 200 ईसा पूर्व का है और कश्मीर के प्राचीन मंदिरों में से एक है। इसका नाम आदि शंकराचार्य से जुड़ा है, जिनके यहां ध्यान करने की मान्यता है। हालांकि, कुछ इतिहासकारों का मानना है कि यह स्थान मूल रूप से बौद्ध उपासना स्थल रहा होगा, जिसे बाद में हिंदू मंदिर के रूप में विकसित किया गया। पहली बार इस मंदिर में पहुंचीं संदीपा धर ने इस यात्रा को बेहद खास और सौभाग्यशाली अनुभव बताया। अपनी पोस्ट के अंत में उन्होंने ॐ नमः शिवाय लिखा। वह फिलहाल कश्मीर की खूबसूरत वादियों में समय बिता रही हैं और उनके पोस्ट से संकेत मिलता है कि घाटी में उनका सफर अभी जारी है। संदीपा धर जल्द ही नेटफ्लिक्स की आगामी ओरिजिनल सीरीज 'चुंबक' में नजर आएंगी। फिल्मों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत चुकीं संदीपा के इस नए प्रोजेक्ट का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

स्वतंत्र मत
जबलपुर

शुक्रवार 14 अगस्त 2026



# फर्जी आईएएस बनकर महिला चिकित्सक से धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## जीवनसाथी डॉट कॉम के माध्यम से महिला चिकित्सक से संपर्क कर स्वयं को चिकित्सक एवं आईएएस अधिकारी बताया

नरसिंहपुर।

थाना कोतवाली, जिला नरसिंहपुर में दिनांक 10.08.2026 को नरसिंहपुर निवासी एक महिला चिकित्सक द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि जीवनसाथी डॉट कॉम के माध्यम से उसकी पहचान संजय कुमार निवासी बभनौती, जिला भदोही (उत्तर प्रदेश) नामक व्यक्ति से हुई। उक्त व्यक्ति ने स्वयं को चिकित्सक एवं आईएएस अधिकारी बताया। आरोपी ने प्रार्थिया को बताया कि उसने एमबीबीएस एवं एमडी पटना (बिहार) से तथा डीएम भुवनेश्वर (ओडिशा) से किया है। इसके पश्चात यूपीएससी में चयनित होकर मध्यप्रदेश कैडर प्राप्त होने तथा वर्तमान में जिला धार में एसडीएम पद पर पदस्थ होने का दावा किया। साथ ही उसने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से घनिष्ठ संबंध होने की बात भी कही।

आरोपी ने प्रार्थिया को सहायता करने का आश्वासन देकर उसे विश्वास में लिया तथा विभिन्न माध्यमों से उससे लगभग 3 लाख रुपये प्राप्त कर लिए। बाद में संदेह होने पर प्रार्थिया द्वारा थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### आरोपी की जांच हेतु विशेष टीम गठित

पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की पहचान, गिरफ्तारी एवं प्रकरण के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम को तकनीकी एवं अन्य आवश्यक माध्यमों से आरोपी की शीघ्र तलाश कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

### जीवनसाथी एवं सोशल मीडिया अकाउंट की तकनीकी जांच

जांच के दौरान आरोपी द्वारा उपयोग किए जा रहे जीवनसाथी डॉट कॉम एवं विभिन्न सोशल मीडिया अकाउंट की तकनीकी जांच की गई। प्रारंभिक स्तर पर कुछ ऐसे तथ्य सामने आए जिनसे आरोपी द्वारा स्वयं को आईएएस अधिकारी प्रदर्शित करने का प्रयास किया जाना प्रतीत हुआ। तथापि जिला धार प्रशासन से जानकारी प्राप्त करने पर स्पष्ट हुआ कि उक्त नाम का कोई भी अधिकारी जिला धार में पदस्थ नहीं है। गहन जांच एवं अभिलेखों के परीक्षण में भी उक्त



नाम से किसी आईएएस अधिकारी के अस्तित्व की पुष्टि नहीं हुई।

आरोपी की पहचान एवं पतासाजी हेतु पुलिस टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर जांच की गई।

### उत्तर प्रदेश का निवासी निकला फर्जी आईएएस, दबिश देकर गिरफ्तार

जांच के दौरान आरोपी की वास्तविक पहचान एवं उसके निवास स्थान की जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस टीम को वाराणसी (उत्तर प्रदेश) रवाना किया गया। तकनीकी साक्ष्यों एवं स्थानीय पतासाजी के आधार पर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई।

### स्वयं को बताता था आईएएस अधिकारी

आरोपी की गिरफ्तारी उपरांत उसके परिजनों एवं ग्रामवासियों से पूछताछ में जानकारी मिली कि आरोपी लंबे समय से स्वयं को आईएएस अधिकारी बताकर लोगों को भ्रमित करता था। वह अपने परिवार एवं गांव के लोगों के समक्ष भी एसडीएम पद पर पदस्थ होने का दावा करता था तथा इसी आधार पर लोगों का विश्वास अर्जित करता रहा।

### प्रशासनिक संस्थानों की फोटो दिखाकर बनाता था प्रभाव

जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि आरोपी विभिन्न वरिष्ठ अधिकारियों, प्रशासनिक संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयों से संबंधित फोटो एवं सामग्री का उपयोग कर स्वयं को प्रभावशाली प्रशासनिक अधिकारी के रूप में प्रस्तुत करता था। वह इन फोटो एवं दस्तावेजों को अपने मोबाइल एवं सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर लोगों को दिखाता था और उनका विश्वास अर्जित कर धोखाधड़ी करने का प्रयास करता था।

### एआई तकनीक से फोटो एडिट कर बनाता था फर्जी पहचान

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी लोगों को प्रभावित करने एवं विश्वास में लेने के उद्देश्य से एआई आधारित तकनीक का उपयोग कर फोटो एडिट करता था। वह वरिष्ठ अधिकारियों, प्रशासनिक संस्थानों एवं सरकारी कार्यक्रमों से संबंधित फोटो में छेड़छाड़ कर स्वयं को उच्च पदस्थ अधिकारी के रूप में प्रस्तुत करता था।

### अन्य पहलुओं पर भी की जा रही गहन जांच

आरोपी संजय कुमार निवासी बभनौती, जिला भदोही (उत्तर प्रदेश) से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। उसके बैंक खातों, मोबाइल फोन, सोशल मीडिया अकाउंट, डिजिटल उपकरणों एवं अन्य संपर्कों की तकनीकी जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी ने इसी प्रकार अन्य व्यक्तियों के साथ भी धोखाधड़ी की है या नहीं। प्रकरण के सभी पहलुओं की गहन जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### नरसिंहपुर पुलिस की अपील

नरसिंहपुर पुलिस आमजन से अपील करती है कि ऑनलाइन मैट्रिमोनियल वेबसाइट, सोशल मीडिया अथवा मोबाइल कॉल के माध्यम से संपर्क करने वाले किसी भी व्यक्ति की पहचान की पुष्टि किए बिना उस पर विश्वास न करें। स्वयं को आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर अथवा अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी बताने वाले व्यक्तियों द्वारा मांगी गई धनराशि, व्यक्तिगत दस्तावेज अथवा बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि अथवा फर्जी प्रोफाइल की सूचना तत्काल पुलिस अथवा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें।



# नाबालिक से दुष्कर्म मामले में मुस्लिम समाज ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

नरसिंहपुर।

जिले में एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने के मामले में आरोपी को न्यायालय के माध्यम से फांसी की सजा दिलाए जाने तथा मृतिका के परिवार को सरकारी नौकरी एवं आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग को लेकर नरसिंहपुर मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 5 अगस्त को एक नाबालिग स्कूली छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। इस गंभीर एवं जघन्य अपराध के मामले में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस द्वारा जिस तत्परता और गंभीरता के साथ तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया तथा न्यायिक हिरासत में भेजा गया, वह निश्चित रूप से सराहनीय है। समाज के लोगों ने पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया।

मुस्लिम समाज ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि मामले की विवेचना एवं न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाते हुए आरोपी को न्यायालय से कठोरतम दंड, जिसमें कानून के प्रावधानों के अनुरूप मृत्युदंड भी शामिल है, दिलाने के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएं।

ज्ञापन के माध्यम से शासन-प्रशासन से यह भी मांग की गई कि मृतिका के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, ताकि इस असहनीय दुख की घड़ी में परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक संबल मिल सके। समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा की कि वे इस गंभीर मामले में शासन एवं प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय और उचित सहायता दिलाने के लिए आवश्यक पहल करें।

# नेगुंवा में आज होगा जिला स्तरीय पंच सम्मेलन

**नरसिंहपुर**। आयुक्त मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल के निर्देशानुसार विकसित भारत-रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (व्हीबी-जी राम जी) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय च्च्पंच सम्मेलनज्ज का आयोजन किया जा रहा है।

जिले में यह सम्मेलन 14 अगस्त 2026 को दोपहर एक बजे जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत नेगुंवा में आयोजित होगा। सम्मेलन में जिले के पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

### जिलेभर के पंचायती राज प्रतिनिधि होंगे शामिल

सम्मेलन में जिला एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य तथा जिले की समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंच शामिल होंगे। सम्मेलन के माध्यम से ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका से जुड़े प्रावधानों, पंचायतों की भूमिका तथा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित विषयों पर जनप्रतिनिधियों को जानकारी दी जाएगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने बताया कि 14 अगस्त को दोपहर एक बजे से ग्राम पंचायत नेगुंवा में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में जिला स्तरीय पंच सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का उद्देश्य व्हीबी-जी राम जी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है।

# मंत्री उदय प्रताप सिंह गाडरवारा में तिरंगा यात्रा में होंगे शामिल

**नरसिंहपुर**। प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह शुक्रवार 14 अगस्त 2026 को जिले के गाडरवारा में तिरंगा यात्रा सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह 14 अगस्त को प्रातः 9:30 बजे ग्राम लोलरी से प्रस्थान कर प्रातः 10:30 बजे गाडरवारा आएंगे। आप यहां शक्तिधाम, पलोटन गंज से जय स्तम्भ पुराना गल्ला मंडी तक आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे। तदुपरांत मंत्री श्री सिंह दोपहर 12:30 बजे सेवा सदन लक्ष्मी टाउनशिप गाडरवारा में क्षेत्रीय गणमान्यजनों से सौजन्य भेंट करेंगे। इसके पश्चात अपरान्ह 3:30 बजे नमामि पैलेस सोयाबीन प्लांट के पास गाडरवारा में ऑल ड्राइवर्स कल्याण संगठन मध्यप्रदेश इकाई जिला नरसिंहपुर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज एवं 15 अगस्त को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

## छात्रों से संवाद, पौधरोपण, मुख्यमंत्री जन संवाद एवं विकसित भारत सम्मेलन में करेंगे सहभागिता

### 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर करेंगे ध्वजारोहण

नरसिंहपुर, 13 अगस्त 2026. प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल शुक्रवार 14 अगस्त एवं शनिवार 15 अगस्त 2026 को नरसिंहपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान आप 14 अगस्त को जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे और 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे।

### 14 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रम

निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल शुक्रवार 14 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे यशोदा गार्डन, प्रताप नगर नरसिंहपुर में छात्रों से संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे देव ठाकुर बाबा मंदिर मुख्य मार्ग से नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम तक आयोजित विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौन जुलूस एवं श्रद्धांजलि सभा में सहभागिता करेंगे। दोपहर 1:10 बजे श्री सत्य सरोवर आसन जी, बगासपुर में दर्शन एवं पूजन करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 1:40 बजे ग्राम पंचायत श्रीनगर, गोटेगांव में पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत उमरिया में सामुदायिक भवन का निरीक्षण करेंगे।

मंत्री श्री पटेल अपरान्ह 3 बजे जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत नेगुवां के स्कूल प्रांगण में आयोजित मुख्यमंत्री जन संवाद अभियान, जिला स्तरीय विकसित भारत (व्हीबी-जी राम जी) सम्मेलन एवं उद्यम संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे।

मंत्री श्री पटेल सायं 4:30 बजे ग्राम पंचायत नेगुवां से प्रस्थान कर सायं 5:30 बजे सर्किट हाउस नरसिंहपुर पहुंचेंगे। रात्रि 8:50 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर 9 बजे मंगल भवन, स्टेशन के पास भारतीय सिंधु सभा नरसिंहपुर द्वारा आयोजित विभाजन विभीषिका दिवस (सिंधु स्मृति दिवस) के अवसर पर सिंधी व्यंजन मेला एवं सिंधी चलचित्र प्रदर्शनी में सहभागिता करेंगे। इसके बाद रात्रि 9:40 बजे सर्किट हाउस पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

### 15 अगस्त को स्टेडियम ग्राउंड में करेंगे ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रातः 8:50 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर 9 बजे स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर पहुंचेंगे। आप यहां जिला स्तरीय मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे और समारोह में शामिल होंगे।

इसके बाद प्रातः 11:30 बजे स्टेडियम ग्राउंड से प्रस्थान कर 11:50 बजे जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत रामपिपरिया पहुंचेंगे। यहां आयोजित ग्राम सभा में अपना उद्बोधन देंगे तथा बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन में शामिल होंगे। मंत्री श्री पटेल दोपहर 2:10 बजे ग्राम पंचायत रामपिपरिया से जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# नगर में निकलेगी विशाल तिरंगा यात्रा

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)**। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर नगर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आएगा। आज 14 अगस्त शुक्रवार को सुबह 10 बजे नगर में पलोटन गंज शक्ति धाम से विशाल तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य एक तिरंगा एक भारत, एक संकल्प के साथ राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ स्थानीय पलोटन गंज स्थित शक्तिधाम से होगा। यात्रा में गाडरवारा के क्षेत्रीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शक्तिधाम से प्रारंभ होकर तिरंगा यात्रा पानी की टंकी, चावड़ी चौकी, झंडा चौक होते हुए जय स्तंभ पुरानी गल्ला मंडी पहुंचकर संपन्न होगी। हजारों की संख्या में हाथों में तिरंगा थामे युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों के साथ चलेंगे। डीजे पर देशभक्ति गीत बजेंगे और जगह-जगह सामाजिक संस्थाओं द्वारा यात्रा में शामिल लोगों का



स्वागत किया जाएगा तिरंगा यात्रा आयोजन समिति ने गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के समस्त नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं, व्यापारी बंधुओं, मातृशक्ति, युवाओं एवं बच्चों से अपील की है कि वे अपने इष्ट-मित्रों, साथियों एवं परिवारजनों सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस यात्रा को भव्य, ऐतिहासिक एवं सफल बनाएं। समिति ने कहा कि तिरंगा हमारी शान है, देश की पहचान है। 14 अगस्त को हम सभी यात्रा में एकजुट होकर अपने स्वाभिमान और अपने तिरंगे के साथ चलेंगे और राष्ट्र को और मजबूत बनाएंगे।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन द्वारा ध्वजारोहण

**करेली**। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन 15 अगस्त 2026 को सीताराम मॉल चौथी तल मंजिल पर सुबह 7 बजे करेली केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित पेठिया द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। तत्पश्चात राष्ट्रगान का आयोजन एवं अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। पश्चात 8:30 से फिल्म बटवारा 1947 फिल्म का कार्यक्रम आयोजित है। नवीन रघुवंशी सचिव केमिस्ट एसोसिएशन करेली ने सभी साथियों से उपस्थिति की अपील की है।

# दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई

### श्री सुरभि डेयरी से घी एवं पनीर के नमूने जांच के लिए भेजे

**नरसिंहपुर**। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुश्री सारिका दुबे ने झगरहाई रोड स्थित श्री सुरभि डेयरी का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने डेयरी से घी एवं पनीर के दो नमूने संग्रहित किए। दोनों



नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डेयरी संचालक को परिसर में स्वच्छता एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि कम कीमत पर मिलने वाले सस्ते घी एवं वनस्पति के लालच में अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न करें। उपभोक्ता दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद खरीदते समय उनकी गुणवत्ता, पैकिंग, निर्माण एवं उपयोग की अंतिम तिथि सहित आवश्यक जानकारी की जांच अवश्य करें।

# गाडरवारा में 30 दिवसीय राष्ट्रीय अभिनय नाट्य कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

कला और संस्कृति के क्षेत्र में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एनएसडी नई दिल्ली एवं रंगसरोकार नाट्य समिति, नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं प्रख्यात लेखक एवं अभिनेता आशुतोष राना के विशेष निर्देशन में आयोजित 30 दिवसीय राष्ट्रीय अभिनय नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ एनटीपीसी ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त तथा पूर्व विधायक साधना स्थापक के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवकांत मिश्रा ने की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा, एनएसडी के वरिष्ठ प्रशिक्षक द्वारका दाहिया एवं कार्यशाला निदेशक पुनीत विक्रम त्रिवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान नटराज के तैलचित्र का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। वातावरण देशभक्ति और सांस्कृतिक गीतों से गुंजायमान



रहा। कार्यशाला निदेशक पुनीत विक्रम त्रिवेदी ने स्वागत भाषण एवं प्रस्तावना रखते हुए कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली देश की सर्वोच्च नाट्य प्रशिक्षण संस्था है। इसकी कार्यशालाओं का उद्देश्य नई प्रतिभाओं को निखारना और उन्हें मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा अभिनय सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं है। यह अनुशासन, संवेदना और जीवन को गहराई से समझने की कला है। अगले 30 दिनों तक प्रतिभागी यहां अभिनय, आवाज, शरीर भाषा, रंग निर्देशन और रंगमंच की बारीकियों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

नगर पालिका अध्यक्ष शिवकांत मिश्रा ने कहा कि गाडरवारा जैसे छोटे शहर में राष्ट्रीय स्तर की नाट्य कार्यशाला का आयोजन होना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। यह निश्चित रूप से यहां की सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने देश के कोने-कोने से आए प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा आप सभी यहां सिर्फ सीखने नहीं बल्कि गाडरवारा की संस्कृति को भी समृद्ध करने आए हैं । मुख्य अतिथि साधना स्थापक ने अपने उद्बोधन में कला के सामाजिक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कला मनुष्य को संवेदनशील बनाती है और समाज को उसकी जड़ों से जोड़ने का कार्य करती है।

प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा इतनी दूर-दूर से गाडरवारा आकर कार्यशाला में शामिल होना आपके समर्पण को दर्शाता है। इस दौरान उन्होंने अभिनेता एवं लेखक आशुतोष राना का उदाहरण देते हुए युवाओं को निरंतर सीखते रहने और संघर्ष न छोड़ने के लिए प्रेरित किया।

इस कार्यशाला में देश के विभिन्न हिस्सों से आए युवा कलाकार अगले 30 दिनों तक अभिनय की बारीकियां सीखेंगे। एनएसडी के प्रशिक्षक द्वारका दाहिया* सहित अन्य विशेषज्ञ प्रतिभागियों को रंगमंच, मंच सज्जा, प्रकाश, ध्वनि और अभिनय की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण देंगे।

कार्यक्रम के अंत में संयोजक कपिल साहू ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बसंती पालीवाल, अनिल लूनावत, शैलेंद्र जैन, आनंद दूबे, सुरेंद्र गुर्जर, वर्षा तिवारी, पार्षद आरती विश्वकर्मा, सुशील शर्मा सहित बड़ी संख्या में रंगकर्मी, साहित्यकार और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 32.78 लाख के नाली निर्माण कार्यों का हुआ भूमिपूजन

### नाली निर्माण से मिलेगी जलभराव की समस्या से राहत

### नागरिकों में विकास कार्य शुरू होने पर खुशी

कटनी (स्वतंत्रमत)



चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 06 के नागरिकों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए बुधवार को महापौर प्रीति संजीव सूरी के नेतृत्व एवं क्षेत्रीय पार्षद के प्रयासों से वार्ड में लगभग 32 लाख 78 हजार रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों की सौगात मिली। वार्ड में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर,क्षेत्रीय पार्षद नीतू कपिल रजक सहित जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों की मौजूदगी में विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। भूमिपूजन के अंतर्गत शिवकुमार सोनी एवं द्रोपती यादव के घर से पप्पू पाण्डेय तक सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण तथा पुरवार के घर से एस.एस. साउंड होते हुए पप्पू यादव के घर तक नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा।

***महापौर ने कहा- विकास कार्यों में नहीं होगी कमी***- इस अवसर पर महापौर ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद वार्ड में नाली निर्माण की मांग लंबे समय से नागरिकों द्वारा की जा रही थी। जल निकासी की समस्या के कारण लोगों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता से स्वीकृत कराया गया है। उन्होंने कहा कि विकास केवल बड़े निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों को बेहतर सड़क, नाली, स्वच्छता और जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना भी नगर निगम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी दिशा में शहर के विभिन्न वार्डों में लगातार विकास कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए क्षेत्र की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की वर्षों पुरानी मांगों का निराकरण कर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है और आने वाले समय में भी आवश्यकतानुसार विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

***क्षेत्रीय पार्षद ने जताया आभार***- क्षेत्रीय पार्षद नीतू कपिल रजक ने कहा कि वार्डवासियों द्वारा लंबे समय से नाली निर्माण की मांग की जा रही थी। नाली निर्माण कार्य प्रारंभ होने से क्षेत्र में जल निकासी की समस्या से राहत मिलेगी और नागरिकों को सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने महापौर एवं नगर निगम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नागरिकों की मांग को प्राथमिकता देकर विकास कार्य प्रारंभ कराया गया है। वर्षों पुरानी मांग पूरी होने और विकास कार्य प्रारंभ होने पर क्षेत्र के नागरिकों ने खुशी जाहिर की। उन्होंने विकास कार्य स्वीकृत कर प्रारंभ कराने के लिए महापौर एवं क्षेत्रीय पार्षद के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एम.आई.सी सदस्य रमेश सोनी, बीना बैनर्जी, सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद शकुंतला सोनी, वंदना यादव, सुनीता चौधरी, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## चेतना केंद्र स्थापना समारोह संपन्न

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला कटनी के आवाहन पर गायत्री परिवार के सभी कार्यकर्ताओं ने रविवार को मझगवां स्थित मां शारदा माता मंदिर प्रांगण में विशाल रुद्राभिषेक एवं गायत्री यज्ञ कार्यक्रम के माध्यम से कटनी जिले के पहले चेतना केंद्र के स्थापना समारोह में भाग लिया। चेतना केंद्र मैं देव स्थापना का कार्य जिला समन्वयक कमल राज अग्रवाल एवं नीति अग्रवाल के हाथों संपन्न कराया गया। भारी संख्या में उपस्थित परिजनों, ग्राम वासियों एवं बच्चों ने रुद्राभिषेक, गायत्री यज्ञ, संस्कारशाला एवं गोष्ठी में बढ़-चढ़कर भाग लिया लगभग 5 घंटे चले कार्यक्रम में गायत्री परिवार कटनी के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय चेतना केंद्र की स्थापना के साथ जुड़ गया। भोजन एवं प्रसाद की व्यवस्था महेंद्र खरे एवं उनकी 7 सदस्यों की टीम ने संभाली। कार्यक्रम में सक्रिय कार्यकर्ता ज्योति श्रीवास्तव, लव सिंह, शरद जायसवाल, डॉक्टर देवेंद्र दुबे, धीरज नामदेव, हरिश्चंद्र गुप्ता, हरिशंकर दहिया, अतुल अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, डॉक्टर विद्याभूषण खरे, डॉक्टर अनुभा खरे, छबिलाल साहू, कुंती साहू, अमन साहू, ओजस खरे, प्रणवी, प्रोफेसर लक्ष्मी द्विवेदी, सनातन, मनीराम पांडे, अतुल अग्रहरि, धर्मेंद्र, पूजा कुशवाहा, रामदयाल उपाध्याय, विक्की सेन, मुकेश कुशवाहा, लक्ष्मीकांत सोनी, कैलाश कचेर, बल्लू दहिया, राकेश शर्मा, रवि पांडे, आशीष सोनी, संध्या रानी नायक, गंगा सागर प्रसाद, रेनू गुप्ता, विजय कुमार, सत्येंद्र पांडे, सौरभ सोनी आदि अन्य सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया। कार्यक्रम समाप्ति पर भावना शील महिलाओं ने रुद्राभिषेक किए गए शिवलिंग के थाल को अपने सिर पर रखकर सभी देवालयों तक जुलूस निकाला वह भी सुमधुर बुंदेलखंडी भजनों के साथ। परिसर में ही स्थित तालाब में विसर्जन हुआ।



# शारीरिक विकास के लिए तैराकी एक अच्छा व्यायाम : डॉ. शर्मा

### सायना स्कूल में बारहवीं वार्षिक अंतरसदनीय तैराकी प्रतियोगिता संपन्न

### चमचमाती ट्रॉफी पर एमराल्ड हाउस का कब्जा बरकरार

कटनी (स्वतंत्रमत)

सायना इन्टरनेषनल स्कूल में बारहवीं वार्षिक अंतरसदनीय तैराकी प्रतियोगिता हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा, प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि ऋषि अरोरा, हेडमास्टर (डे स्कूल) कमल सरेचा, हेडमास्टर छात्रावास डॉ. लोकेश दुबे एवं प्राइमरी समन्वयक रीत मोंगा को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। तदोपरान्त प्रतियोगिता में 50 मीटर फ्री स्टाइल, 50 मीटर बैक स्ट्रोक और 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। तैराकी प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा के उपरांत प्रथम पुरस्कार की ट्रॉफी पर एमराल्ड हाउस ने अपना कब्जा बरकरार रखा। द्वितीय स्थान पर रूबी हाउस रहा। अभिराज लोधी, आदित्यवीर सिंह, दिव्यांशी तिवारी सर्वश्रेष्ठ तैराक घोषित किए गए। इस सुअवसर पर प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि शारीरिक विकास के लिए तैराकी एक अच्छा व्यायाम है। नियमित रूपसे तैराकी करना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। यह पूरे शरीर की एक बेहतरीन कसरत है जो वजन घटाने, दिल को मजबूत बनाने और तनाव कम करने में मदद करती है। सभी प्रतिभागी अत्यंत कुशल हैं। सायना के प्राचार्य ने सभी प्रशिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सचमुच आप सभी बधाई के पात्र हैं। आभार प्रदर्शन स्पोर्ट्स कैपटन यशी गुप्ता ने किया। सायना के क्रीडा विभागाध्यक्ष दीपक बलयानी एवं कोच पिंकी बलयानी ने अरूण शर्मा के साथ सभी को धन्यवाद दिया। साथ ही वंदे मातरम् गायन से कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन राज शुक्ला एवं वैशाली चतुर्वेदी ने किया।




# जेपीवी डीएवी विद्यालय में विद्यार्थी परिषद के विभिन्न पदों का हुआ अलंकरण




कटनी (स्वतंत्रमत)

जेपीवी डीएवी विद्यालय में 12 अगस्त को नवनिर्वाचित विद्यार्थी परिषद के विभिन्न पदों का शपथ ग्रहण समारोह के साथ अलंकरण संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश जोन के क्षेत्रीय निदेशक एवं विद्यालय प्राचार्य एसके सिन्हा के निर्देशन एवं डीएवी विद्यालय पन्ना के प्राचार्य आलोक शर्मा एवं डीएवी विद्यालय बरही के प्रभारी शिक्षक उमेश वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम प्राचार्य एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया तत्पश्चात चुनाव पद्धति से चुने गए विद्यार्थियों को विद्यालय संबंधी दायित्वों का निर्वाह करने हेतु विभिन्न पद प्रदान किए गए यह प्रक्रिया कक्षा नवमी से कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के बीच चुनाव करवा कर पूर्ण की गई जिसमें हेड ब्वॉय के रूप में कक्षा 12वीं विज्ञान से धीर कलवानी हेड गर्ल्स के रूप में कक्षा 12वीं विज्ञान समूह से अर्पिता पुरुषवानी वॉइस हेड ब्वॉय के रूप में कक्षा 11वीं विज्ञान से प्रदीप पुरी गोस्वामी तथा वॉइस हेड गर्ल के रूप में कक्षा 11वीं वाणिज्य से रिया जैन को चयनित किया गया इसी क्रम में अन्य सभी सदनों से सदन प्रमुख एवं सह सदन प्रमुख भी नियुक्त हुए इन सभी को प्राचार्य द्वारा पद चिह्न प्रदान किए गए तथा विद्यालय के कार्यों को पूर्ण करने हेतु शपथ दिलवाई गई प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को विद्यालय द्वारा दिए गए उत्तरदायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा प्रदान की।



## वैदेही शक्ति सेवा समिति द्वारा मनाया गया हरियाली तीज उत्सव

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** वैदेही शक्ति सेवा समिति द्वारा हरियाली तीज उत्सव मनाया गया उपस्थित सदस्य ग्रुप संस्थापक निशा तिवारी, अध्यक्ष गायत्री निगम, रीना चौदह, सविता पुरवार, रश्मि केजरीवाल, रश्मि सरावगी, शशि यादव, संतोष जैन, मंजू नेमा, मंजू खरे, सीमा श्रीवास्तव, सीमा लहरिया, उर्मिला शर्मा, रमा सोनी, सुधा सोनी, अनीता तोलासरिया, मंजू शिवहरे, नीलू पुरवार, ऊषा पुरवार, चंचल पुरवार, अंजू गौतम, संगीता तिवारी, अंजली सरावगी, ज्योति सरावगी, राखी गुप्ता, रचना गुप्ता, शशि साहू, गुंजन सोनी, मंजू मिश्रा, स्नेह लता सोनी, वंदना सचदेवा, महिमा ओझा की उपस्थित रही! हाथों में मेंहदी, चूड़ियों की खनक, हरे परिधान के साथ म्यूजिक, मस्ती और धूम के साथ म्यूजिकल चेयर, हाऊजी, प्रश्नोत्तर, रैंप वॉक के साथ ग्रीन क्वीन का चयन किया गया जिसमें राखी गुप्ता फस्ट ग्रीन क्वीन, सेकेंड गुंजन सोनी रही मंच संचालन निशा तिवारी ने किया रोली कुमकुम लगा कर सभी का स्वागत किया गया शानदार गिफ्ट हरियाली तीज के तोहफे देकर सभी की विदाई की गई निशा तिवारी ने बताया हरियाली तीज उत्सव का महत्व माता पार्वती जी ने भगवान शिव को पाने के लिए कठिन तपस्या की थी ये सुहागन महिलाएं अपने सौभाग्य की मंगल कामना के लिए तीज का कार्यक्रम मनाती है।

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा मानव श्रृंखला कार्यक्रम

कटनी (स्वतंत्रमत)



प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में तिरंगा मानव श्रृंखला कार्यक्रम का आयोजन देशभक्ति एवं राष्ट्रीय गौरव की भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं महाविद्यालयीन शिक्षकों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान तथा स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों के बलिदान के प्रति कृतज्ञता की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए तिरंगा मानव श्रृंखला का निर्माण किया। हाथों में तिरंगा लेकर छात्राओं ने एकता, अखंडता एवं राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन भी किया गया, जिससे पूरे महाविद्यालय परिसर में देशभक्ति और उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया। छात्राओं ने राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं देश की एकता-अखंडता को बनाए रखने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने तिरंगे के तीनों रंगों के महत्व को समझाते हुए कहा कि केसरिया रंग साहस, त्याग और वीरता का प्रतीक है, सफेद रंग शांति एवं सत्य का तथा हरा रंग समृद्धि, हरियाली और विकास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि हमारे राष्ट्रीय ध्वज में निहित प्रत्येक रंग और अशोक चक्र देश की महान परंपरा, आदर्शों एवं मूल्यों का प्रतिनिधित्व करता है। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने कहा कि आज हम जिस स्वतंत्र वातावरण में अपने हाथों में तिरंगा लेकर गर्व के साथ उसे लहरा रहे हैं, उसके पीछे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों एवं देश के वीर सपूतों का अमूल्य त्याग और बलिदान है। असंख्य वीरों ने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों तक का बलिदान दिया। उनके संघर्ष और बलिदान के परिणामस्वरूप हमें स्वतंत्र भारत में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्राप्त हुआ है। इसलिए प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रीय ध्वज का सदैव सम्मान करे और देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहे। कार्यक्रम की संयोजक रश्मि सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। देश की प्रगति में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें तथा स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं।

## 30 किलो से अधिक गांजा के पौधे सहित आरोपी पकड़ाया

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार मादक पदार्थो की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, कमल मौर्य अति. पुलिस अधीक्षक कटनी एवं शिवा पाठक डीएसपी अजाक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में माधवनगर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी अनिल गोस्वामी निवासी निवार को नशे के कारोबार के लिए बाडी में लगाये हुए 30 किलो 790 ग्राम हरे गांजा के पौधे सहित गिरफ्तार किया गया है। थाना माधवनगर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विरूद्ध कार्यवाही दौरान 12 अगस्त को अचानक भ्रमण करते पुलिस आरोपी अनिल गोस्वामी पिता राम राज गोस्वामी उम्र 19 वर्ष नि. निवार थाना माधवनगर की बाड़ी पहुँची जहाँ अचानक पहुँची पुलिस को देखकर आरोपी घबरा गया तथा भागने का प्रयास करने लगा जिसे पकड़कर आरोपी से गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर गांजा का पेड़ लगाना स्वीकार किया जिसे माधवनगर पुलिस व्दारा विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए आरोपी के कब्जे से उसके खेत बाड़ी में लगे गांजा के पौधे कुल वजनी करीबन 30 किलो 790 ग्राम जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

# एनकेजे रेलवे स्कूल में शिक्षकों की कमी को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन

### एक माह में शिक्षकों की भर्ती का लिखित आश्वासन

कटनी (स्वतंत्रमत)





एनकेजे रेलवे स्कूल में कक्षा पहली से बारहवीं तक अध्ययनरत एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं के लिए पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं होने के विरोध में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अजय खटिक के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। मौके पर एनकेजे थाने का भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी शामिल होकर शिक्षकों की तत्काल नियुक्ति की मांग उठाई। एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि विद्यालय में कक्षा पहली से बारहवीं तक की पढ़ाई के लिए वर्तमान में मात्र पांच शिक्षक उपलब्ध हैं, जबकि स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या एक हजार से अधिक है। शिक्षकों की भारी कमी के कारण विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उन्हें एक दिन छोड़कर एक दिन स्कूल बुलाया जा रहा है, जिसके चलते महीने में लगभग आधे दिन ही कक्षाएं संचालित हो पा रही हैं। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अजय खटिक ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक विद्यार्थी का अधिकार है और शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होना बेहद गंभीर विषय है। रेलवे जैसे केंद्रीय संस्थान के स्कूल में इस प्रकार की अव्यवस्था स्वीकार नहीं की जा सकती। विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान स्कूल प्रबंधन द्वारा रेलवे के उच्च अधिकारियों से चर्चा की गई। चर्चा के बाद एनएसयूआई को लिखित आश्वासन दिया गया कि एक माह के अंदर स्कूल में आवश्यकतानुसार सभी जरूरी शिक्षकों की भर्ती कर ली जाएगी, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई नियमित रूप से संचालित हो सके। एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित एक माह की अवधि में शिक्षकों की भर्ती नहीं की गई और विद्यालय में नियमित कक्षाएं शुरू नहीं हुईं, तो संगठन विद्यार्थियों के हित में आंदोलन को और व्यापक रूप देगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की होगी। अजय खटिक ने कहा कि एनएसयूआई छात्रों के अधिकार और उनके बेहतर भविष्य के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। रेलवे प्रशासन द्वारा दिए गए लिखित आश्वासन के बाद फिलहाल आंदोलन को स्थगित किया गया है, लेकिन संगठन पूरे मामले पर नजर बनाए रखेगा। प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल पांडे, पार्षद विनीत जयसवाल, चौखे भाईजान, कांग्रेस आईटीसेल अध्यक्ष सुरेंद्र राणा, सुनील श्रीवास, संदीप रजक, सतीश तिवारी, प्रिंस वंशकार, राहुल यादव, प्रज्ज्वल साहू, सौरभ पांडेय, सत्यम द्विवेदी, अनुभव सिंह, अनूप सिंह, आदित्य सिंह, अभिषेक शर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र/छात्रा उपस्थित रहे आदि उपस्थित रहे।

## कटनी के मेधावी सक्षम को राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान

**कटनी।** पीएसवाई-प्रतिभा सम्मान योजना के अंतर्गत राज्य स्तर पर चयनित मेधावी विद्यार्थियों के उत्कृष्टता सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार, 10 अगस्त को लोक शिक्षण संचालनालय सभागार, भोपाल में किया गया। कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों को पदक एवं निधि का वितरण कर उनकी प्रतिभा और उपलब्धियों का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अभिषेक सिंह (आईएएस), आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल रहे। उनके करकमलों से राज्य स्तर पर चयनित मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोक शिक्षण संचालनालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं संचालक लोक शिक्षण की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह दोपहर 2:30 बजे आयोजित हुआ। इस राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में कटनी जिले के होनहार छात्र सक्षम को उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए चित्रकला प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया। सक्षम ने अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि सक्षम वरिष्ठ पत्रकार जीतेन्द्र कोस्टा के सुपुत्र हैं। सक्षम की इस उपलब्धि से उनके परिवार, विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। जिले के गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न वर्गों के लोगों ने सक्षम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी ने कहा कि ऐसी उपलब्धियां न केवल विद्यार्थी का मनोबल बढ़ाती हैं, बल्कि जिले के अन्य प्रतिभावान विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

# पीएसजी ने लगातार दूसरी बार यूईएफए सुपर कप जीतकर बनाया रिकार्ड

## एस्टन विला को 2-1 से हराया

साल्जबर्ग।

फ्रांसीसी फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने लगातार दूसरी बार यूईएफए सुपर कप जीतकर एक नया रिकार्ड बनाया है। पीएसजी ने यहां खेले गए रोमांचक मुकाबले में यूरोपा लीग विजेता एस्टन विला को 2-1 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की। पीएसजी और एस्टन के बीच मैच बेहद संघर्षपूर्ण रहा। मैच का पहला गोल पीएसजी के स्टार फॉरवर्ड ख्विचा क्वारात्शेलिया ने किया। क्वारात्शेलिया के लगाये शॉट को एस्टन विला के गोलकीपर मार्को बिजोट रोक नहीं पाये। इस गोल से पीएसजी को 1-0 की बढ़त हासिल की। इसके बाद एस्टन ने भी वापसी के प्रयास शुरु कर दिये।




उसकी ओर से 17 वर्षीय युवा ब्रायन मैडजो ने जबरदस्मत प्रदर्शन किया और वह पीएसजी पर हमले करते रहे। मेडजो ने विला की ओर से मैच का एकमात्र गोल किया। इस गोल के साथ ही मेडजो यूईएफए सुपर कप इतिहास में गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। वहीं खेल के 61वें मिनट में पीएसजी ने एक और गोल दागकर अपनी बढ़त 2-1 कर दी किया। उसकी ओर से ये गोल स्थानापन्न खिलाड़ी उस्मान डेम्बेले के दिये एक पास पर डिजायर डोए ने दागा। इस गोल के बाद एस्टन ने बराबरी के लिए टैमी अब्राहम और रॉस बार्कले जैसे खिलाड़ियों को मैदान में उतारा पर पीएसजी की रक्षापंक्ति ने उन्हें कोई अवसर नहीं दिया। पीएसजी ने अपनी 2-1 की बढ़त को अंत तक बनाए रखते हुए मुकाबला जीता लिया। और शानदार जीत दर्ज की। जीत के बाद पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने अपनी टीम की सराहना करते हुए कहा, हमें पहले से पता था कि यह मैच कठिन रहेगा। मेरे खिलाड़ियों ने दिखाया कि वे क्या कर सकते हैं। यह जीत पीएसजी के लिए एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

यह उनके इतिहास का दूसरा यूईएफए सुपर कप खिताब था, और लगातार दो बार इसे जीतकर उन्होंने एक खास रिकॉर्ड बनाया है। गौरतलब है कि अब पीएसजी तीसरा ऐसा क्लब बन गया है जिसने लगातार दो बार यूईएफए सुपर कप जीता है। इससे पहले यह उपलब्धि केवल एसी मिलान ने साल 1989, 1990 और रियल मैड्रिड सीएफ ने 2016, 2017 में हासिल की थी। इस जीत ने यूरोपीय फुटबॉल में पीएसजी की बढ़ती ताकत का अंदाजा होत है।



पेरिस में यूरोपीय एथ्लेटिक चैम्पियनशिप के 200 मीटर क्वालीफायर में सत्र का सबसे कम समय निकालने वाली हंगरी की बोगलारका टकीस व यूरोपीय अंडर 23 चैक्पियन डेलिया केडारी।

## हॉकी विश्व कप 2026 में बदले प्रारुप के कारण बढ़ेगा रोमांच

**ब्रूसेल्स।** 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड्स की संयुक्त मेजबानी में होने वाले पुरुष और महिला विश्व कप में इस बार प्रारुप में बदलाव किया गया है। इसके तहत अब पारंपरिक क्वार्टर फाइनल मुकाबले नहीं होंगे। यह एक बड़ा बदलाव है जो टीमों को शुरुआती चरण से ही अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहने पर मजबूर करेगा, क्योंकि अब हर मैच के परिणाम का प्रभाव सीधे



सेमीफाइनल की राह तय करेगा। इससे हर मुकाबले का महत्व पहले से बढ़ गया है। अब नए प्रारुप के तहत, पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 16-16 टीमें हिस्सा लेंगी, जिन्हें चार-चार टीमों के चार पूल में बांटा गया है। शुरुआती चरण में, हर टीम अपने पूल की बाकी तीन टीमों से खेलेगी। इसके बाद, पूल ए और डी की शीर्ष दो-दो टीमें मिलकर पूल ई बनाएंगी, जबकि पूल बी और सी की शीर्ष दो टीमें पूल एल में जगह बनाएंगी। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि पहले चरण में एक ही मूल पूल से आगे बढ़ने वाली दो टीमों के बीच हुए मुकाबले का परिणाम और अंक दूसरे चरण की अंक तालिका में सीधे आगे ले जाए जाएंगे।

## अब कमेंटेटर की भूमिका में नजर आयेंगे रहाणे



### श्रीलंका दौरे से करेंगे शुरुआत

**मुम्बई।** हाल ही में खेल से संन्यास लेने वाले बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे अब कमेंट्री करते दिखेंगे। रहाणे को भारत और श्रीलंका के बीच होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए कमेंटेटर की भूमिका मिली है। उन्हें 15 अगस्त से श्रीलंका के गॉल में शुरू होने वाली इस सीरीज के पहले मैच के लिए विशेषज्ञ कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है। ऐसे में अब प्रशंसक इस क्रिकेटर को एक नई भूमिका में देखेंगे। अब देखना है कि वह इस भूमिका में कितने सफल होते हैं। गौरतलब है कि रहाणे ने भारतीय टीम की ओर से 85 टेस्ट मैचों में 38.46 के औसत से 5077 रन बनाए, जिसमें 12 शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं।

कमेंटेटर के तौर पर अपनी नई पारी को लेकर रहाणे बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, मैं सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनी लिव पर भारत के श्रीलंका दौरे के दौरान टेस्ट कमेंट्री की शुरुआत करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।

## विराट ने भारतीय टीम में जीत का विश्वास जगाया : हरभजन



**चंडीगढ़।** दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने विराट कोहली की कप्तानी की सराहना करते हुए कहा है कि विराट को भारतीय टीम में जीत का विश्वास जगाने और फिटनेस को लेकर एक बड़ा बदलाव लाने का श्रेय जाता है। जिससे खिलाड़ियों ने अपनी क्षमताओं को नए सिरे से समझा और उससे लाभ उठाया। उन्होंने बताया कि कोहली लगातार अपने खिलाड़ियों को यह विश्वास दिलाते थे कि कोई भी लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं है और उनकी क्षमता उनकी अपनी सोच से भी कहीं ज्यादा थी।

कोहली को पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तब कप्तानी का मौका मिला था जब महेन्द्र सिंह धोनी ने टेस्ट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। हरभजन ने कहा, जब लोग पूछते हैं कि भारतीय टीम में क्या बदलाव आया, तो मेरा जवाब सीधा होता है कि यह विराट की लाई हुई साधारण लेकिन प्रभावी मानसिकता थी। उन्होंने याद किया कि यह बदलाव सबसे पहले विराट साल 2014-15 में नियमित कप्तान बनने के बाद लाए थे। हरभजन ने बताया कि उससे पहले टीम आखिरी दिन 400 रन का लक्ष्य हासिल करने के बारे में नहीं सोचती थी, लेकिन विराट ने अपने साथियों से कहा, चलो कम से कम कोशिश तो करते हैं। हम हार सकते हैं, लेकिन अगर हम कोशिश करते रहेंगे तो एक दिन हम आखिरी पारी में 400 से अधिक रन जरूर बना लेंगे। यह एक ऐसी सोच थी जिसने टीम को हार के डर से निकलकर जीत के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

हरभजन ने आगे कहा कि विराट में जीतने की मानसिकता और ड्रॉ से संतुष्ट न होने का जज्बा था। उन्होंने कहा, अगर हमें आखिरी दिन 10 विकेट लेने हों, तो हम इसके लिए पूरी कोशिश करेंगे। यह स्पष्ट था कि कोहली की लीडरशिप खिलाड़ियों को लगातार यह बताती रही कि कोई भी लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं है।हरभजन के अनुसार, कोहली का सबसे बड़ा योगदान भारतीय क्रिकेट में फिटनेस संस्कृति को बढ़ावा देना था।

## जोडार को हराकर कैनेडियन ओपन के फाइनल में पहुंचें नाकाशिमा

**मॉन्ट्रियल।** अमेरिका के ब्रैंडन नाकाशिमा यहां खेले जा रहे कैनेडियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गये हैं। नाकाशिमा ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में स्पेन के 19 साल के उभरते हुए खिलाड़ी राफेल जोडार को 7-6 (3), 6-4 से हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनायी। इस जीत के साथ नाकाशिमा अपने करियर के पहले खिताब के करीब पहुंच गये हैं। वहीं इस हार से जोडार के सबसे कम उम्र में खिताब जीतने की उम्मीदें टूट गयीं। दोने ही खिलाड़ियों के बीच मुकाबला बेहद कठिन रहा। शुरुआती सेट में हर अंक के लिए संघर्ष हुआ।



पहले सेट में दोनों खिलाड़ी अपनी सर्विस पर मजबूत बने रहे, जिससे यह टाई-ब्रेक तक पहुंच गये। नाकाशिमा ने जोडार के शुरुआती दो सर्विस गेम में छह ब्रेक अंक हासिल किए थे पर वह उनका लाभ नहीं उठा पाये।

## सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतें गिरी हैं। आज सोने और चांदी के वायदा भाव की तेज शुरुआत हुई इसके बाद भी इन दोनो कीमती धातुओं में कमजोरी आई है। कॉमेक्स पर सोना 4,465 डॉलर प्रति औंस के करीब, जबकि चांदी 65.60 डॉलर प्रति औंस के करीब कामकाज कर रहा है। वहीं घरेलू बजार में सोने के वायदा भाव 1,54,700 रुपये, जबकि चांदी के भाव 2,37,800 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे।



आज सोने के वायदा भाव की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर अनुबंध 189 रुपये उछलकर 1,55,071 रुपये की कीमत पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 1,54,882 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 170 रुपये नीचे आकर 1,54,712 रुपये पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,55,145 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,54,694 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। सोने के वायदा भाव इस साल 1,80,779 रुपये के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे जबकि चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई।

एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर अनुबंध 165 रुपये की तेजी के साथ 2,38,000 रुपये पर खुला। इसका पिछला बंद भाव 2,37,835 रुपये था। एक समय यह अनुबंध 1,010 रुपये टूटकर 2,36,825 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 2,38,000 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 2,37,300 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया। दूसरी ओर चांदी के वायदा भाव इस साल 4,20,048 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव में कमजोरी रही। कॉमेक्स पर सोना 4,468.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। इसका पिछला बंद भाव प्राइस 4,467.50 डॉलर प्रति औंस था। सोने के भाव ने इस साल 5,586.20 डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे। वहीं कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 65.45 डॉलर के भाव पर खुले। इसका पिछला बंद भाव 65.70 डॉलर था।

## गूगल की फिक्सल11 सीरीज लॉन्च

### डिवाइस में जेमिनी एआई जोड़ा

**नई दिल्ली।** गूगल ने अपने मेड बाय गूगल 2026 इवेंट में नई फिक्सल11 सीरीज के साथ फिक्सल वॉच 5, फिक्सल टेग और फिक्सल बुड्स के लिए कई नए फीचर्स पेश किए हैं। इस बार कंपनी ने अपने नए डिवाइस में जेमिनी एआई को पहले से ज्यादा गहराई से जोड़ा है। नई फिक्सल 11 सीरीज में फिक्सल11, फिक्सल11 प्रो, फिक्सल11 प्रो एक्सएल और फिक्सल11 प्रो फोल्ड शामिल हैं। गूगल की नई फिक्सल11 सीरीज के सभी मॉडल टेनसोर जी6 प्रोसेसर के साथ आते हैं। कंपनी के मुताबिक नए चिप में पिछली पीढ़ी की तुलना में 50 फीसदी ज्यादा टीपीयू क्षमता है। डिवाइस में जेमिनी नेनो का नया वर्जन भी दिया गया है, जिससे फोन पर एआई से जुड़े काम तेजी से किए जा सकेंगे। फिक्सल11 में 48 मेगापिक्सल का नया मुख्य कैमरा सेंसर दिया गया है। इसमें बेहतर लो-लाइट परफॉर्मेंस के साथ 5एक्स टेलीफोटो कैमरा मिलता है, जो 30एक्स सुपर जूम तक सपोर्ट करता है। वहीं फिक्सल11 प्रो और फिक्सल11 प्रो एक्सएल में बड़ा मुख्य कैमरा सेंसर और 48 मेगापिक्सल का टेलीफोटो कैमरा दिया गया है। ये फोन 120एक्स प्रो जूम तक सपोर्ट करते हैं। कंपनी ने कैमरा बार का डिजाइन भी पहले से पतला किया है। फिक्सल11 प्रो मॉडल में सुपर एटुआ डिस्प्ले दिया गया है, जिसकी पीक ब्राइटनेस 3,600 निट्स तक है।

फिक्सल11 सीरीज में कैमरा से जुड़े कई नए फीचर्स जोड़े गए हैं। मेजिक चेप्टर की मदद से किसी खास पल के आसपास कई फोटो और वीडियो एक साथ कैप्चर किए जा सकते हैं। वहीं कैमरा लुक्स के जरिए यूजर अपनी पसंद का विजुअल स्टाइल बना और सेव कर सकते हैं। प्रो सुटेबल वीडियो फीचर वीडियो रिकॉर्डिंग को ज्यादा स्थिर बनाने में मदद करेगा।

## चंद्रशेखरन के पद छोड़ने के बाद टाटा चेयरमैन की दौड़ शुरु

**नई दिल्ली।** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के पद छोड़ने की घोषणा के साथ ही उनकी जगह लेने दौड़ शुरू हो गई है। शीर्ष पद की दौड़ में टाटा स्टील के टीवी नरेंद्रन का नाम उभरकर सामने आ रहा है। सूत्रों के मुताबिक इस पद के लिए टाटा कंपनियों के प्रमुखों, बोर्ड सदस्यों के साथ ही बाहरी उम्मीदवारों पर भी विचार किया जा सकता है। मामले की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा कि कंपनी के अंदर चर्चित दावेदारों में टीवी नरेंद्रन, टाटा संस के मुख्य वित्त अधिकारी सौरभ अग्रवाल और टाटा मोटर्स के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ शैलेश चंद्र शामिल हैं। टाटा संस में उत्तराधिकारी चुनना कोई आसान प्रक्रिया नहीं है। टाटा संस के आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल 118 के मुताबिक चेयरमैन की नियुक्ति के लिए चयन समिति बनानी होती है।



साइरस मिस्त्री की नियुक्ति के समय इसी प्रक्रिया का पालन किया गया था। इसी तरह मिस्त्री को हटाए जाने के बाद पांच सदस्यों वाली एक चयन समिति बनाई गई, जिसने बाद में एन चंद्रशेखरन के नाम पर मुहर लगाई। चंद्रा उस समय टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के प्रबंध निदेशक और सीईओ थे। मिस्त्री के मामले से अलग इस बार टाटा संस के पास उत्तराधिकारी की घोषणा करने के लिए सात महीने का समय है। कानून के जानकारों का कहना है कि अगर चयन समिति किसी वजह से किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाती है तो जरूरी हालात को देखते हुए नोएल टाटा कंपनी के अंतरिम चेयरमैन बन सकते हैं।

मिस्त्री को अचानक हटाए जाने के बाद 2016 में रतन टाटा ने टाटा संस के अंतरिम चेयरमैन का पद संभाला था। सुप्रीम कोर्ट में वकील एच पी रनिना ने कहा कि सबसे अहम बात तलाश या चयन समिति का गठन है।

## यूपीआई की लागत को कम करने दो विकल्पों पर विचार कर रही सरकार

### बड़े लेन-देन या बड़े कारोबारियों के लिए मर्चेंट छूट दर फिर लागू करने की तैयारी



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने संसद की वित्त मामलों की स्थायी समिति को बताया कि वित्तीय सेवा विभाग यूपीआई की वित्तीय लागत को कम करने के लिए दो विकल्पों पर विचार कर रही है। पहला विकल्प- बड़े यूपीआई लेन-देन या बड़े कारोबारियों के लिए मर्चेंट छूट दर फिर से लागू करना और दूसरा सरकारी मदद को अगले कुछ सालों में कम करने के लिए अलग-अलग स्तर का प्रोत्साहन तंत्र लागू करना है। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने 17 जुलाई को समिति को दिए जवाब में कहा कि यूपीआई तंत्र को लंबे समय तक टिकाऊ बनाए रखने और सरकार के खजाने पर पड़ रहे बोझ को देखते हुए इन दोनों विकल्पों पर काम किया जा रहा है। संसदीय समिति ने संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा है कि यूपीआई लेन-देन को प्रोत्साहन देने और शून्य एमडीआर की वजह से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए सरकार ने 2,000 करोड़ रुपए का बजट रखा है। वहीं, उद्योग का अनुमान है कि यूपीआई की परिचालन लागत करीब 20,700 करोड़ रुपए है। लोकसभा सांसद भर्तृहरि माहताब की अध्यक्षता वाली समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अब कानून में यह प्रावधान मौजूद है कि बड़े मूल्य वाले यूपीआई लेन-देन पर तय सीमा के तहत एमडीआर लगाया जा सकता है, लेकिन अगर इसे लागू करने में और देरी होती है तब भुगतान कंपनियां अपर्याप्त सरकारी सब्सिडी पर निर्भर रहेंगी।

## पेटीएम के शीर्ष अधिकारियों को सेबी का नोटिस

### कंपनी के शेयरों में 20 फीसदी गिरावट

नई दिल्ली।

डिजिटल पेमेंट कंपनी पेटीएम के शीर्ष अधिकारियों को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की ओर से नोटिस मिला है। यह नोटिस दिसंबर 2023 में छोटे पर्सनल लोन को लेकर कंपनी की घोषणा के समय से जुड़ा है। कंपनी ने बुधवार देर रात इसकी जानकारी दी। पेटीएम के सीईओ विजय शेखर शर्मा और सीएफओ मधुर देवड़ा समेत कंपनी के कुछ प्रमुख अधिकारियों को मंगलवार को सेबी का शो-कॉज नोटिस मिला। अधिकारियों को नोटिस का जवाब देने के लिए 14 दिन का समय दिया गया है।




पेटीएम ने 6 दिसंबर 2023 को बताया था कि वह 50,000 से कम के पर्सनल लोन देने की संख्या कम करेगी। यह फैसला भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से पर्सनल लोन से जुड़े नियमों को सख्त किए जाने के बाद लिया गया था। आरबीआई ने इससे करीब तीन सप्ताह पहले बैंकों और वित्तीय संस्थानों के लिए छोटे और असुरक्षित पर्सनल लोन पर पूंजी संबंधी जरूरतें बढ़ाई थीं। इसका उद्देश्य तेजी से बढ़ रहे छोटे कर्ज से जुड़े जोखिम को नियंत्रित करना था।

पेटीएम की घोषणा के अगले कारोबारी दिन कंपनी के शेयर में करीब 20 फीसदी की गिरावट आई थी। हालांकि कंपनी के मुताबिक घोषणा से पहले के आठ कारोबारी दिनों में भी पेटीएम के शेयर करीब 12 फीसदी गिर चुके थे। सेबी का नोटिस मुख्य रूप से इस बात से जुड़ा है कि पेटीएम ने छोटे पर्सनल लोन कम करने की जानकारी बाजार को किस समय दी थी। नियामक इस मामले में कंपनी और उसके अधिकारियों से उनका पक्ष जानना चाहता है। शो-कॉज नोटिस का मतलब यह है कि सेबी ने संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। यह अपने आप में किसी गलती या नियम उल्लंघन का अंतिम निष्कर्ष नहीं है। अगर जांच में नियमों का उल्लंघन साबित होता है, तो संबंधित लोगों या संस्थाओं पर जुर्माना या अन्य नियामकीय कार्रवाई हो सकती है।

पेटीएम ने कहा है कि उसे इस शो-कॉज नोटिस से किसी वित्तीय प्रभाव की उम्मीद नहीं है। अब कंपनी के संबंधित अधिकारी तय समयसीमा के भीतर सेबी को अपना जवाब देंगे। यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब पेटीएम पहले से ही नियामकीय फैसलों और बाजार में अपनी स्थिति को लेकर निवेशकों की नजर में है।

## शेयर बाजार सपाट बंद

### सेंसेक्स 113 अंक उछला
### निफ्टी 40 अंक गिरा

**मुम्बई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुआ। दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली होने से बाजार पर ये दबाव आया। इसके अलावा अमेरिका और ईरान के बीच समझौते को लेकर संशय से भी बाजार धारणा कमजोर हुई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 113.61 अंक बढ़कर 78,079.96 पर पहुंच गया, जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 40.10 अंक नीचे अकर 24,395.85 पर बंद हुआ। आज बीएसई पर 4545 शेयरों में बढ़त जबकि 2,198 शेयरों में गिरावट आई । वहीं 227 शेयरों में कोई बदलाव नहीं देखा गया । निफ्टी के प्रमुख शेयरों में टाटा कंज्यूमर, टाटा मोटर्स , एनटीपीसी और श्रीराम फाइनेंस सबसे अधिक बढ़त



वाले शेयर रहे जबकि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, ग्रासिम और पावर ग्रिड के शेयर सबसे अधिक गिरे। आज कारोबार के दौरान निफ्टी मेटल इंडेक्स में और प्राइवेट बैंक इंडेक्स में गिरावट रही जबकि रियल्टी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयरों में बढ़त रही। निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप दोनों इंडेक्स में हल्की बढ़त रही। इससे पहले आज सुबह भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। सुबह सेंसेक्स 181 अंक के नुकसान के साथ ही 77,785.48 पर कामकाज कर रहा था।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के सुशासन और न्यायप्रियता ने देश-प्रदेश को किया गौरवान्वित

## मुख्यमंत्री ने पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 231वीं पुण्यस्मृति कार्यक्रम को किया संबोधित



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर मालवा की ऐसी शासिका थीं, जिनके कारण मध्यप्रदेश और देश गौरवान्वित होता है। उन्होंने अपने शासनकाल में सुशासन और न्यायप्रियता के प्रतिमान स्थापित किए। राज्य सरकार ने देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के अवसर पर इंदौर के राजवाड़ा में विशेष कैबिनेट कर उनके योगदान का स्मरण किया। देवी अहिल्याबाई होल्कर सुशासन की प्रतिमूर्ति थीं। उनकी सेवा, साधना, न्याय, त्याग सहित जीवन के प्रत्येक पक्ष के आधार पर हमारी सरकार जनसेवा, सुशासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 231वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अखिल भारतीय गड़रिया महासभा की ओर से आयोजित पुण्यस्मृति दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रवींद्र भवन में आयोजित पुण्यस्मृति कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया तथा लोकमाता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर जागो नारी जागो पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता देवी अहिल्या के श्रीचरणों का पूजन किया। उन्हें इस अवसर पर देवी अहिल्या की प्रतिमा और चित्र भेंट किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का इस अवसर पर गजमाला पहनाकर अभिवादन किया गया।

***पाल-गड़रिया समाज के लिए समाज कल्याण बोर्ड का गठन होगा***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पाल-गड़रिया समाज का गौ वंश के प्रति सेवाभाव गोपाल कृष्ण के समान हैं। राज्य सरकार पाल-गड़रिया समाज के सुख-दुःख और जनकल्याण के कार्यों के लिए सदैव तत्पर है। सरकार ने प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के लिए दूध उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य रखा है, किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अखिल भारतीय गड़रिया समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पाल-गड़रिया समाज के लिए समाज कल्याण बोर्ड का गठन करने की घोषणा की। अखिल भारतीय गड़रिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोती श्रीपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी में देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा स्थापित कर हमारा मान बढ़ाया है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने यह सुनिश्चित किया कि जनसेवा ही सत्ता का प्रमुख उद्देश्य हो। उन्होंने देशभर में मंदिर-मठों का जीर्णोद्धार कराया। नए मंदिर, धर्मशालाएं, कुंए और नदियों पर घाटों का निर्माण कराया। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सुशासन और न्याय की पहुंच सुनिश्चित की। उनके कार्य अखिल भारतीय गड़रिया महासभा के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं।

***राष्ट्र निर्माण को बनाया ध्येय***- गड़रिया समाज ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक समरसता, सामूहिक विवाह कार्यक्रम और राष्ट्र निर्माण को अपना ध्येय बनाया है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, रोजगार और उद्योग में अग्रणी बनाना हमारा लक्ष्य है। महासभा द्वारा युवाओं को सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में सहयोग, कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान और समाजसेवा के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जब समाज शिक्षित, संगठित और नेतृत्व में सहभागी होगा, तभी वह राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा पाएगा। कार्यक्रम को समाजसेवी जागृति पाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक भगवानदास सबनानी, पूज्य संत दादा गुरुजी, पूर्व राज्यसभा सदस्य पद्मश्री डॉ. विक्रम महात्मे, समाजसेवी राजेश श्रीपाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पाल-गड़रिया समाज जन उपस्थित थे।



# पूर्व छात्रों का अपनी संस्था से जुड़ाव नई पीढ़ी के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने आधुनिक फुटसल स्पोर्ट्स एरीना का किया लोकार्पण

भोपाल (स्वतंत्र मत)

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल के 71वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने गांधी मेडिकल कॉलेज में पूर्व छात्रों के सहयोग से निर्मित आधुनिक फुटसल स्पोर्ट्स एरीना का लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य अधोसंरचना का सतत विस्तार किया जा रहा है। एमबीबीएस, पीजी और विशेषज्ञ चिकित्सा शिक्षा की सीटों में निरंतर वृद्धि की जा रही है। प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक-तीनों स्तरों की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त किया जा रहा है और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेशवासियों को अत्याधुनिक और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदेश के भीतर ही उपलब्ध हों। किसी भी नागरिक को बेहतर उपचार के लिए प्रदेश से बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े, इसके लिए स्वास्थ्य अधोसंरचना और सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि वर्तमान समय में बीमारियों का बोझ बढ़ रहा है। इसलिए केवल बीमारी के उपचार तक सीमित रहने के बजाय प्रिवेंटिव हेल्थ केयर और बीमारी की रोकथाम पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता, पोषण और जागरूकता के माध्यम से बीमारी के मूल कारणों को नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जल जीवन मिशन, प्राकृतिक खेती और अन्य आधारभूत सेवाओं को सशक्त करने जैसे प्रयासों से बीमारी के मूल कारणों को नियंत्रित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य हो रहा है।

***समाज और जागरूक नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण***- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सरकार के प्रयासों को और प्रभावी बनाने में सामाजिक संगठनों, संस्थाओं और जागरूक नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। दूरस्थ क्षेत्रों तक उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में जनमानस में सेवा भाव और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना अहम है। उन्होंने गांधी मेडिकल कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन के संस्था के प्रति निरंतर लगाव और सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व छात्रों का अपनी संस्था से जुड़ाव नई पीढ़ी के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी है। उप मुख्यमंत्री ने विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों से अंगदान का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अंगदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम है और इससे पूरे समाज को लाभ मिलता है। उन्होंने अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इस मानवीय अभियान को जनआंदोलन बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि अंगदान करने वाले परिवारों के योगदान का सम्मान समाज के लिए प्रेरणादायी है। इसी को ध्यान में रखते हुए डोनर्स को गार्ड ऑफ़ ऑनर और परिजन को स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस के अवसरों पर सम्मानित करने की पहल सरकार द्वारा की गयी है।

# हर घर तिरंगा अभियानः जोश, जश्न के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

दमोह (स्वतंत्र मत)

80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत स्थानीय तहसील ग्राउण्ड से एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा तहसील ग्राउंड से कीर्तिस्तंभ, कोआपरेटिव्ह बैंक चौराहा, बस स्टेण्ड चौराहा से एवरेस्ट लॉज तिराहा, घण्टाघर, अम्बेडकर चौक से पुनरू तहसील ग्राउण्ड में समापन हुआ। तिरंगा यात्रा में राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, राज्यमंत्री लखन पटेल, मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व मंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ मंजु कटारे, जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल ठाकुर, कलेक्टर प्रताप नारायण यादव एवं पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों, अधिकारी कमर्चारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। तिरंगा यात्रा के प्रारंभ में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का संदेश जन जन तक पहुंचाया गया। डीजे और बाजों के साथ नौजवानों, युवाओं, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं सहित पुलिस विभाग के नौजवान तिरंगे को लहराते हुये आजादी का जश्न मनाते नजर आ रहे थे। राष्ट्र भक्ति गीतों का क्रम लहराते तिरंगे के साथ आजादी जश्न नजर आ रहा था। राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत बच्चों और गणमान्य नागरिक गणों ने हाथ में तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा निकालने का काम किया है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। पूरे देश में और पूरे प्रदेश में एक राष्ट्रभक्ति का माहौल बना हुआ है, लोग तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कहा यह हमारी तिरंगा यात्रा भारत माता के प्रति प्रेमए स्नेहए समर्पण की भावना की अभिव्यक्ति है। इसका मुख्य उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक के दिल में राष्ट्र के प्रति प्रेमए सेवाए कर्तव्यनिष्ठा की भावना जागृत करना है।

## सघन एचआईवी जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने बताया कि एचआईवी के प्रति सही जानकारी ही बचाव की पहली कड़ी है। अभियान का उद्देश्य आमजन को जांच एवं उपचार सेवाओं से जोड़ने के साथ एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति सम्मानजनक एवं भेदभाव रहित व्यवहार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य के साथ आज अंर्तराष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक सघन एचआईवी जागरूकता अभियान की शुरूआत साईकिल जागरूकता रैली निकाल कर की गई। इस मौके पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चटर्जी ने कहा कि एचआईवी के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करए युवाओं एवं आमजन तक सही और वैज्ञानिक जानकारी पहुंचाना इस अभियान की प्रमुख प्राथमिकता है।

# विधि के समक्ष सभी एक समान : न्यायिक मजिस्ट्रेट

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उषाकांता कृषाण के मार्गदर्शन में रामकुमार उमा विद्यालय दमोह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्कर्ष दिवाकर, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, दिनेश कुमार असाटी, शिक्षक विजय सिंह सोलंकी के साथ अन्य शिक्षकगण एवं छात्र उपस्थित रहे। शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्कर्ष दिवाकर ने छात्रों को संविधान में वर्णित मूल अधिकार एवं कर्त्तव्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए विधि के समक्ष समता एवं विधि का समान संरक्षण, जातिगत भेदए शिक्षा का अधिकार एवं अन्य स्वतंत्रता के संबंध में बताया गया कि सभी वर्ग के व्यक्ति विधि के समक्ष समान होते है जैसे एक निर्धन व्यक्ति एवं एक सम्पन्न व्यक्ति दोनों के द्वारा कोई अपराध किया जाता है तो विधि में दोनों वर्गों के व्यक्तियों के प्रकरण मे न्यायालय द्वारा एक समान दण्ड से दंडित किया जाता है।

# बासमती और गेहूं के स्वाद से दुनिया में बन रही है रायसेन की पहचान

## मुख्यमंत्री ने रायसेन में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली किया संबोधित



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रायसेन के किसानों की मेहनत ग्लोबल मार्केट में धूम मचा रही है। यहां के बासमती चावल की डिमांड आज दुनिया के 47 देशों में है। पिछले वर्ष लगभग 1800 करोड़ रुपये का बासमती निर्यात हुआ है। दुनिया रायसेन को सांची, भीमबेटका और भोजपुर से ही नहीं बल्कि बासमती और गेहूं के स्वाद से भी जानने लगी है। यह भी प्रसन्नता विषय है कि रायसेन के किसान पारंपरिक फसलों से हटकर अब बड़े पैमाने पर फलों और सब्जियों की खेती भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रायसेन में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। पूर्व मंत्री सुरेन्द्र पटवा तथा अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले समय में केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का लाभ रायसेन को मिलने जा रहा है, जिससे सिंचाई क्षमता में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी होगी। किसानों के खेत हमारे लिए देवस्थल और उनका दाना-दाना हमारे लिए प्रसाद के समान है। बीज से लेकर बाजार तक सरकार किसानों के साथ है। किसानों को बिना किसी ब्याज के जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण मिलता रहेगा। ऋण चुकाने के लिए पूरे एक साल का समय मिलेगा। सहकारी खातों की पुरानी गड़बड़ियां दूर कर हजारों किसानों को ऋण और योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। मूंग और उड़द का उपार्जन जारी है। एमएसपी और बोनस के साथ रिकॉर्ड 104 लाख मीट्रिक टन गेहूं किसानों से खरीदा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों को प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग से जोड़ा जा रहा है। हम फूड पार्क, कोल्ड चेन एवं कृषि प्रसंस्करण अवसंरचना के विस्तार से कृषि उत्पादों की वैल्यू चेन मजबूत कर रहे हैं। तकनीक, नवाचार से उत्पादन और किसान आमदनी बढ़ाने के प्रयास जारी है। दुग्ध उत्पादन को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। हर जिले में एक आधुनिक मत्स्य हैचरी विकसित की जाएगी।

***विकसित हो रही सड़क परियोजनाओं का लाभ***- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों से अपील की है कि खेती की जमीन को किसी को न बेचें। उन्होंने कहा कि भोपाल के आस-पास विकसित हो रही सड़क परियोजनाओं का लाभ, रायसेन जिले को मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बलराम कृषि महोत्सव में संचालित गतिविधियों का हर संभव लाभ उठाने का कृषकों से आहवान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हरियाली तीज, स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन और जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। रायसेन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, पूर्वमंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं खुशीराम दहायत उम्र 37 वर्ष आत्मज कालूराम निवासी हरपालपुरा तह. पटेरा जिला दमोह (म.प्र.) शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरी पुत्री नीति दहायत उम्र 12 वर्ष शैक्षणिक रिकार्ड एव जन्म प्रमाण में उसका नाम नीति दहायत लिखा है। यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम नियति दहायत लिखा है जो उसका चालू नाम है जो घर पर लिया जाता है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम नियति दहायत के स्थान पर नीति दहायत करवाना चाहता हूं। यह कि उपरोक्त संशोधन करवाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

**पश्चिम मध्य रेल**

विद्युत विभागःकर्षण-वितरण शाखा
ई-निविदा सूचना
एन.आई.टी.नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2026-12, दिनांक : 07.08.2026

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते है। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई.नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए। **कार्य का नाम :** जबलपुर डिवीजन में 2 साल के लिए पावर सप्लाई इंस्टॉलेशन रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग।, **कार्य स्थान :** जबलपुर मण्डल, **कार्य की अवधि :** 24 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू) :** रुपये 6,67,39,034.08/- (रुपये छह करोड़ सड़सठ लाख उन्तालीस हजार चौंतीस और आठ पैसे मात्र), **बयाना राशि :** रुपये : 13,34,800.00/-, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय :** 31.08.2026 (15:00 बजे)/31.08.2026 (15:30 बजे), **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेब साईट :** https/www.ireps.gov.in, निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर आन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वाइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

(हस्ता.)
वरि.मं.वि.इंजी./क.वि./जबल
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा रैली

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** सीसीआरटी क्षेत्रीय केंद्र दमोह संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत आज



शासकीय हाई स्कूलए हृदयपुर में भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। आयोजन में लगभग 1000 विद्यार्थियों, शिक्षकों, कलाकारों एवं नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिपं अध्यक्ष रंजीता पटेल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाव सिंह लोधी वीरांगना रानी अवंती बाई हाई स्कूल द्वारा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र दुबे, नरेंद्र बजाज, नन्हे सिंह, अमर सिंह, महाराज सिंह लोधी, विक्रम सिंह दांगी, प्राचार्य आलोक सोनवलकर सहित अन्य गणमान्य अतिथियों एवं सीसीआरटी क्षेत्रीय केंद्र के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। रैली में 11 राज्यों से आए 59 शिक्षक प्रतिभागियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता कर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग 10 रांझी नगर निगम**
पत्रांक.स.अधि/10/एम/82/2026-27
दिनांक 12/8/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

श्री/श्रीमती नरेन्द्र सिंह रहसी पिता/पति सर. भाग सिंह भवन भूखंड खसरा नं. 2404 पिन नं. 1000587411 वार्ड क्रमांक 69 वार्ड का नाम चन्द्रशेखर आजाद के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि के अनुसार) श्री/श्रीमती संसार कौर पिता/पति स्व. गुरुदास सिंह के स्थान पर क्षेत्रफल भूमि 2700 भूतल 1619 प्रथम तल 1586 आरसीसी द्वितीय तल/तृतीय तल/ विक्रय पत्र/दान पत्र/पंजीयन बंटवारानामा/हक़ त्याग पत्र / रिलीज डीड/वसीयत नाम/शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमतिशपथ पत्र / नजूल विक्रय पत्र / नोटराइज़ विक्रय पत्र / इकरार नामा/अनुबंध पत्र/आधार कार्ड/ नोटरी बंटवारा नामा/पारिवारिक व्यवस्था पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान न. पर नामान्तरण हेतु / शास. नजूल भूमि/भवन में काबिज नामान्तरण हेतु आवेदन दिया गया है। जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति है तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग 10 रांझी में प्रमाण पत्र सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग 10 रांझी नगर निगम**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र . 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र. / सं.क्र. 11/2026-27/91 दिनांक 7-8-26,

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति अंजली यादव पति श्री अंकित यादव वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक ख.नं. 314/4 प्लाट नं. 94 पानी की टंकी के पास चग्गर फार्म तिलहरी
सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002367379 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1321 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1000 वर्गफुट निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री हेमन्त कुमार मूलचंदानी पिता श्री परसराम मूलचंदानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र . 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र. / सं.क्र. 11/2026-27/76 दिनांक 6-8-2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री (1) जयप्रकाश कुमार पिता रामाशीष सिंह पिता (2) श्रीमति आरती देवी पति जयप्रकाश कुमार ने वार्ड क्रमांक. 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मीबाई के भवन क्रमांक म.नं. 64 माँ नर्मदा फेस-2, सिटी होम्स, कजरवारा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1002998285 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 690 वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 600 वर्गफुट प्रथम तल 600 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज (1) श्री कोमल यशपाल मेश्राम पति यशपाल घनश्याम मेश्राम (2) यशपाल घनश्याम मेश्राम पिता घनश्याम मारोती मेश्राम का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र . 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र. / सं.क्र. 11/2026-27/92
दिनांक 7-8-2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री के. एस. सर्रादीप पिता श्री ससीधरण के. वी. ने वार्ड क्र. 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्र. चतुर्थ तल फ्लैट नं. 16 शिविर गार्डन तिलहरी आकांक्षा रेसीडेन्सी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000379961 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल वर्गफुट जिस पर निर्मित चतुर्थ तल 700 वर्गफुट आरसीसी पक्का वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री एम. बी. प्रदीप कुमार पिता श्री भास्करन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र . 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र. / सं.क्र. 11/2026-27/90
दिनांक 7-8-2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शंभू यादव पिता श्री स्व. भोलानाथ यादव ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मीबाई के भवन क्रमांक 2697/3 ए टिम्बरी फैक्ट्री के सामने पिगरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000389904 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल Nil वर्गफुट जिस पर निर्मित भूतल 1540 वर्गफुट कच्चा, 403 वर्गफुट आरसीसी पक्का, 518 वर्गफुट सीमेन्ट टीन पर निम्न दस्तावेज शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री स्व. भोलानाथ यादव पिता स्व. श्री गहरु प्रसाद यादव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**



**पनागर थाना क्षेत्र की घटना, जांच में जुटी पुलिस**

## सांप के काटने से महिला की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर थाने में दादूराम कोल उम्र 60 वर्ष निवासी नरगवां ने सूचना देकर बताया कि उसकी बहू सोनिया बच्चों के साथ कमरे में थी। अचानक बहू सोनिया चिल्लाते हुये बाहर निकली बतायी कि सांप ने काट लिया है। वह अंदर जाकर देखा काला सांप दीवार की दरार से बाहर भाग गया, उसने देखा बहू सोनिया के दाहिने पैर में घुटना के पास सर्प के काटने के निशान बना था। सोनिया को उपचार हेतु पनागर अस्पताल लेकर आये जहां से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

**पनागर थाना क्षेत्र का मामला, चोरों की तलाश में पुलिस**

## ट्रैक्टर ट्राली लेकर चंपत हुए चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर थाने मुकेश कुमार पटेल उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम इमलई ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह ड्रायवरी करता है। वह अपने प्लाट के बाहर ट्रैक्टर ट्राली राजेन्द्र सेन के घर के सामने खड़ा करके सतना में पत्नी का इलाज कराने चला गया था। वापस लौटकर आया तो देखा कीउसका ट्रैक्टर मौके पर नहीं था। उसने सोचा छोटा भाई लेकर गया होगा। भाई संदीप पटेल से पूछने पर ट्रैक्टर नहीं ले जाना बताया गया। उसने गांव के आसपास ट्रैक्टर ट्राली की तलाश की पता नहीं चला। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।





# जबलपुर-मंडला रोड़ पर तेज रफ्तार ट्रक ने मचाया कोहराम, 2 युवकों की मौत

### बरेला थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी चालक हुआ फरार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)





बरेला थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर-मंडला रोड पर गुरूवार को एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार 2 युवकों को बुरी तरह कुचल दिया। बताया जा रहा है कि हादसा इतना भयावह था कि युवकों के शव क्षत-विक्षत हो गए और शरीर के हिस्से पूरी सड़क पर फैल गए। जबकि कार चालक बुरी तरह घायल हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही बरेला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल कार चालक को इलाज के लिए जबलपुर रेफर कराया।

***मंडला निवासी थे दोनों युवक***- जानकारी के मुताबिक मंडला निवासी 31 वर्षीय राजेश धूमकेतू 25 वर्षीय बलंवत गौठरिया बाइक में सवार होकर गुरूवार शाम दोनों युवक बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच बरेला टोल नाका के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार चालक को बुरी तरह टक्कर मार दी। इसी बीच कार के आगे बाइक से जा रहे युवकों से कार सवार टकरा गया। इधर कार को टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया।

***कार चालक की हालत गंभीर***- इस घटना में कार चालक 25 वर्षीय यश कुमार निवासी मंडला बुरी तरह घायल हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रक और कार की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर के बाद कार बाइक सवारों समेत करीब 200 फीट तक घिसटती चली गई। हादसे में कार को भी काफी नुकसान पहुंचा है। बहरहाल पुलिस ने शवों को पीएम के लिए भिजवाते हुए फरार आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# डी मार्ट से 1.40 लाख रूपए का घी जब्त, पिज्जा सेंटरों पर भी पड़ा छापा

### खाद्य विभाग की ताबड़तोड़ कार्यवाही

### जांच के लिए भेजे गए नमूने

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन भोपाल तथा जिला कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने बुधवार की रात से लेकर गुरूवार को शहर स्थित मल्टी ब्रांड स्टोर्स और पिज्जा सेंटर्स का औचक निरीक्षण कर मिलावट की आशंका पर 215 किलो घी और 25 किलो पनीर जप्त किया है। जप्त किये गये घी की कीमत 1 लाख 54 हजार रूपये बताई गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित गुप्ता ने बताया कि निरीक्षण के दौरान डी मार्ट के तिलहरी और विजय नगर स्थित स्टोर्स से मिलावट की आशंका पर 200 किलो श्रीधी घी जब्त किया है तथा परीक्षण हेतु नमूने लिये गये हैं। जब्त घी की कीमत 1 लाख 40हजार रूपये है।

***इन प्रतिष्ठानों पर भी पड़ा छापा***- खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने ग्वारीघाट स्थित डोमिनोज पिज्जा एवं रसल चौक स्थित डोमिनोज पिज्जा का भी निरीक्षण कर पनीर के नमूने लिए गए। इसी प्रकार सिविक सेंटर स्थित गोविंदा पिज्जा सेंटर से भी पनीर का नमूना लिया गया। इसके अतिरिक्त तिलहरी स्थित ब्लिंकिट स्टोर से 14 हजार रूपये कीमत का 15 लीटर गोवर्धन काऊ घी की जब्त किया गया तथा निवाडगंज स्थित शिवम डेयरी से संदेह के आधार पर 25 किलो पनीर जब्त किया गया और पनीर एवं घी के नमूने लिये गये। इसी क्रम में विजय नगर स्थित राजा डेयरी से भी पनीर का नमूना लिया गया। निरीक्षण के दौरान लिये गये सभी नमूने जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं।जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।




# ताज जादूगर महोत्सव में सम्मानित हुए जादूगर एसके निगम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मथुरा में आयोजित ताज जादूगर महोत्सव में ख्याति प्राप्त जादूगर एसके निगम को उनके 60 वर्षों के जादू कला के योगदान, सामाजिक कार्यों, आध्यात्मिक संलिप्तता और सांस्कृतिक आयोजनों में अविस्मरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। देश की प्रतिष्ठित जादू संस्था ताज मैजिक सोसाइटी द्वारा आयोजित इस महोत्सव में करीब 200 जादूगरों की उपस्थिति में जादूगर एसके निगम को शॉल, श्रीफल, अवार्ड, माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक एवं मायावी दुनिया के संस्थापक जादूगर प्रहलाद राय के मार्गदर्शन में आयोजित महोत्सव में दिल्ली के जादूगर राजकुमार, अजमेर के जादूगर, बीकानेर के जादूगर मनोज कौशिक, ख्याति प्राप्त जादूगर ओ.पी. शर्मा, ख्याति प्राप्त जादूगर अजूबा, ताज मैजिक सोसाइटी के पदाधिकारी अखिलेश जायसवाल, जितेंद्र बघेल तथा उड़ीसा के जादूगर पई और संजीव सहित अनेक जादूगर उपस्थित रहे। महोत्सव में देश के चुने हुए जादूगरों ने अपनी जादू कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जादूगर एसके निगम का जादू कला पर व्याख्यान भी आयोजित किया गया। जादूगर एसके निगम को यह सम्मान ताज मैजिक फेस्टिवल द्वारा जादू कला के क्षेत्र में उनके छह दशक के योगदान के साथ सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में किए गए कार्यों के लिए प्रदान किया गया। सम्मान मिलने पर गुंजन कला सदन के विजय जायसवाल, राजेश पाठक, सैम सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्यों तथा जादू अकादमी के सदस्यों ने जादूगर एसके निगम को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने सौंपा ज्ञापन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन द्वारा कलेक्टर के नाम 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि 15 अगस्त अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारियों का सम्मान जिला कलेक्टर के द्वारा किया जाता था, जो कि पिछले कुछ वर्षों से नहीं हो रहा है । जिसके कारण उत्तराधिकारी वंशजों में काफी रोष है। जिला अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्वंतत्रता संग्राम सैनानी उत्तराधिकारी वंशजों को न बुलाकर अपमानित किया जा रहा है। ज्ञापन देते समय शहर जिला अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ, ग्रामीण अध्यक्ष नारायण शर्मा, प्रदेश सचिव निर्मलचंद जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज नामदेव, संगठन मंत्री पवन बमबम सोनी, प्रकाशचंद गोल्छा, जिला प्रभारी केशव प्रसाद चौरसिया, आशा मालवीय, अशोक यादव आदि उपस्थित रहे।

### टिकिट चैकिंग से जबलपुर मंडल ने कमाया करोड़ों का राजस्व

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के चार माह (1 अप्रैल 2026 से 31 जुलाई 2026) के दौरान वाणिज्य विभाग की टीम ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए कुल 3 लाख 13 हजार से अधिक अनियमित, बिना टिकट एवं अनबुक्ड लगेज यात्रियों को पकड़ा, जिनसे कुल 27 करोड़ 92 लाख रुपये से अधिक का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के प्रभावी मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में टिकट चेकिंग स्टाफ एवं वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं यात्री गाड़ियों में निरंतर और लक्षित जांच अभियान चलाए गए।

# हत्या के मामले में 4 आरोपियों को मिली उम्रकैद की सजा



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। अधारताल थाना क्षेत्र में युवक की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश केके मिश्रा की अदालत ने चार आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने प्रत्येक आरोपी पर 50-50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इसके अलावा भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 के अपराध में आरोपियों को दो माह के सश्रम कारावास और एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन के अनुसार घटना 9 जून 2025 की है। फरियादी राज कोल अपने दोस्त साहिल कोल के साथ स्वास्तिक अस्पताल गया था। वहां उसे जानकारी मिली कि साहिल के पिता का मोहल्ले में विवाद हुआ है। इसके बाद वह साहिल और उसके पिता के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने थाने जाने की तैयारी में था। साहिल के कहने पर राज अपने घर का दरवाजा बंद करने गया। वापस लौटते समय साहिल के घर के पास उसे गोविंद कोल, बेटू उर्फ सौरभ कोल, प्राशु उर्फ सुबोध कोल और राजन उर्फ राजेंद्र कोल मिले। अभियोजन के मुताबिक आरोपियों ने राज के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर गोविंद कोल ने कथित तौर पर लोहे के पाइप से उसके सिर पर हमला किया, जिससे गंभीर चोट आई और खून निकलने लगा। वहीं अन्य आरोपियों ने भी हाथ-मुक्कों से मारपीट की। अधारताल थाने में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस जांच के दौरान घायल राज उर्फ साहिल कोल की 15 जून 2025 को इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) यानी हत्या की धारा बढ़ाई गई। विवेचना पूरी होने के बाद अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक वर्षा वैध ने अभियोजन की ओर से सशक्त पैरवी की। अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने चारों आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुना दी।



### पावर जनरेटिंग कंपनी के 101 कार्मिकों ने किया रक्तदान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को एक सार्थक पहल में बदलते हुए मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रामपुर स्थित एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी चिकित्सालय में आयोजित इस शिविर में पावर जनरेटिंग कंपनी के 101 कार्मिकों ने रक्तदान कर अपना योगदान दिया। शिविर की विशेषता यह रही कि कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने स्वयं रक्तदान कर पहल का नेतृत्व किया। उनके साथ डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर और कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं प्रशासन दीपक कश्यप सहित वरिष्ठ अभियंताओं एवं कार्मिकों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

# कुलगुरु के सामने कर्मचारियों ने छात्रों को पीटा, वीडियो हुआ वायरल

### रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का मामला, जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) में गुरुवार को कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा के सामने कर्मचारियों ने छात्रों और छात्र नेताओं की जमकर पीटाई कर दी। इस दौरान कर्मचारियों ने 10-15 लातें मारीं, थप्पड़ जड़े और प्राइवेट पार्ट पर भी हमला किया। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो भी सामने आया है। छात्रों ने आरोप लगाते हुए बताया कि कुलगुरु से मिलकर छात्रों की समस्याओं को बताने आए थे, लेकिन कर्मचारियों ने कुलगुरु के सामने ही गुंडागर्दी की और गालियां दी गई। इसके बाद छात्रों को घेरकर पीटा गया। इस दौरान कुलपति ने कर्मचारियों को रोका तक नहीं। घटना के बाद दोनों पक्षों ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है।



### अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे छात्र

बताया जा रहा है कि एमपीएसयू अध्यक्ष अभिषेक पांडे कुछ छात्राओं के साथ कुलपति प्रो. राजेश वर्मा से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने छात्र अंकुर जैन की डिग्री से जुड़ी समस्या कुलपति के सामने रखी। कुलपति से बातचीत के बाद छात्र नेता बाहर निकल आए। तभी विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर कर्मचारी 36 सूत्रीय मांगों को लेकर पहले से धरने पर बैठे थे। इस दौरान कर्मचारियों ने उनसे आंदोलन को समर्थन देने की बात कही। इसके बाद उन्होंने माइक से कर्मचारियों की मांगों पर जल्द विचार करने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं ने कुलपति की शैक्षणिक योग्यता और महिला अधिकारी से अभद्रता से जुड़े न्यायालय में विचाराधीन मामलों का हवाला दिया। उन्होंने कुलपति से इस्तीफे की मांग की। इसी दौरान कुलपति के साथ मौजूद कर्मचारियों और छात्र नेताओं के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

### दोनों पक्षों ने दर्ज कराई शिकायत

मारपीट के दौरान धरने पर बैठे कुछ कर्मचारियों ने भी घटना का विरोध किया। उन्होंने छात्र नेताओं के साथ हो रही मारपीट रोकने और बीच-बचाव करने का प्रयास किया। हालांकि, तब तक विवाद काफी बढ़ चुका था। घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मारपीट के बाद छात्र नेता सिविल लाइन थाने पहुंचे और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत दी। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों और सामने आए वीडियो फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### निरस्त रहेगी अहमदाबाद-पटना स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे से संचालित गाड़ी संख्या 09447/09448 अहमदाबाद-पटना-अहमदाबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को 1-1 फेरे विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के कोटा स्टेशन से होकर गुजर रही है। यह स्पेशल ट्रेन विस्तारित अवधि के दौरान अपने निर्धारित तिथि, ठहराव, समय-सारणी एवं कोच सरंचना के अनुसार ही चलेंगी। ट्रेन संख्या 09447 अहमदाबाद-पटना साप्ताहिक (बुधवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 12 अगस्त तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 19 अगस्त तक और चलती रहेगी। ट्रेन संख्या 09448 पटना-अहमदाबाद साप्ताहिक (शुक्रवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 14 अगस्त 2026 तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 21 अगस्त तक और चलती रहेगी।




हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**